हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची ● सोमवार ● 03.11.2025 ● वर्ष : 16 ● अंक : 98 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## एक नजर

### ज्ञानेश कुमार आईआईटी कानपुर में डिस्टिंग्विश्ड एलुमनाई अवॉर्ड से सम्मानित

**नयी दिल्ली** : मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को रविवार को आईआईटी कानपुर में 66वें फाउंडेशन डे के मौके पर इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) कानपुर ने डिस्टिंग्विश्ड एलुमनाई अवॉर्ड (डीएए) से सम्मानित किया। दरअसल, डिस्टिंग्विश्ड एलुमनाई अवॉर्ड (डीएए) 1989 में शुरू हुआ था। यह आईआईटी कानपुर का अपने एलुमनाई (पूर्व छात्र) को उनकी शानदार उपलब्धियों के लिए दिया जाने वाला सबसे बड़ा अवॉर्ड है। पिछले पाने वालों की लिस्ट में एकेडमिक एक्सीलेंस, एंटरप्रेन्योरियल एक्सीलेंस, प्रोफेशनल एक्सीलेंस और देश की सेवा जैसे क्षेत्रों के जाने-माने नाम शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार आईआईटी कानपुर के छात्र रह चुके हैं। उन्होंने साल 1985 में सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक की डिग्री ली थी।

### इसरो ने 'बाहुबली' रॉकेट अंतरिक्ष में भेजा

**नयी दिल्ली** : भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने रविवार को सबसे भारी 'बाहुबली' रॉकेट जीसैट-7 लॉन्च करके इतिहास रचा दिया। श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन केंद्र से अंतरिक्ष में भेजा गया यह उपग्रह भारतीय नौसेना के लिए बहुत खास है। स्वदेश में डिजाइन और विकसित इस उपग्रह से न केवल समुद्री इलाकों में संचार सुविधा मिलेगी, बल्कि अंतरिक्ष में नौसेना के लिए तीसरी आंख का काम करेगा। इसरो ने आज शाम को निर्धारित 5.26 बजे अपना अब तक का सबसे भारी सैटेलाइट सीएमएस-03 देश को जमीन से लॉन्च कर दिया। यह सैटेलाइट 4410 किलो वजन का है और इसे एलवीएम3-एम5 रॉकेट के माध्यम से गेसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) में भेजा गया है। यह भारत के लिए एक अहम उपग्रह माना जा रहा है, क्योंकि ऑपरेशन 'सिंदूर' जैसे महत्वपूर्ण अभियानों से सीखे गए सबकों को इससे मजबूती मिलेगी।

# बिहार में फिर एनडीए सरकार बनी तो एक करोड़ युवाओं को मिलेंगे रोजगार : मोदी




एजेंसी

**नवादा** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि अगर बिहार में फिर से एनडीए की सरकार बनती है तो एक करोड़ युवाओं को रोजगार मिलेंगे। उद्योग धंधों का जाल बिछाया जाएगा। वे रविवार को नवादा के कुंती नगर के मैदान में आयोजित एक माहती जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री मोदी ने मंच पर उपस्थित सभी एनडीए प्रत्याशियों को जीताने का आह्वान करते हुए कहा कि कांग्रेस तथा राष्ट्रीय जनता दल फिर से बिहार को जंगल राज की स्थिति में धकेलना चाहते हैं। जिससे बिहारवासी सतर्क होकर एनडीए को वोट दें। उन्होंने बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ श्री कृष्णा सिंह की जन्मस्थली नवादा बताते हुए कहा कि आज बिहार उनके विकास को नहीं भूल सकता। उन्होंने कहा कि कृषि एनडीए सरकार बनी तो बिहार में उद्योगों का जाल बिछाया जाएगा। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाकर एक ऐतिहासिक कार्य किया है। ऑपरेशन सिंदूर कर उन्होंने विरोधियों को घर में घुसकर मारा है। जिसका वादा हमने पहले भी किया था। मोदी पाल-पाल वादा निभाना जानता है।

उन्होंने कहा कि विकसित बिहार के संकल्पों को पूरा करने के लिए एक जुट होकर एनडीए को वोट दें। ताकि जंगल राज की स्थापना बिहार में नहीं हो सके। उन्होंने कहां की जंगल राज के समय बिहार में नरसंहारों का दौर चल रहा था। आम आदमी घर से निकलने में भी डरते थे। लेकिन एनडीए सरकार ने सुशासन की स्थापना की है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर, बाबू जगजीवन राम तथा सीताराम केसरी को अपमानित किया है। लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने अपने पुरखों को सदा सम्मानित किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 60 लाख परिवारों को पक्का मकान दिया गया है। सेनाओं को वन रैंक वन पेंशन के तहत पूर्व सैनिकों को एक लाख करोड रुपए दिए जा चुके हैं।

उन्होंने कहा कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लघु उद्योगों तथा कुटीर उद्योगों का भी जाल बिछाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार में टेक्सटाइल और टूरिज्म का बड़ा केंद्र बनाया जाएगा। ताकि युवाओं को रोजगार मिल पाए।

## पटना में पीएम मोदी का रोड शो लोगों ने घरों की छतों से बरसाये फूल



**पटना** : पटना में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशाल और भव्य रोड शो किया, जो दिनकर गोलंबर से शुरू होकर उद्योग भवन तक पहुंचा। यह रोड शो करीब 3 किलोमीटर लंबा रहा, इस दौरान हजारों की संख्या में लोगों ने अपने अपने घरों के छत से फूल बरसा रहे थे और महिलाएं आरती उतार रही थी। इस दौरान शहर के कई हिस्सों में ट्रैफिक प्रतिबंध लगाए गए थे। रोड शो का उद्देश्य पटना की 14 विधानसभा सीटों के मतदाताओं को सीधा प्रभावित करना हैं। पीएम मोदी फूलों से सजी गाड़ी पर सवार होकर जनता से एनडीए के पक्ष में वोट देने की अपील कर रहे थे। पटना के 6 विधानसभा पटना साहिब, कुम्हरार, दानापुर, दीघा, बांकीपुर और फुलवारी के उम्मीदवार एक-एक कर उनके साथ गाड़ी पर सवार थे।

बोकारो जिला के चन्द्रपुरा स्थित अलारगो गांव पहुंचे मुख्यमंत्री

## नेमनारायण महतो को दी श्रद्धांजलि, ब्रह्मभोज में हुए शामिल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन रविवार पूर्व मंत्री स्व० जगरनाथ महतो के चन्द्रपुरा प्रखंड, अलारगो गांव स्थित आवास पहुंचे। मुख्यमंत्री यहां पूर्व मंत्री स्व० जगरनाथ महतो के पिता एवं पूर्व मंत्री बेबी देवी के ससुर दिवंगत नेमनारायण महतो जी के "ब्रह्मभोज" कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने स्मृति शेष-स्व० नेमनारायण महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने मरांग बुरु से दिवगंत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिजनों को इस दुःख की घड़ी को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने पूर्व मंत्री बेबी देवी एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की तथा उन्हें सांत्वना दी। विदित हो कि विगत 21 अक्टूबर 2025 को पूर्व मंत्री स्व० जगरनाथ महतो के पिता एवं पूर्व मंत्री बेबी देवी के ससुर नेमनारायण महतो का निधन हो गया था, वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## दुलारचंद हत्याकांड में गिरफ्तार अनंत सिंह 14 दिन की न्यायिक हिरासत में

**पटना** : बिहार के मोकामा में जन सुराज पार्टी के समर्थक दुलारचंद यादव की हत्या के मामले में गिरफ्तारी के कुछ ही घंटों बाद जदयू के नेता और मोकामा से पार्टी के उम्मीदवार अनंत सिंह को रविवार को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जन सुराज उम्मीदवार पीयूष प्रियदर्शी के समर्थक और राजद के नेता दुलारचंद यादव की बीते गुरुवार को हत्या की दी गई थी। इस हत्याकांड में दुलारचंद यादव के परिजनों ने अनंत सिंह और उनके समर्थकों पर हत्या का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था। इसी मामले में शनिवार की देर रात अनंत सिंह को उनके गांव से उनके दो साथियों के साथ गिरफ्तार किया गया था।

## भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु की मिट्टी से छत्तीसगढ़ में बनेगी धरती आबा की प्रतिमा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी** : भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु की मिट्टी अब झारखंड और छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक एकता का नया अध्याय लिखने जा रही है। भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु की मिट्टी से छत्तीसगढ़ में धरती आबा की प्रतिमा बनेगी। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के दरीर्पारा, कुसमी में बिरसा मुंडा की भव्य प्रतिमा स्थापित करने की तैयारी शुरू हो गई है, जिसके लिए उलिहातु से लाई गई



मिट्टी की पूजा-अर्चना कर विधिवत स्वागत किया गया। यह पूरा आयोजन बिरसा मुंडा सेवा समिति, दरीर्पारा नगरपंचायत कुसमी की ओर से किया जा रहा है। समिति के सदस्य उलिहातु पहुंचे और भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली से पारंपरिक विधि-विधान के साथ मिट्टी संग्रह किया। मिट्टी को एक कलश में स्थापित कर यात्रा प्रारंभ की गई। शनिवार देर शाम जब यह दल कुसमी के दरीर्पारा पहुंचा, तो ग्रामीणों ने पारंपरिक आदिवासी वाद्ययंत्रों और रीति-रिवाजों के साथ उनका भव्य स्वागत किया।

## महिला विश्व कप : भारत ने द. अफ्रीका को 299 रनों का दिया लक्ष्य

एजेंसी

**मुंबई** : महिला विश्व कप 2025 का फाइनल मुकाबला नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला जा रहा है। भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीमें आमने-सामने हैं। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। भारत ने 50 ओवर के खेल के बाद सात विकेट गंवाकर 298 रन बनाए और दक्षिण अफ्रीका के सामने 299 रन का लक्ष्य रखा है। खिताब जीतने के लिए भारत को 298 रन बचाने होंगे। भारत की ओर से दीप्ति शर्मा और शेफाली वर्मा ने अर्धशतकीय पारी खेली। एक वक्त ऐसा लग रहा



था कि भारतीय टीम 350 के स्कोर तक पहुंच जाएगी, लेकिन मध्यक्रम में विकेट गिरने और धीमी बल्लेबाजी से ऐसा नहीं हो सका और भारतीय टीम 300 के करीब ही पहुंच पाई। यह महिला वनडे विश्व कप फाइनल का दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्कोर और भारत का विश्व कप फाइनल का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। इस मामले में ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर है। उसने 2022 विश्व कप फाइनल में पांच विकेट पर 356 का स्कोर बनाया था। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका को रिकॉर्ड चेज करना होगा। इससे पहले कभी महिला विश्व कप फाइनल में इतना बड़ा स्कोर चेज नहीं हुआ है।

भारत की ओर से दीप्ति शर्मा ने 58 रन और शेफाली ने 87 रन की पारी खेली। इसके अलावा स्मृति मंधाना ने 45 रन बनाए। वहीं, ऋचा घोष ने 24 गेंद में 34 रन की तूफानी पारी खेली। जेमिमा रॉड्रिग्स 24 रन और कप्तान हरमनप्रीत कौर 20 रन बनाकर आउट हुईं। वहीं, अमनजोत कौर ने 12 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका की ओर से अयाबोंगा खाका ने तीन विकेट लिए। वहीं, मलाबा, डी क्लर्क और क्लो ट्रायोन को एक-एक विकेट मिला।




# विधायक ने किया दौरवा-कुंडवा मुख्य मार्ग के पथ निर्माण का शिलान्यास

प्रत्युष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने रविवार को मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत दौरवा-कुंडवा मुख्य मार्ग के बासुदेव के दुकान से जगदीश उरांव के घर तक 1.650 किलोमीटर पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इससे पहले ग्रामीणों ने विधायक का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। जिसके बाद विधायक श्री यादव ने नारियल फोड़कर शिलापट्ट का अनावरण किया। इस सड़क के निर्माण से ग्रामीणों, विद्यार्थियों और जतरा मेला आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलेगी। बीते दिनों हुई भारी बारिश से क्षेत्र की स्थिति को देखते हुए विधायक ने तुरंत अनुशंसा कर सड़क निर्माण की स्वीकृति दिलाई। यह मार्ग न केवल आदिवासी जतरा मेला स्थल को जोड़ता है, बल्कि दौरवा, कुंडवा और पांचमाइल के सैकड़ों ग्रामीणों का दैनिक आवागमन इसी रास्ते से होता है। अब तक खराब सड़क के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था, विशेषकर स्कूली बच्चों और मरीजों को भारी परेशानी होती थी। विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क ही विकास की सबसे बड़ी कड़ी होती है। यह सड़क बन जाने से क्षेत्रवासियों को न केवल सुगम आवागमन मिलेगा, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसर भी सुलभ होंगे। हमारी प्राथमिकता है कि बरही प्रखंड के हर गांव तक पक्की सड़क पहुंचे। जनता की सुविधा के लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं। मौके पर विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, प्रमुख मनोज रजक,स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि खिरोधर यादव, उपमुखिया रोहित यादव, वार्ड सदस्य मोनी टोप्पो, सेवानिवृत्त रेंजर दिलीप एक्का, पूर्व उपमुखिया प्रतिनिधि जगदीश उरांव, सोमर उरांव, वरिष्ठ समाजसेवी परमेश्वर यादव, अरुण कुमार सिंह, अरुण प्रजापति, अशोक बाड़ा, गुलेंद्र यादव, रामप्रवेश यादव, प्रकाश यादव, शिवकुमार प्रसाद, महेश यादव, तुलसी यादव, दिनेश यादव, दयानंद यादव, उमेश राम, राजेंद्र यादव, बुधन उरांव, कैलाश पंडित, राजेश यादव, प्रदीप पासवान, महादेव बाड़ा, जगदीश मेहता, राहुल यादव, हीरालाल यादव, संतोष मेहता, प्रदीप यादव सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।




## एक नजर

### कम्पलेन के केश फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने इश्तहार चिपकाया



**बरही :** बरही थाना क्षेत्र के धनवार गांव में पुलिस ने रविवार को कंप्लेन केश संख्या 1737/24 में फरार चल रहे अभियुक्त के घर ढोल बजाकर न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तेहार चिपकाया। इस सम्बंध में बरही थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि उक्त कांड में फरार चल रहे धनवार गांव के अभियुक्त मो इजहार मियां के पुत्र अब्दुल कलाम के घर पर ढोल नगाड़े बजाकर इश्तेहार चिपकाया गया है। इश्तहार चिपकाने में बरही थाना के एसआई दीपक कुमार सहित कई पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत, शव का नहीं हो सका पहचान

**बरही :** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत करियातपुर नईटांड़ के नजदीक अहले सुबह हुई दर्दनाक सड़क हादसा में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जिसकी सूचना पाकर बरही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। इधर मृतक का कोई पहचान नहीं हो सका है, पोस्टमार्टम के बाद बरही पुलिस ने शव को हजारीबाग शीतगृह भेज दिया है। इस संबंध में बरही थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि स्थानीय लोगों के अनुसार मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त था, और इधर - उधर मांग कर अपना जीवन यापन करता था।

### चलकुशा में सूयोर्पासना के बड़का पर्व का धूमधाम से समापन



**चलकुशा :** चलकुशा में सूयोर्पासना का पर्व बड़का पर्व" का समापन रविवार को राजा तालाब में संध्या संध्या अर्घ्य देकर धूमधाम से हुआ । बड़का पर्व झारखंड और आसपास के क्षेत्रों में मनाया जाने वाला एक सूयोर्पासना पर्व है, जो छठ पूजा के बाद आने वाले पहले रविवार को मनाया जाता है, जिसमें डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। इसे डालिया पर्व के नाम से भी जाना जाता है और इसकी शुरूआत नहाय-खाय से होती है, जिसके बाद खरना और फिर रविवार को सूर्य को अर्घ्य देकर इसे समाप्त किया जाता है।

### श्याम प्रेमियों ने करियातपुर में मनाया बाबा का जन्मोत्सव



**बरही :** बरही प्रखंड के अंतर्गत करियातपुर में देवउठनी एकादशा के मौके पर श्याम प्रेमियों ने बाबा खाटू श्याम( बर्बरीक) का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया, सर्वप्रथम श्याम भक्तों ने बाबा श्याम की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पूजा पाठ सहित मन्त्रोंचार करते हुये, "हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा" खाटू नरेश की जय, जैसे उद्घोषों से पूरा क्षेत्र श्याममय हो गया,मौके पर दीपक केसरी, प्रदीप केसरी, दीपू केसरी,आशीष केसरी, अमित जायसवाल,सनी जायसवाल, राजेश भगत,अरविंद केसरी, नितेश केसरी, पवन केसरी, प्रिया रानी केसरी, राखी केसरी, पल्लवी केसरी, पायल केसरी, सहित सभी श्याम प्रेमी मौजूद रहे।

# महात्मा गौतम बुद्ध फाउंडेशन के द्वारा किया गया सम्मानित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** मां अंबे दुर्गा पूजा समिति गुरुचट्टी बड़कागांव के द्वारा दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता में सभी प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को महात्मा गौतम बुद्ध फाउंडेशन के द्वारा मेडल और प्रशस्ति पत्र सम्मानित किया गया।झांकी में प्रथम शिवम ग्रुप, डुएट डांस में रोशनी कुमारी एवं शिवम राज, सिंगल डांस में संवि कुमारी, एकल गीत संगीत में शिवम कुमार एवं एकल डांस में खुशी जयसवाल ने अपना परचम लहराया था। इन सभी प्रतिभागी प्रथम स्थान प्राप्त किए हैं उनको कक्षा नर्सरी से कक्षा10 वीं तक इन सभी प्रतिभागियों को जो प्रतिभागी बी.एम. मेमोरियल स्कूल बड़कागांव में पढ़ना चाहेंगे उनका पढ़ाई का खर्च फाउंडेशन के द्वारा दिया जाएगा। इसके अलावा खेलो इंडिया में उसु खेल में राष्ट्रीय मैच में बड़कागांव ग्रुप चट्टी निवासी हुलास प्रसाद कुशवाहा की बेटी दिव्या लक्ष्मी चयन होने पर फाउंडेशन के द्वारा उन्हें भी सम्मानित किया गया। इसके साथ-साथ सामाजिक कार्यों में विशेष कार्य करने के लिए हंटर ग्रुप को भी सम्मानित किया गया।मौके पर ट्रस्टी प्रकाश कुमार, अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, सचिव घनश्याम कुमार, कोषाध्यक्ष अमृत कुमार, संदीप कुशवाहा, संतोष कुमार, अरुण कुमार, अनिल कुमार, धूपन महतो, रविंद्र कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा अर्चना के साथ संपन्न हुआ इतवारी छठ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** लोक आस्था का महापर्व इतवारी छठ रविवार को सूर्य को अर्घ्य देते हुए पूजन अर्चना के साथ शांति एवं सौहार्द पूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया। तीन दिनों तक चलने वाले इस पर्व का शुभारंभ शुक्रवार को नहाय खाय के साथ हुआ। शनिवार को खरना का प्रसाद वितरण किया गया। रविवार को बरही के प्राचीन बरही नदी घाट, विजैया छठ घाट , बराकर नदी घाट सहित दर्जनों नदी घाटों पर सूर्य का अर्घ्य दिया गया। साथ ही सुख समृद्धि की कामना की गई। बरही नदी घाट स्थित सूर्य मंदिर में पंडित दीपक पांडेय द्वारा पूजा अर्चना कराई गई। छठ पूजा समिति के द्वारा पूजा अर्चना की बेहतर व्यवस्था की गई थी। वही बिजैया छठ घाट पर पूर्व जिप प्रतिनिधि मो कयूम ने छठ व्रतियों के सेवा में लगे रहे। बरही की सुख समृद्धि की कामना के लिए उन्होंने भी पूजा अर्चना कार्यक्रम में शामिल हुए। प्राचीन छठ घाट पर काफी भीड़ देखी गई। मौके पर राजसिंह चौहान, शिव शंकर लाल, मुनेश्वर प्रजापति, जोबराज प्रजापति, सोनू केशरी, राज आर्यन उर्फ छोटी, रामदेव साव, संध्या देवी, सुषमा देवी, पनम सिंह, रेखा कुमारी, प्रिया कुमारी, दिव्या कुमारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।



# परेवातरी में भव्य शिव हनुमान मंदिर निर्माण को लेकर किया गया भुमी पुजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** तलसवार पंचायत के कोयलंग परेवातरी में भव्य शिव हनुमान मंदिर निर्माण को लेकर भुमी पुजन किया गया। यज्ञाचार्य पंडित ईश्वरी पाण्डेय ने मंत्रोच्चार कर पुरे विधि विधान से पुजारी अरूण महतो - अनिता देवी एवं केदार महतो - बसंती देवी के द्वारा पूजा अर्चना कर मंदिर की आधारशिला रखी गई। विधि विधान से पूजा अर्चना कर मंदिर पताका लहराते हुए जयघोष कर सैकड़ों भक्तों ने नगर भ्रमण किया एवं गगनचुंबी नारों के साथ भव्य मंदिर निर्माण के लिए भुमी पुजन में सहयोग किया। मौके पर मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष संतोष महतो, सचिव प्रेमचंद प्रसाद, कोषाध्यक्ष टुकेश्वर कुमार, उपाध्यक्ष गणेश कुमार, सह सचिव बंधन महतो, संरक्षक जयनाथ महतो, कार्यकारिणी सदस्य ग्राम अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, ग्राम सचिव ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, कोषाध्यक्ष राजु कुमार, रंजीत कुमार, बादल कुमार, पप्पू कुमार, सुधीर महतो समेत सैकड़ों महिला, पुरुष शामिल हुए।



## 11 जाति के लोगों ने मिलकर पचपोनिया समाज का किया गठन

**बड़कागांव :** चंदौल पंचायत अंतर्गत ग्राम पूँदौल में पचपोनिया समाज को एकत्रित करने को लेकर 11 जाति का एक बैठक आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता दिनेश्वर पासवान एवं संचालन रामचंदर गंझू ने किया। जिसमें 11 जाति के लोगों ने एक पचपोनिया समाज का निर्माण सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें अध्यक्ष अवधेश सिंह, उपाध्यक्ष विनोद पासवान , सचिव अजय साव,उपसचिव रामउचित ठाकुर, कोषाध्यक्ष धिरंजन रजवार एवं पचपोनिया समाज का मुख्य मालिक दिनेश्वर पासवान को बनाया गया। समिति में 18 मुख्य संरक्षक का भी सर्वसम्मति से बनाया गया जिसमें मुख्य रूप से रामचंद्र गंझु , रंजन पांडे, उपेन्द्र पांडेय,रोहित शर्मा,बुलेश्वर पासवान, कन्हैया प्रजापति,अमृत ठाकुर,गुड्डू सिंहा,सुमा देवी,जितेंद्र रजवार,विक्की सिंह,मुकेन्द्र गंझु को बनाया गया।

# ग्रामीण विकास मंच का स्थापना दिवस मनाने को लेकर बैठक की गई



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** ग्रामीण विकास मंच संस्था कार्यालय बड़कागांव में स्थापना दिवस मनाने की तैयारी को लेकर बैठक की गयी। निर्णय लिया गया कि 30 नवम्बर 2025 को जीडीएम बालिका उच्च विद्यालय बड़कागांव के प्रांगण में 29 वॉ स्थापना दिवस सह रजत जयंती समारोह आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सांसद, विधायक बड़कागांव, केरेडारी क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया जायेगा। कार्यक्रम में अधिक से अधिक महिलाओं को आमंत्रित करने पर विचार किया गया। आज की बैठक में संस्था के अध्यक्ष कांता कुमारी, सचिव सुषमा ठाकुर, कोषाध्यक्ष यशोदा देवी, सदस्य पम्मी कुमारी, बबिता कुमारी साढ, बबिता कुमारी आराहारा, प्रियंका कुमारी पदमा, रुपा देवी, ऊषा देवी, सपना कुमारी सभी अशोक नगर, पुनिया देवी, बेणु पाण्डेय, आरती राणा, अनिता राणा, करुणा देवी, रानी शर्मा, सीमा ठाकुर, रुबी देवी, सहित अन्य महिलाएं उपस्थित हुईं। स्थापना दिवस मनाने को लेकर कुल 10 समितियों का गठन कर सभी समिति में एक एक प्रभारी की नियुक्ति की गयी।

# बजरंग दल रामगढ़ ने हुतात्मा दिवस पर रक्तदान शिविर का किया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** विश्व हिन्दू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल रामगढ़ जिला के द्वारा हुतात्मा दिवस के अवसर पर रविवार को ब्लड बैंक, सदर अस्पताल रामगढ़ में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में मुख्य रूप से विश्व हिन्दू परिषद के रामगढ़ जिला मंत्री छोटू वर्मा और जिला कोषाध्यक्ष अभम वर्मा उपस्थित हुए। उपस्थित अधिकारियों एवं कार्यकताओं ने कारसेवा में वीरगति प्राप्त हुए कोठारी बंधुओं सहित सभी हुतात्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। रक्तदान शिविर में बजरंग दल रामगढ़ के दर्जनों कार्यकताओं ने थैलेसीमिया, सिकल सेल के मरीजों एवं जरुरतमंदों के लिए रक्तदान किया।रक्तदान के पश्चात ब्लड बैंक के चिकित्सकों के द्वारा रक्तदान करने वाले कार्यकताओं को एनर्जी ड्रिंक दिया तथा सभी को कैप, चाबी की रिंग और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। चिकित्सकों ने लोगों को रक्तदान करने के प्रेरित किया और रक्त दान करने से शरीर में होने वाले फायदे के बारे में बताया। इस अवसर पर बजरंग दल के रामगढ़ जिला संयोजक महेंद्र ठाकुर ने कहा कि वर्ष 1990 ई० में अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के लिए चल रहे आंदोलन के दौरान हुई गोलीबारी में वीरगति प्राप्त हुए कोठारी बंधुओ एवं कार सेवकों की स्मृति में पूरे देश भर में प्रत्येक वर्ष बजरंग दल के द्वारा 30 अक्टूबर और 2 नवंबर को हुतात्मा दिवस मनाया जाता है। इस दिन रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है जिसमें कारसेवकों को श्रद्धांजलि देने के लिए देशभर में एक लाख से भी अधिक युवा रक्तदान करते हैं। बजरंग दल जिला सह संयोजक नंदकिशोर राम ने कहा कि रक्तदान महादान है। दान किए गए रक्त से किसी जरू रतमंद मरीज की जान बचाई जा सकती है। इस अवसर पर किशोर राम,राहुल सहित अन्य शामिल थे।




## संक्षिप्त खबरें

### नशा उन्मूलन को लेकर चंदौल गांव में सर्वदलीय विकास समाज की हुई बैठक



**बड़कागांव :** चंदौल में नशा उन्मूलन को लेकर सर्वदलीय विकास समाज की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता आशेश्वर राम ,संचालक नंदकिशोर राम और अभय दास के द्वारा किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य शराब बंदी था। जिसे लेकर ग्रामीणों ने गांव भ्रमण किया। तथा नशा उन्मूलन को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर सचिव कांशी रजवार, उपाध्यक्ष नरेश रजवार संरक्षण कमिटी रघुवीर राम, अशोक राम, सूरज दास,लालू रजवार,मनोज रजवार, टिंकू भुइंया, अनिल राम, दिलचंद राम, सुरेश राम,तारकेश्वर राम,प्रदीप रजवार, मार्शल, बादल, आनंद, करण,नीतीश, देवनारायण,नवरत्न, आदि लोग उपस्थित थे ''बड़कागांव प्रखंड से हजारीबाग में आयोजित कुड़मि अधिकार महारैली में दर्जनों गांवो के लोग हुवे शामिल थे।

### लाखों की संख्या में पारंपरिक वेशभूषा में कुड़मी समुदाय के लोग शामिल हुए




**बड़कागांव :** प्रखंड से लेकर जिला एवं राज्य स्तर पर आदिवासी कुड़मी समुदाय द्वारा पुन: अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने व कुड़माली भाषा को संविधान के आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग तेज हो गई है। जिसे लेकर बड़कागांव प्रखंड के तमाम कुड़मि गांवों होरम,पलांडू,पतरा, आंगो, महुदी, मिजार्पुर, खैरातरी, चोरका, पड़रिया, जमनीडीह, सिकरी, पारपैन, महटीकरा,चमगडहा, डाड़ी, चेपाखुर्द, चेपाकला, उपरडांडी,मंझली डांडी, जुगरा, आराहरा, कदमाडीह, सड़कडीह, जोराकाठ, चपरी, चानो, लुरंगा इत्यादि गांवों में कुड़मी समाज के द्वारा ने हजारीबाग में कुड़मि अधिकार रैली में शामिल हुए। वहीं बृहत झारखण्ड कुड़मी समन्वय समिति, हजारीबाग के द्वारा हजारीबाग के संत कोलम्बस कॉलेज के निकट न्यू स्टेडियम में भारी संख्या में आदिवासी कुड़मी समुदाय के लोग अपनी पारम्परिक संस्कृति एवं वेशभूषा के साथ पहूंचें। जिसको लेकर पूरे राज्य स्तर पर बृहत झारखण्ड कुड़मी समन्वय समिति का गठन किया गया है जिसमें सभी चयनित पदाधिकारी अपने अपने मोहल्ला,गांव, पंचायत , प्रखंड एवं जिला स्तर पर अपने समाज के लोगों को जागरूक करने के लिए दिन रात लगे हुए थे। वहीं महारैली को सफल बनाने हेतु अधिक से अधिक लोगों को बढ़ चढ़कर महारैली में शामिल हुवे।

### नवाब सद्दाब का स्टेट अंडर 19 फुटबाल प्लेयर टीम मे हुआ चयन, मिली बधाइयां



**हजारीबाग :** हजारीबाग के कटकमसांडी प्रखंड अंतर्गत छोटे से गांव बलियंद निवासी तारिक जिया खां के बडे पुत्र नवाब सद्दाब को झारखंड स्टेट के लिए हजारीबाग डीएवी केनरी हिल स्कूल की ओर से एक मात्र प्लेयर के रूप मे नवाब सद्दाब का चयन स्टेट अंडर 19 फुटबॉल खिलाड़ी के रूप मे किया गया है। स्टेट को- ओडिनटर डीएवी स्पोर्ट्स झारखंड की सूची मे आठ खिलाड़ी गोड्डा एंव आठ खिलाडी बोकारो से शामिल किया गया जबकी हजारीबाग से एक मात्र अंडर 19 खिलाडी के रूप मे नवाब सद्दाब का नाम शामिल है। ज्ञात हो कि विगत माह मे नमो: फुटबाल टूनार्मेंट मे गदोखर - बलियंद पंचायत कि ओर से नवाब सद्दाब के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के कारण प्रखंड स्तरीय टूनार्मेंट जिता दर्ज किया था । नवाब सद्दाब का स्टेट अंडर 19 फुटबाल प्लेयर के रूप मे चयन होने पर कांग्रेस के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डॉ.आर सी प्रसाद मेहता ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। इनके अतिरिक्त साजिद अली खान,जमशेद खान, शाहिद शेख ,राजा खान, मो.नाजीर, खालिद नवाज खान, मो. तौसीफ, मो.जनैद ,मो.आदिल ,मो सहेब, मासीर ,मो.वारिस आदि ने बधाई दिया है।

### अहमद अंसारी परिवार समेत हिंदू धर्म में दीक्षा ग्रहण कर की घर वापसी



**हजारीबाग :** हजारीबाग जिले के चौपारण प्रखंड अंतर्गत ग्राम मध्यगोपाली के निवासी, अहमद अंसारी ने अपने पूरे परिवार के साथ इस्लाम धर्म त्यागकर हिंदू धर्म को स्वेच्छा से अपनाया। इस अवसर पर आयोजित भव्य समारोह में ब्राह्मण संतोष पांडेय ने वैदिक मंत्रोचारण के साथ शुद्धिकरण संस्कार संपन्न कराया।।जिसके बाद अहमद अंसारी को रामचंद्र भुइयां नाम से हिंदू समाज में औपचारिक रूप से शामिल किया गया। परिवार में अहमद की बेटी, दामाद, नाती-पोते सहित सभी सदस्यों ने इस निर्णय को अपनाया। समारोह विधि-विधान से संपन्न हुआ, जिसमें हवन, आरती और वैदिक मंत्रों का पाठ किया गया। ।इस महत्वपूर्ण अभियान में, मुख्य भूमिका विश्व हिंदू परिषद जिला गौरक्षा गौशाला संपर्क प्रमुख शेखर गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह तथा विहिप प्रखंड मंत्री मुनेश्वर गुप्ता की रही। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों, धार्मिक नेताओं और सामाजिक कार्यकताओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिसमें यवनपुर मुखिया जानकी यादव, मोहन यादव, बैजनाथ साव, बिरजू साव, मिथुन गुप्ता, भारत सिंह, शत्रुघ्न सिंह, जुगल साव, बलराम यादव, राजेश भुइयां, गणेश भुइयां, अनिल भुइयां, नारायण साव, सीताराम साव, विशुदेव साव, शंकर साव, किशोरी साव, प्रकाश गुप्ता, रामदेव साव के साथ-साथ समस्त मध्यगोपाली ग्राम के सैकड़ों स्त्री-पुरुष तथा समस्त ग्रामीण उपस्थित रहे। रामचंद्र भुइयां ने समारोह के बाद कहा, यह हमारा स्वैच्छिक निर्णय है, हिंदू धर्म की पुरातन संस्कृति महानता और सर्व धर्म सम्भाव ने हमें आकर्षित किया। आज से, हम ईश्वर भक्ति करते हुए, हिंदू जीवन व्यतीत करेंगे। ब्राह्मण संतोष पांडेय ने बताया कि यह शुद्धिकरण पूर्ण वैदिक परंपरा के अनुसार किया गया, जिसमें परिवार को यज्ञोपवीत धारण कराया गया तथा हिंदू रीति-रिवाजों की जानकारी भी दी गई।

## एक नजर

### मधुकम तालाब में डूबे युवक की मौत, पुलिस जांच में जुटी

**रांची :** सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के मधुकम तालाब में रविवार सुबह एक युवक की डूबने से मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने तालाब में युवक को डूबते देखा और तत्काल राहत कार्य शुरू किया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। कुछ देर बाद ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला गया और इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल युवक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और घटना के कारणों की जांच में जुटी है।

### झारखंड में आदिवासी और कुड़मी समाज को एकजुट करेगी माकपा

**रांची :** मार्सवादी कम्युनिष्ट पार्टी (माकपा) झारखंड राज्य कमिटी की रविवार को बैठक हुई, जिसमें पहचान की राजनीति के आधार पर आदिवासी-कुड़मी विभाजन पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। बैठक के दौरान कमिटी के पदाधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि यह विभाजन राज्य की सामाजिक एकता और सामूहिक प्रगति के लिए घातक है। बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि किसानों, युवाओं और मेहनतकश तबकों की एकजुटता को संरक्षित रखने के लिए माकपा राज्यव्यापी अभियान चलाएगी। बैठक में इस तथ्य का स्वागत किया गया कि दोनों समुदायों के भीतर बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं, जो इस विभाजनकारी राजनीति के खिलाफ खड़े हैं। पार्टी ने कहा कि इन प्रगतिशील लोगों के साथ संवाद बढ़ाते हुए दोनों समुदायों के बीच संपर्क और सहयोग को मजबूत किया जाएगा, ताकि विभाजन की राजनीति को परास्त किया जा सके। राज्य कमिटी ने सरकारी ब्लड बैंक की जर्जर स्थिति और सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था में चल रहे छह जिला अस्पतालों को पीपीपी मोड में दिए जाने के कदम का विरोध किया। कमिटी के सदस्यों ने कहा कि यह सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को कमजोर करेगा और गरीब तबकों की पहुंच सीमित करेगा। बैठक में संताल परगना और कोल्हान क्षेत्र में खनन और खनिज परिवहन से होने वाले प्रदूषण, सड़क दुर्घटनाओं और कृषि योग्य भूमि के नष्ट होने जैसी गंभीर समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में तय किया गया कि प्रभावित क्षेत्रों का विस्तृत सर्वेक्षण कर मांग पत्र तैयार किया जाएगा और उसके आधार पर आंदोलन की शुरूआत की जाएगी। वहीं, राज्य के अंचल कार्यालयों में बड़ी संख्या में लंबित दाखिलखारिज (म्यूटेशन) के आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई करने, गैर-मजरुआ भूमि की रसीद जारी करने तथा अंचल और प्रखंड कार्यालयों में बढ़ते भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान छेड़कर धरना-प्रदर्शन करने का भी निर्णय लिया गया।

### विधि विभाग की वेबसाइट पर स्थानीय कानूनों को सार्वजनिक करने के लिए पत्राचार करेगा चेंबर

**रांची :** झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स की लीगल अफेयर्स उप समिति की पहली बैठक चेंबर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा की अध्यक्षता में चेंबर भवन में रविवार को हुई। बैठक में डिजिटलाईजेशन ऑफ लोकल लॉ को आम जनहित में सुलभ बनाने के उद्देश्य से विधि विभाग की वेबसाइट पर सभी स्थानीय कानूनों को सार्वजनिक करने के लिए विभाग को पत्राचार करने का निर्णय लिया गया। झारखण्ड में लोकायुक्त और राज्य सूचना आयोग के सभी महत्वपूर्ण पद वर्षों से रिक्त होने के कारण होनेवाली प्रशासनिक कठिनाइयों पर भी चर्चा हुई। यह सहमति बनी कि इन महत्वपूर्ण पदों पर शीघ्र नियुक्ति के लिए राज्य सरकार से आग्रह किया जाएगा।

# खेलो झारखंड राज्य स्तरीय स्कूली एथलेटिक्स प्रतियोगिता संपन्न, हजारीबाग बना चैंपियन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची के मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा स्टेडियम में खेलो झारखंड राज्य स्तरीय स्कूली एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025-26 का आज भव्य समापन हुआ। यह प्रतियोगिता स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार के तहत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा आयोजित की गई थी। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ मधुकांत पाठक उपस्थित थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रशासी पदाधिकारी सच्चिदानंद द्विवेदी तिग्गा, कोषाध्यक्ष शिवेंदु दुबे और एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष चंद्रदेव सिंह शामिल हुए। अतिथियों का स्वागत राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए सोरेंग ने किया।



**वर्गवार परिणाम**

- अंडर-14 बालिका : चैंपियन - लातेहार, रनर अप - हजारीबाग, द्वितीय रनर अप - रांची
- अंडर-14 बालक : चैंपियन - साहिबगंज , रनर अप - पलामू , द्वितीय रनर अप - गुमला
- अंडर-17 बालिका : चैंपियन - हजारीबाग, रनर अप - रांची, द्वितीय रनर अप - लातेहार
- अंडर-17 बालक : चैंपियन - लातेहार, रनर अप - साहिबगंज, द्वितीय रनर अप - गुमला
- अंडर-19 बालिका : चैंपियन - हजारीबाग, रनर अप - पलामू, द्वितीय रनर अप - सरायकेला
- अंडर-19 बालक : चैंपियन - रांची, रनर अप - बोकारो, द्वितीय रनर अप - लातेहार

प्रशासी पदाधिकारी द्विवेदी ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि हार-जीत खेल का हिस्सा है, लेकिन हार से सीख लेकर अगली बार बेहतर प्रदर्शन करना चाहिए। मुख्य अतिथि डॉ पाठक ने खिलाड़ियों से कहा कि नियमित अभ्यास ही सफलता की कुंजी है- जो खिलाड़ी रोज अभ्यास करता है, वही विजेता बनता है। समापन पर धन्यवाद ज्ञापन धीरसेन ए सोरेंग ने किया और सभी को प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया। तीन दिन चली इस प्रतियोगिता में हजारीबाग जिला ने 108 अंकों के साथ ओवरऑल चैंपियन का खिताब जीता।

समापन समारोह में अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल, प्रमाणपत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह, परियोजना निदेशक शशि रंजन, प्रशासी पदाधिकारी सच्चिदानंद द्विवेदी तिग्गा, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए सोरेंग और राज्य खेल कोषांग के सदस्यों ने सभी खिलाड़ियों को बधाई और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### रिम्स में घायलों से मिले देवेंद्रनाथ महतो

**रांची :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के केंद्रीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो रविवार को रिम्स पहुंचे। बीते दिनों बुंडू जन आक्रोश रैली में शामिल होने के दौरान हुए सड़क हादसे में घायल आदिवासी ग्रामीणों से मुलाकात की। घायलों का हालचाल जाना और डॉक्टरों से मिलकर उनके बेहतर इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही। देवेंद्रनाथ महतो ने कहा कि यह दर्दनाक हादसा अत्यंत दुखद है। रैली में शामिल होने निकले ग्रामीण अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे थे। लेकिन रास्ते में यह त्रासदी घटित हुई। यह अनहोनी थी। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए राज्य सरकार से सभी मृतक परिवारों को उचित मुआवजा देने और घायलों को निशुल्क उपचार उपलब्ध कराने की मांग की।

# गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा की ओर से निकाली गई प्रभातफेरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची के कृष्णा नगर कॉलोनी में स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा की ओर से रविवार को प्रभात फेरी निकाली गई। इसी के साथ ही शहर की तमाम प्रभात फेरियों का समापन हो गया। प्रभात फेरियों में शब्द गायन से पूरा शहर नानकमय हो गया।



गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में आगामी सोमवार को कृष्णा नगर कॉलोनी गुरुद्वारा मैदान में सुबह 10 बजे से दोपहर 02:30 बजे तक विशेष दीवान सजाया जाएगा, जिसमें भाई सरबजीत सिंह जी देवी दुर्गा के भजन गाएंगे। इसकेबाद दोपहर तीन बजे भव्य नगर कीर्तन निकलेगा, जो रातू रोड, गांधी चौक, अल्बर्ट एक्का चौक, डेली मार्केट होते हुए पी.पी. कंपाउंड स्थित गुरुनानक स्कूल में समाप्त होगा। इससे पहले तड़के 05:30 बजे निकली प्रभात फेरी मेट्रो गली, रातू रोड, नागा बाबा खटाल चौक, महावीर चौक, कुंजलाल स्ट्रीट होते हुए शास्त्री मार्केट पहुंची, जहां अन्य गुरुद्वारों की प्रभात फेरियों से मिलन हुआ और गुरु नानक देव जी के 556वें प्रकाश पर्व पर अरदास हुई।

श्रद्धालुओं ने सतगुरू नानक परगटया के जयकारे लगाए। इस दौरान मार्ग में पुष्प वर्षा और प्रसाद वितरण हुआ। सरदार छोटू सिंह ने निशान साहिब लेकर फेरी का नेतृत्व किया, जबकि मनीष मिढा ने अरदास की। इस प्रभात फेरी में मुख्य रूप से सुरेश मिढ़ा, हरविंदर सिंह बेदी, अशोक गेरा, गुलशन मिढ़ा, जीवन मिढ़ा, मोहन काठपाल,महेंद्र अरोड़ा, रमेश तेहरी, जीतू अरोड़ा, रौनक ग्रोवर, वेद प्रकाश मिढ़ा, रमेश गिरधर, आशु मिढ़ा, नवीन मिढ़ा, गूंज काठपाल समेत बड़ी संख्या में समाज के अन्य लोग शामिल थे।

# एचईसी प्रबंधन पूर्व के समझौते के साथ छेड़छाड़ करना बंद करे : भवन सिंह




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** हटिया मजदूर यूनियन सीटू की ओर से यूनियन कार्यालय धुर्वा में रविवार को बैठक का आयोजन हुआ। इस अवसर पर भवन सिंह ने कहा कि प्रबंधन पूर्व के समझौते के साथ छेड़छाड़ करना बंद करे। उन्होंने कहा कि प्रबंधन ने जानबुझकर मांगों और सहुलियतों में कटौती किया है। जो गैर कानूनी है। पूर्व में 15अक्टूबर 2025 के पारित प्रस्ताव के अनुसार एक माह के अन्दर सभी बिंदुओं पर बैठक बुलाकर निर्णय लेने का समय दिया गया था।

इसपर अब प्रबंधन बैठक कर ठोस निर्णय ले। उन्होंने सभी मजदूरों से यूनियन के साथ जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सदस्यता रसीद कटवाकर यूनियन का साथ दें। क्योंकि केंद्र सरकार की नई श्रम नीति के अनुसार सदस्यता ग्रहण करना अनिवार्य कर दिया गया है। आपकी मांगों को उठाने के लिए सदस्य होना अनिवार्य है। तभी यूनियन मांग विधिवत उठाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जो यूनियन मांगों के लिए हंगामा कर रही है। वे नहीं समझ रहें हैं कि यूनियन के निबंधित नहीं होने के कारण वे श्रम विभाग में आपकी मांगो को नहीं उठा सकते हैं। जल्द ही यूनियन संघर्ष की रुप रेखा तय करेगी।

भवन सिंह ने कहा कि पुनः उन मांगों को जो नीचे दिया जा रहा है। उसे पुनर्स्थापित करने की दिशा में कदम उठाये। स्थायी मजदूरों की मांगों में स्वैच्छिक भविष्य निधि (वीपीएफ) के मद में काटी गई रकम की वापसी कर और पुनः वीपीएफ काटना चालू करने, बच गए अर्जित अवकाश के रकम का भुगतान करने या उसे सम्बंधित मजदूरों को सर्विस बुक में वापस किए जाने, पेमेंट स्लीप अपडेट कर मजदूरों को मुहैया कराने,2004-2018 बैच का प्रमोशन जल्द निकालने जैसी मांगें शामिल है।

# बाबूलाल मरांडी के बयान निराधार आरोपों का पुलिंदा हैं : विनोद पांडे

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के बयान को राजनीतिक बौखलाहट का परिणाम बताया है। उन्होंने झूठ और अफवाह की राजनीति करने का आरोप भी लगाया। विनोद पांडेय ने रविवार को एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि बाबूलाल मरांडी की बयानबाजी पूरी तरह से निराधार आरोपों का पुलिंदा है। उन्हें जनता के मुद्दों पर बोलना चाहिए, न कि अपनी राजनीतिक जमीन बचाने के लिए झूठे आरोपों का सहारा लेना चाहिए। हेमंत सरकार जनता के विश्वास से बनी है और उसी भरोसे पर मजबूती से खड़ी है, जबकि भाजपा झूठ और अफवाह की राजनीति में लिप्त है। पांडेय ने कहा कि जो व्यक्ति अपने शासनकाल में भ्रष्टाचार और जनविरोधी नीतियों के प्रतीक रहे हों, उन्हें नैतिकता और कानून की बातें शोभा नहीं देतीं।



झारखंड की जनता जानती है कि हेमंत सोरेन सरकार पारदर्शिता और जनहित के प्रति प्रतिबद्ध है। यहां किसी पर कार्रवाई तथ्यों और सबूतों के आधार पर होती है, न कि भाजपा सरकारों की तरह राजनीतिक दुर्भावना से।

झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा शासनकाल में पुलिस तंत्र का दुरुपयोग कर विरोधियों और निर्दोष आदिवासियों को फंसाया गया था। आज जब जांच एजेंसियां निष्पक्ष काम कर रही हैं, तो भाजपा नेताओं को परेशानी हो रही है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने साफ कहा है कि किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार या सत्ता के दुरुपयोग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# उत्तर प्रदेश अपराध शाखा से मिली सूचना के आधार पर रांची पुलिस ने एक ट्रक से बरामद की कफ सिरप की खेप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची की मांडर थाना पुलिस ने उत्तर प्रदेश क्राइम ब्रांच से मिली सूचना के आधार पर प्रतिबंधित कफ सिरप की खेप बरामद की है। इस मामले में पुलिस ने एक सख्स को भी गिरफ्तार किया है। आरोपित मुंबई के जोगेश्वरी ईस्ट के प्रेमनगर स्थित दुबे चाल जनता कॉलोनी का रहने वाला है।




पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपित की पहचान वसीम निजाम शेख के रूप में हुई है। वह मूल रूप से मुंबई का रहने वाला है। पुलिस ने इस कार्रवाई के दौरान 134 बोरी में बंद 13 हजार 400 बोतल सिरप बरामद किया है। रांची के ग्रामीण पुलिस अधीक्षक (एसपी) प्रवीण पुष्कर ने प्रेस वार्ता कर रविवार को बताया कि एक नवंबर की रात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी), रांची को उत्तर प्रदेश क्राइम ब्रांच के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि ट्रक (एनएल 01एएच-5510) में अवैध रूप से कफ सिरप को लोड कर रांची के चान्हो थाना की ओर से किसी अन्य जगह बेचने के लिए ले जाया जा रहा है।

सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन की ओर से खलारी के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दल-बल के साथ एनएच-39 पर टांगरबसली मोड़ के पास जांच अभियान चलाया और ट्रक को चान्हो की ओर से आते देख कर सशस्त्र बल के सहयोग से उक्त ट्रक को रोका। ट्रक में भरे समान के संबंध में चालक से पूछताछ करने पर उसने बताया कि सड़ा हुआ चावल लदा हैं।

पुलिस की जांच के क्रम में ट्रक के ऊपरी हिस्से में तो सड़े हुए चावल की बोरियां पाई गईं, लेकिन चावल की बारियों को हटाकर देखने पर सफेद रंग के प्लास्टिक के 134 बोरी बन्द अवस्था में कफ सिरफ की बोतलें पाई गईं। इस कार्रवाई के बाद पुलिस ने औषधी निरीक्षक को सूचित किया और औषधी निरीक्षक ने जब मौके पर पहुंच कर बन्द बोरी को खोलकर देखा, तो सभी बोरियों में कफ सिरप की बोतलें पाई गईं। कफ सिरप की कुल बोतल की संख्या-13400 है। बरामद कफ सिरप से संबंधित कागजता ट्रक चालक से मांगने पर उसकी ओर से कोई भी वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किये। इसके बाद ट्रक सहित बरामद कफ सिरप को जब्त किया गया। बरामद कफ सिरप का बाजार मूल्य 30 लाख रुपये बताया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड में 'मोंथा' का असर खत्म, बढ़ेगी ठंड



**रांची :** बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवाती तूफान 'मोंथा' का असर अब झारखंड में खत्म हो गया है। इसके साथ ही राज्य भर में अब ठंड के तेजी से बढ़ने की संभावना है। दरअसल, झारखंड के विभिन्न जिलों में 'मोंथा' के चलते तीन-चार दिनों से बारिश हो रही थी। इससे आम जनजीवन भी प्रभावित हुआ। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में मौसम साफ रहेगा। विभाग का कहना है कि रांची सहित कई जिलों में देर रात और सुबह में कुहासा छाया रहेगा। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य के विभिन्न जिलों में भारी बारिश दर्ज की गई। सबसे अधिक बारिश गोड्डा जिले के महागामा में 80.2 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा बोआरीजोर में 75.6 मिमी, पथरगामा 56.2 मिमी, गोड्डा 48.4 मिमी, हंटरगंज में 32 मिमी, महेशपुर में 42 मिमी, कोडरमा में 32 मिमी, सतगांव 24 मिमी और सानजोर में 23.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। रविवार को रांची में अधिकतम तापमान 26.8 डिग्री, जमशेदपुर में 31.1 डिग्री, डाल्टनगंज में 27.4 डिग्री, बोकारो में 28.1 डिग्री और चाईबासा में अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### भ्रष्ट पुलिस अधिकारियों को सस्पेंड नहीं जेल भेजे सरकार : बाबूलाल मरांडी



**रांची :** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सह प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि राज्य के भ्रष्ट पुलिस अधिकारियों का निलंबन नहीं बल्कि जेल की सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सत्ता क्या पाई, जैसे खुलेआम दुश्मनी निकालने का लाइसेंस मिल गया। सच कहें तो उन्होंने दिल की भड़ास निकालने और अपने सियासी विरोधियों को कुंठा और जलन में ताबड़तोड़ मुकदमा करवाने और जेल भेजने का जो गंदा खेल शुरू किया था आज उसी की नकल झारखंड पुलिस के कुछ बेईमान अधिकारी कर रहे हैं। ये लोग कानून को अपनी जेब में समझ रहे हैं। खूँटी में बैठे एक दरोगा साहब ने तो बिहार के बेगूसराय में चल रहे अपने पैतृक जमीन विवाद में दूसरे पक्ष को सीधे झारखंड में अफीम की खेती करने के फजी केस में रिमोट कंट्रोल से फंसा दिया। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में जो लोग भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं, उन्हें चुप कराने, परेशान करने और आतंक फैलाने का काम कुछ बेईमान अफसर कर रहे हैं और गैर-संवैधानिक डीजीपी ने तो इसे धंधा बना लिया है। यह सारा गैरकानूनी खेल हेमंत सोरेन के संरक्षण में उनके इशारे पर किया जा रहा है। कुछ दिन पहले तक सीआईडी में एसआईटी के नाम पर जमीन के मामलों की जांच के नाम पर क्या लूट मची थी? कितने निर्दोष लोगों को डराकर-धमकाकर लूटा गया? उन्होंने आगे कहा है कि हेमन्त सोरेन को इन भ्रष्ट पुलिस अधिकारियों की संपत्ति की किसी ईमानदार अधिकारी से जांच करा लेनी चाहिए, सारी काली कमाई सामने आ जाएगी। उन्होंने कहा कि कानून का दुरुपयोग करने वाले दरोगा को सस्पेंड कर उसे बचाने का प्रयास नहीं किया जाना चाहिए। दारोगा को सस्पेंड करना बस दिखावा है। दो-चार महीने बाद गर्मी शांत होगी, फिर ये जनाब वापस ड्यूटी पर आकर कानून हाथ में लेंगे और वही गंदा खेल करेंगे। इसलिए सस्पेंड नहीं गिरफ्तार कर जेल भेजा जाना चाहिए।

### श्री राधा- कृष्ण प्रणामी मंदिर में महाप्रसाद का हुआ वितरण



**रांची :** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग मे श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में 236 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन किया गया। आज का श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा गोपी किशन छापड़िया के सौजन्य से आयोजित किया गया। श्री राधा कृष्ण जी का दिव्य अलौकिक श्रृंगार किया गया। तत्पश्चात मेवायुक्त केसरिया खीर महाप्रसाद का विधिवत भोग दोपहर 12 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडे द्वारा लगाई गई, तथा मंदिर परिसर में उपस्थित 2 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। तत्पश्चात भजन- संध्या के कार्यक्रम में ट्रस्ट के भजन गायक मनीष सोनी ने मनमोहक सुमधुर भजनों मे अमृत गंगा का रसपान कराते हुए श्रोताओं को खूब झुमाया। तथा श्री राधा कृष्ण के जयकारा से पूरा वातावरण कृष्णमय एवं भक्तिमय बन गया। तत्पश्चात सामूहिक रूप से महाआरती की गई। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि आज श्री राधा कृष्ण मंदिर में 4 हजार से अधिक श्रद्धालुओं में दर्शन किये। मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस अवसर पर-ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल,सुरेश अग्रवाल, शिव भगवान अग्रवाल,मधुसूदन जाजोदिया, नंदकिशोर चौधरी, पूरणमल सर्राफ, संजय सर्राफ, सुरेश भगत, भगत, विष्णु सोनी, पवन पोद्दार, मुरली प्रसाद, हरीश कुमार, परमेश्वर साहू, बसंत वर्मा, सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष उपस्थित थे।

### भ्रष्टाचार मुक्त भारत का रोडमैप : सेल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का हुआ समापन

**रांची :** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल), रांची ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 का समापन सत्र आयोजित किया। इस समारोह में झारखंड के पुलिस महानिदेशक (रेलवे), अनिल पाल्टा, आईपीएस मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर रांची स्थित इकाइयों - एसएसओ, आरडीसीआईएस, सीईटी, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और एमटीआई - के कार्यकारी निदेशक, सेल रांची के सभी मुख्य महाप्रबंधक, वरिष्ठ अधिकारी और सतर्कता विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 11 बजे महाप्रबंधक (सतर्कता) और एसीवीओ के स्वागत भाषण के साथ हुई, जिसके बाद मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ भेंट किया गया। अपने संबोधन में, अनिल पाल्टा ने 'एक विकसित राष्ट्र के लिए भ्रष्टाचार मुक्त भारत' पर एक ज्ञानवर्धक प्रस्तुति दी। उन्होंने वैश्विक भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक में भारत की स्थिति, भ्रष्ट आचरण से होने वाले आर्थिक नुकसान और केंद्रीय सतर्कता आयोग, सीबीआई, लोकपाल और राज्य भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जैसी भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और पीएमएलए के तहत कानूनी और प्रशासनिक ढांचे पर विस्तार से चर्चा की और समय पर विभागीय कार्रवाई और प्रभावी अभियोजन तंत्र की आवश्यकता पर बल दिया।

## एक नजर

### मजदूर संघ ने जिला अध्यक्ष मिथुन कुमार यादव को पद से मुक्त किया

**साहिबगंज :** झारखंड मजदूर संघ के केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने जानकारी दी है कि संगठन के साहिबगंज जिला अध्यक्ष मिथुन कुमार यादव को संगठन के नियमों एवं अनुशासन का उल्लंघन करने के आरोप में पद से पदमुक्त कर दिया गया है। केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने बताया कि मिथुन कुमार यादव द्वारा लगातार संगठन के सिद्धांतों और अनुशासन की अवहेलना की जा रही थी। इस पर केंद्रीय समिति ने गंभीर विचार-विमर्श के बाद उन्हें तत्काल प्रभाव से पदमुक्त करने का निर्णय लिया। राजकुमार यादव ने कहा कि संगठन अपने सभी सदस्यों से अपेक्षा करता है कि वे संघ की मयार्दा,अनुशासन और एकता को बनाए रखते हुए मजदूरों के हित में सक्रिय भूमिका निभाएँ।

### जहरीले सांप के काटने से महिला हुई मूर्छित



**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के एक महिला को जहरीले सांप के काटने से मूर्छित हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बड़ा तौफीक मदनशाही निवासी स्वर्गीय राजेंद्र मुंडा का 40 वर्ष पत्नी शालू देवी 3 :00 बजे दिन में अपने घर से दो किलोमीटर की दूरी पर डूबा हुआ खेत देखने गया था, इसी दौरान किसी जहरीले सांप ने उसके दाहिने पांव में काट लिया और वह मूर्छित होने लगी। जहां परिजनों की मदद से आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक केशव कृष्णा ने फौरन उक्त महिला के इलाज में लग गए। खबर लिखे जाने तक उक्त महिला का अस्पताल में इलाज चल रहा था।

### पांच साल से फरार दो आरोपी बालीडीह पुलिस के शिकंजे में



**बोकारो :** करीब पांच साल से फरार चल रहे दो आरोपियों को आखिरकार बालीडीह थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।मामला साल 2020 का है। आवेदक विशाल कुमार, पुत्र प्रदीप साव, निवासी शिवपुरी कॉलोनी ने बालीडीह थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि कुछ लोगों ने उनके होटल में घुसकर मारपीट की, तोड़फोड़ की और सामानों को नुकसान पहुंचाया। इस शिकायत पर थाना कांड संख्या 261/2020 के तहत भादंवि की धाराएं 341, 323, 379, 427 एवं 34 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था।पुलिस ने जिन दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, उनके नाम हैं — बिनोद तिवारी पिता बांके तिवारी और भास्कर सिंह पिता विधा सागर सिंह। दोनों शिवपुरी कॉलोनी, 43 मोड़ पेट्रोल पंप के पास, थाना बालीडीह के निवासी हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बिनोद तिवारी का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ वर्ष 2013 में बालीडीह थाना कांड संख्या 177/13, धारा 323, 324, 325, 326, 307, 341, 34 एवं बाद में परिवर्तित धारा 302 भादंवि के तहत मामला दर्ज किया गया था। इन फरार अभियुक्तों को पकड़ने में पुलिस टीम के पु.अ.नि. अजय कुमार राय, अविनाश कुमार गौतम, शशिकान्त ठाकुर, स.अ.नि. सुभाष मुर्मू तथा सिपाही मरियानुस जोजो और लालदेव मोची की अहम भूमिका रही।

# चिरा चास में अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ 11 गिरफ्तार, लाखों की विदेशी शराब जब्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो :** बोकारो जिले के चिरा चास थाना क्षेत्र स्थित नन्दुआस्थान में झारखंड एटीएस, बिहार मद्य निषेध इकाई और चिरा चास थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में शनिवार को एक बड़े अंतरराज्यीय अवैध शराब निर्माण गिरोह का भंडाफोड़ किया गया। कार्रवाई गोपाल सिंह के करकट मकान में की गई, जहां अवैध विदेशी शराब का निर्माण और पैकिंग चल रही थी। गुप्त सूचना पर दोपहर करीब 2:10 बजे पुलिस ने घेराबंदी कर छापामारी की। मौके से 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया जो शराब निर्माण व पैकिंग में जुटे थे। पूछताछ में सामने आया कि इस अवैध कारोबार का मुख्य सरगना गोपाल सिंह है, जो झारखंड व बिहार में अवैध शराब की सप्लाई करता था।छापामारी में पुलिस ने भारी मात्रा में शराब और सामग्री जब्त की। जब्त वस्तुओं में शामिल हैं: 21 कार्टन ImperiÔl Blue 360 लीटर स्पिरिट और 1563 लीटर अवैध विदेशी शराबबोतलों के ढक्कन व पैकिंग मशीन 10 चारपहिया व 3 दोपहिया वाहन 9 मोबाइल फोन जब्त सामानों का कुल बाजार मूल्य करीब 17 लाख रुपए आंका गया है। गिरफ्तार आरोपियों में सौरभ कुमार सिंह, शिवजी गुप्ता, गणेश गोराई, रितेश कुमार सिंह, उत्तम गोराई, संजीव कुमार, रोहित कुमार, बजरंग स्वर्णकार, विकाश कुमार, सन्नी कुमार और चंदन कुमार सिंह शामिल हैं। इनमें से कई के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक मामले दर्ज हैं।पुलिस ने चिरा चास थाना कांड संख्या 136/2025 दिनांक 02.11.2025 धारा 274, 275, 276, 111(2) इठर एवं 47(अ)/55 एϘूरी अू३ 2015 के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अन्य फरार आरोपियों की तलाश में लगातार छापामारी जारी है।

**छापामारी दल:**
थाना प्रभारी चंदन कुमार दुबे के नेतृत्व में राजकपुर सेठ, आनंद प्रकाश लकड़ा, रंजन मिश्रा, बीर बहादुर सिंह, रमेश रजवार सहित झारखंड अळर और बिहार मद्य निषेध इकाई की टीम शामिल थी।

## जैप-09 में नवनियुक्त चौकीदारों के पासिंग आउट परेड के पूर्वाभ्यास का डीसी व एसपी ने किया निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** डीसी हेमंत सती व एसपी अमित कुमार सिंह ने जैप-09, साहिबगंज स्थित परेड मैदान में नवनियुक्त चौकीदारों के पासिंग आउट परेड के पूर्वाभ्यास का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में दोनों अधिकारियों ने परेड अभ्यास, अनुशासन, वेशभूषा, मैदान की साफ-सफाई तथा आयोजन से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि परेड समारोह की सभी तैयारियां समय पर एवं मानक के अनुरूप पूरी की जाएं, ताकि मुख्य कार्यक्रम के दिन किसी प्रकार की कमी न रहे। डीसी हेमंत सती ने कहा कि चौकीदार व्यवस्था प्रशासन की जमीनी सुरक्षा प्रणाली की आधारशिला है, अतः सभी नवनियुक्त चौकीदार अपने दायित्वों के प्रति सजग, अनुशासित एवं संवेदनशील रहें। वहीं, एसपी अमित कुमार सिंह ने प्रशिक्षुओं को आत्मविश्वास एवं निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का संदेश दिया। ज्ञात हो कि नवनियुक्त चौकीदारों का प्रशिक्षणोपरांत पासिंग आउट परेड का आयोजन दिनांक 04 नवम्बर, 2025 को पूर्वाह्न 9:30 बजे जैप-09, साहिबगंज के परेड मैदान में किया जाएगा। इस अवसर पर जिले के वरीय पदाधिकारी एवं विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

## बोकारो कलाकार संघ की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** रविवार को बोकारो कलाकार संघ की एक जरूरी बैठक चीरा चास आशियाना फेज 4 में हुई। संघ के अध्यक्ष जगदीश बाबला की अध्यक्षता व महासचिव मनबोध मिश्रा के संचालन में आयोजित इस बैठक में बोकारो कलाकार संघ के कार्यकारिणी समिति एवं प्रतिनिधिमंडल के सभी अधिकारीगण सहित संघ से जुड़े सभी कलाकार और कार्यक्रम ऑर्गेनाइजर उपस्थित हुए। बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के समय सीमा पर चर्चा की गई और आर्केस्ट्रा, भजन एवं चौकी जागरण की अवधि 4 घंटे एवं संपूर्ण जागरण की अवधि 6 घंटे तय की गयी है। कार्यक्रम के लिए कलाकारों का न्यूनतम मानदेय 4 घंटे की अवधि के लिए प्रति कलाकार न्यूनतम राशि 1500 रुपए तय की गई है और संपूर्ण जागरण का न्यूनतम राशि प्रति कलाकार 2000 रुपए तय की गई है। कार्यक्रम के लिए 25 किलोमीटर तक लोकल दूरी मान्य है। उसके बाद दूरी और कार्यक्रम के अनुसार कलाकार अपना मानदेय तय करने के लिए स्वतंत्र हैं। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि न्यूनतम मानदेय में वृद्धि प्रत्येक वर्ष बाजार भाव को देखते हुए 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम प्रमोटर/ऑर्गेनाइजर से मिले हुए इनाम की राशि का 60 प्रतिशत ऑर्गेनाइजर रखेंगे और 40 प्रतिशत कलाकारों में वितरण होगा। जिसमें गायक, साउंड और वाद्य यंत्र कलाकारों को 40 प्रतिशत आपस में वितरण करना होगा।

## सभी सोलर कोल्ड रूम व मिनी कोल्ड स्टोर को 15 नवम्बर तक संचालन योग्य बनाने का उपायुक्त ने दिया निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** ज़िले में नव-निर्मित संयुक्त सहकारिता भवन, पाकुड़ में आज उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में सहकारिता विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी चंद्रजीत खलखो, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी प्रमोद कुमार, मोहन कुम्हार, पद्म किशोर महतो, अनुमंडल अंकेक्षण पदाधिकारी हीरालाल रजवार तथा मुख्यालय पदस्थापित सहकारिता कर्मी रणजीत कुमार सिंह, संजय कुमार शर्मा, अमरेश कुमार एवं डेजी रानी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान उपायुक्त ने विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि विभाग द्वारा निर्मित 05 एमटी क्षमता वाले चार सोलर कोल्ड रूम तथा 30 एमटी क्षमता वाले दो मिनी कोल्ड स्टोर को आगामी 15 नवम्बर 2025 तक पूर्ण रूप से चालू कर दिया जाए। उपायुक्त ने बताया कि जिले में 2500 एमटी क्षमता के पाँच गोदाम निमार्णाधीन हैं। इस संबंध में उन्होंने जिला सहकारिता पदाधिकारी को पत्र के माध्यम से आवश्यक भूमि की मांग हेतु निर्देशित किया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जानकारी दी कि पाकुड़ जिले की 46 ट.ढ.उ.र. समितियों को कंप्यूटरीकृत किया जा चुका है, जिनमें से 38 समितियाँ ए-ढअउर के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने शेष 08 समितियों को भी शीघ्र ए-ढअउर में परिवर्तित करने का निर्देश दिया। धान अधिप्राप्ति योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने 2000 किसानों से धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य निर्धारित किया तथा किसान निबंधन हेतु विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया। वहीं सहकारी समितियों के अंकेक्षण कार्य की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने एक सप्ताह के भीतर शत-प्रतिशत अंकेक्षण पूर्ण करने का निर्देश दिया।

## कृषक बंधुओं से अपील-फसल क्षति की सूचना समय पर दें, ताकि बीमा लाभ शीघ्र प्राप्त हो सके

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पाकुड़ :** ज़िले में नोडल पदाधिकारी ने बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, झारखण्ड, रांची के आलोक में प्राकृतिक मोंथा चक्रवात/तूफान एवं अनायास अतिवृष्टि से खरीफ फसलों की क्षति को देखते हुए जिला प्रशासन, पाकुड़ द्वारा कृषक बंधुओं से अपील की गई है कि वे अपने बीमा दावा की प्रक्रिया समय पर पूर्ण करें। जिन कृषकों की खरीफ फसलें प्राकृतिक आपदा से प्रभावित हुई हैं, वे फसल क्षति की सूचना 72 घंटे के भीतर बीमा कंपनी इअखअख अ'़ल्ल९ के हेल्पलाइन नंबर 14447 पर अवश्य दें और दावा शिकायत संख्या प्राप्त करें। शिकायत संख्या प्राप्त करने के बाद, किसान नंबर 7065514447 पर निम्नलिखित दस्तावेज भेजें :
शिकायत संख्या, क्षतिग्रस्त फसल की GPS कैमरे से ली गई फोटो, जमीन से संबंधित कागजात, बिमित कृषक का आधार संख्या अन्य आवश्यक दस्तावेज। उपरोक्त प्रक्रिया पूर्ण करने पर संबंधित बीमा कंपनी द्वारा फसल क्षति का मुआवजा भुगतान पात्र किसानों को शीघ्र उपलब्ध कराया जाएगा। जिला कृषि पदाधिकारी, पाकुड़ एवं जिला सहकारिता पदाधिकारी, पाकुड़ ने सभी किसानों से अपील की है कि वे इस सूचना का पालन करते हुए समयसीमा के भीतर दावा पंजीकृत कर अपने बीमा लाभ सुनिश्चित करें।

# सिविल सर्जन साहिबगंज द्वारा सदर अस्पताल एवं सीएचसी सदर प्रखंड की समीक्षा बैठक आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** सिविल सर्जन साहिबगंज, डॉ. रामदेव पासवान की अध्यक्षता में सिविल सर्जन के कार्यालय में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सदर अस्पताल एवं सीएचसी सदर प्रखंड से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान सिविल सर्जन ने सफाई व्यवस्था को गंभीरता से लेते हुए अस्पताल परिसर की समग्र स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने साफ-सफाई कर्मियों के लिए रोस्टर तैयार कर उसका सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही प्रत्येक सफाई कर्मी को निर्धारित क्षेत्र आवंटित करने के निर्देश दिए ताकि कार्य में जवाबदेही तय हो सके।सिविल सर्जन ने भुगतान से संबंधित सभी मामलों की समीक्षा की और स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी भुगतान नियमों के अनुरूप तथा समय पर किए जाएँ। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कर्मचारी को ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए और बेहतर चिकित्सीय सेवाएँ सुनिश्चित करनी चाहिए।बैठक में आगे सीएचसी सदर प्रखंड से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। सिविल सर्जन ने कहा कि टीकाकरण की उपलब्धि बढ़ाना प्राथमिकता है। जहाँ एएनएम की संख्या कम है या अनुपस्थित हैं, वहाँ दूसरे स्वास्थ्य केंद्रों से अतिरिक्त एएनएम की अस्थायी पदस्थापना कर टीकाकरण कवरेज सुनिश्चित किया जाए। साथ ही ब्लॉक स्तर से निरंतर मॉनिटरिंग बढ़ाने पर बल दिया गया। सिविल सर्जन ने सीएचसी सदर में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने हेतु सभी को प्रेरित किया और कहा कि प्रत्येक स्तर पर समर्पित भाव से कार्य करते हुए जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को नई ऊँचाई पर ले जाया जाए।बैठक में सदर अस्पताल प्रबंधक अमन पांडे, क्लर्क मुकेश बाबू, सीएचसी सदर के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. महमूद आलम, बीपीएमयू टीम, जिला से डीपीएम, डीडीएम, डीपीसी सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### सदर अस्पताल में जच्चा बच्चा की मौत पर परिजनों ने किया हंगामा



**साहिबगंज:** सदर अस्पताल के प्रसूता वार्ड में रविवार की दोपहर इलाज के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। इस पर परिजनों ने जमकर हंगामा किया है। मृतका बेगमगंज के रहने वाली पूनम कुमारी(24) थी। परिजनों ने स्वास्थ्य कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बताया कि यहां मरीज दर्द से कहरा रही थी। लेकिन किसी ने समय पर इलाज नही किया। अगर समय पर इलाज होता तो शायद दोनो की जान बच जाती। लेकिन स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा लापरवाही बरती गई। वही स्वास्थ्य कर्मियों ने परिजनों को समझाबुझा कर मामला को शांत कराया गया है। इधर स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि किसी तरह की कोई लापरवाही नही बरती गई है। महिला को खून की काफी कमी थी। चमकी उठने पर उसकी मौत हुई है। मजदूरों के हित में सक्रिय भूमिका निभाएँ।

### तेज रफ्तार मोटरसाइकिल दुर्घटना में मोटरसाइकिल चालक गंभीर घायल



**साहिबगंज:** जिले के राजमहल थाना क्षेत्र के बुधवरिया पुल के पास रविवार को सुबह 9 बजे एक मोटरसाइकिल चालक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि जख्मी व्यक्ति सुखसेना की ओर से अपने घर बुधवरिया लौट रहे थे। इसी दौरान जैसे ही वह बुधवरिया पुल के पास पहुंचे, उसके सामने से एक बुजुर्ग जिनका नाम राजका रजक जो की बुधवरिया निवासी हैं। वह गाय का चारा ले कर अपने घर जा रहा था। वही मोटरसाइकिल चालक तेज गति से आ रहा था और व्यक्ति को बचाने के चक्कर में मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ गया और वे सड़क पर गिरकर बुरी तरह जख्मी हो गए।घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और वहां मौजूद ग्रामीणों की मदद से घायल को साहिबगंज सदर अस्पताल लाया गया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर के द्वारा उपचार किया गया। जख्मी की पहचान बुधवरिया निवासी सोनू साह पिता चिक्कू साह के रूप में की गई है।

### बरहरवा लैंप्स से रबी फसल की बुवाई हेतु किसानों को गेहूं का बीज का वितरण



**साहिबगंज:** जिला के बरहरवा सहकारिता विभाग के द्वारा बरहरवा लैंप्स से रबी फसल की बुवाई हेतु किसानों को गेहूं का बीज का वितरण साहिबगंज कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान के हाथों किया गया। बरहरवा प्रखण्ड अंतर्गत बिशनपुर, बटाईल, हरिहरा, श्रीकुंड, रतनपुर, भीमपाड़ा, कोईरीपाड़ा, चापुजान, मधवापाड़ा के 37 किसानों को गेहूं का बीज वितरण किया गया। जहां 40 किलोग्राम का एक पैकेट गेहूं का बीज का सरकारी कीमत 840 रुपए प्रति पैकेट के दर से किसानों को बीज दिया गया। बरकत खान ने कहा कि ससमय गेहूं का बीज उपलब्ध होने से किसान सही समय पर अपने खेतों में गेहूं की खेती करेंगे, फसल का उत्पादन भी अच्छा होगा। मौके पर विभिन्न पंचायत एवं ग्राम से बीज लेने वाले किसानों में किरण देवी,पप्पू भगत,अब्दुल समद,संजय भगत, फैजुद्दीन अंसारी,सुनील कुमार अकेला,राजवंश कुशवाहा, हीरालाल भगत,मजहरूल इस्लाम सहित लैंप्स के प्रबंध सचिव खुर्शीद खान मौजूद थे।

### जिला कमेटी साहिबगंज की एक अहम बैठक तालाब मध्य विद्यालय में की गई आयोजित



**साहिबगंज:** झारखंड राज्य सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा जिला कमेटी साहिबगंज की एक आवश्यक बैठक तालाब मध्य विद्यालय में आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अशोक कुमार शाह, संचालन जिला सचिव चंदन कुमार सिंह ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 5 नवंबर 2025 को नगर विकास मंत्री सह उच्च शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के आवास का घेराव किया जाएगा। जिसमें साहेबगंज के तमाम सहायक अध्यापक अध्यापिका जिले के सभी पदाधिकारी सभी प्रखंडों के पदाधिकारी एवं सभी संकुलों के पदाधिकारी एवं सहायक अध्यापक अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर चट्टानी एकता का परिचय देते हुए वनांचल एक्सप्रेस से साहिबगंज से गिरिडीह के लिए प्रस्थान करेंगे।कहा कि अगर 5 नवंबर को मंत्री के आवास घेराव के बाद सरकार के द्वारा सार्थक पहल करते हुए हमारी मांग को पूरा नहीं किया जाता है तो आगामी 15 नवंबर 2025 को झारखंड के तमाम सहायक अध्यापक/साहेबगंज के तमाम सहायक अध्यापक रांची के मोहाराबादी मैदान में एकत्रित होकर तिरंगा यात्रा निकालते हुए मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे, जिसकी सूचना सरकार एवं विभागीय अधिकारियों को 31 अक्टूबर को लिखित स्वरूप दी जा चुकी है। उनलोगो कि मांग है कि समान काम का समान वेतन,विगत समझौता के तहत आकलन परीक्षा को टेट के समतुल्य मान्यता,28 अगस्त 2024 समझौते के अन्य सभी बिंदु को लागू करना,सहायक अध्यापकों की सेवा निवृत्ति 60 से बढ़कर 65 वर्ष। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव विकास कुमार चौधरी,जिला अध्यक्ष अशोक शाह,जिला सचिव चंदन सिंह,साहेबगंज प्रखण्ड सचिव मोहसिन अजमल,तालझारी प्रखण्ड अध्यक्ष गमाल हेम्ब्रम,बडहरवा प्रखंड अध्यक्ष सादेमन अली, प्रखण्ड सचिव सरीफुल इस्लाम,जगन्नाथ किस्फोता, इसमतुउर रहमान रामवतार हाँसदा,जगदीश मुर्मू संतोष टूरी अशोक मंडल,सुबोध राय, शमीम अख्तर,मो०नासिर, आलम, हरिशंकर यादव,अनिल यादव मुजीबुर्रहमान,मो आजाद अली,अशफाक आलम,महेश साह समेत अन्य सहायक अध्यापक मौजूद थे।

## एक नजर

### श्री श्याम जन्मोत्सव पर सरिया में भव्य दरबार का हुआ आयोजन



**सरिया :** श्री श्याम जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर पंकज अग्रवाल के परिवार एवं श्री श्याम मित्र मंडल सरिया के तत्वावधान में श्री श्याम ट्रेडर्स सरिया के प्रतिष्ठान में एक भव्य दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाबा श्याम को छप्पन भोग का भव्य प्रसाद अर्पित किया गया, साथ ही एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति ने सभी भक्तों का मन मोह लिया।कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रस्तुत भजन हैप्पी बर्थडे टू यू श्याम बाबा ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। भजन गायकों में पंकज अग्रवाल, निकुंज अग्रवाल, आसिष पांडेय और धनबाद से पधारे श्री समय मधुर ने अपनी मधुर आवाज से समा बांधा। इस भव्य आयोजन में बड़ी संख्या में भक्तों ने हिस्सा लिया, जिनमें प्रियांशु अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, विजय अग्रवाल, महेश अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, राजेश जैन, संतोष जैन, मोनील जैन, विनीता डागा, नीरज अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल, अतिशय जैन, गौरव जैन, निहाल तरवे, अरुणा अग्रवाल सहित सैकड़ों लोग शामिल थे। कार्यक्रम में भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला।

### सोगड़ा चर्च में कबर पर्व मनाया गया



**सिमडेगा :** जिले में मृत आत्माओं की शांति के लिए आज का दिन विशेष तौर पर मनाया जाता है आज के दिन सभी ईसाई धर्मलम्बी कब्र पर्व के रूप पर इसे मानते हैं सभी आज के दिन विशेष रूप से अपने पूर्वजों को याद करते हैं और उनके लिए प्रार्थना भी करते हैं और आज ही के विशेष दिन में जिला परिषद सदस्य सह महिला जिलाध्यक्ष जोसीमा खाखा जी ने सोगड़ा चर्च में पर्व मनाया और अपने पूर्वजों और सगे संबंधी व पड़ोसी जिनकी मृत्यु हो चुकी है उनकी आत्मा की शांति के लिए विशेष प्रार्थना की और साथ ही साथ जिलेवासियों के लिए भी प्रार्थना की ताकि हमारा जिला निरंतर रूप से विकास की ओर अग्रसर होता रहे आज की धार्मिक अनुष्ठान का संचालन फादर सिबानुस केरकेट्टा जी ने और साथ में उपस्थित समीर किंडो, उर्मिला केरकेट्टा एवं सभी ईसाई धर्मलंबी उपस्थित रहे।

### बीआरसी ईचागढ़ में जन्म निबंधन शिविर का हुआ आयोजन




**ईचागढ़ :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला के निदेर्शानुसार ईचागढ़ प्रखंड के प्रखंड संसाधन केंद्र ईचागढ़ में रविवार को जन्म निबंधन शिविर लगाया गया। इस दौरान छूटे हुए बच्चों का जन्म निबंधन शीविर के लिए आवेदन भरे गये। वही पीएलवी कार्तिक गोप ने बताया कि शिविर में 302 आवेदन प्राप्त हुआ तथा कार्यक्रम झालसा एवं डालसा के निदेर्शानुसार किया जा रहा है, शिविर का उद्देश्य जन्मप्रमाण-पत्र से वंचित बच्चों के जन्मप्रमाण पत्र बनवाने में मदद करना है। आगे भी किसी प्रकार के समस्या के लिए लिखित आवेदन देने से जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पारा लीगल वैलेन्टियर व अधिकार मित्र से सहयोग प्राप्त कर लाभ ले सकते है। मौके पर बीपीओ चन्दन कुमार सिंह, इशिता उरांव,निर्मल घोष आदि उपस्थित थे।

# मुरपा गांव और शिबू टोला में घुसकर जंगली हाथियों ने मचाया तांडव कई फसलों को किया बर्बाद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कुजू :** जंगली हाथियों का झुंड पिछले कई दिनों से मुरपा के जंगलों में डेरा डाले हुए हैं। हाथियों की संख्या 42 बताई जाति है जो कई टुकड़ियों में बंटकर क्षेत्र में तांडव मचा रही है। ऐसा ही एक घटना शनिवार की रात मुरपा गांव और शिबू टोला में देखने को मिला जहां हाथियों के झुंड ने दर्जनों खेतों को अपना चारागाह बनाया। हाथियों ने खेतों मे लगे धान सहित आलू ,लहसुन, सरसों, फरासबिन, मूली, टमाटर आदि फसलों को रौंदकर पूरी तरह बर्बाद कर दिया साथ ही कई दीवारों को गिरा दिया है। ग्रामीण किसानों ने बताया कि हम लोग गरीब किसान हैं हम लोग कृषि पर ही निर्भर है हम लोगों का फसल पूरी तरह बर्बाद हो चुका है। इन्हीं फसलों से हमारा सालों भर का भरण पोषण होता है। वहीं ग्रामीणों ने वन विभाग के प्रति रोष प्रकट करते हुए कहा कि लगभग 15 दिनों से हाथियों का झुंड मुरपा के जंगलों में भटक रहा है पर वन विभाग द्वारा हाथियों को खदेड़ने को लेकर अभी तक कोई सकारात्मक पहल नहीं की जा रही है जिसके कारण ग्रामीणों को काफी नुकसान पहुंचा है। इस संबंध में ग्रामीण किसानों ने बर्बाद हुई फसलों के उचित मुआवजा की मांग वन विभाग और प्रशासन से किया है। जिन किसानों का फसल बर्बाद हुआ है उनमें पंकज महतो, छेदी महतो, मुकेश महतो, अघनू महतो, शंभू पटेल, गोवर्धन महतो, करण महतो, टेक लाल महतो, फिरंगी महतो, महेश रंजन ,प्रेमकुमार महतो, दशरथ महतो, परमेश्वर महतो, गिरधारी महतो, बिहारी महतो, कमलेश महतो, विशुन महतो, अनिल मोदी, गोविंद महतो, गोपाल महतो, रामलाल मांझी, सुखराम किस्कू, बिरसा किस्कू आदि किसानों का नाम शामिल हैं।

## ग्रामीण महिला उत्थान पर शोधः सरिया महाविद्यालय के प्रो. अरुण कुमार को मिली पीएचडी की उपाधि



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरिया :** सरिया महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष एवं परीक्षा नियंत्रक प्रो. अरुण कुमार को उनके उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई है। यह उपलब्धि न केवल महाविद्यालय के लिए, बल्कि पूरे सरिया प्रखंड और समाज के लिए गौरव का विषय बनी हुई है। प्रो. अरुण कुमार ने बिनोवा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग से ग्रामीण महिला के उत्थान में गैर सरकारी संगठनों का योगदान-गिरिडीह जिला के विशेष संदर्भ में विषय पर शोध कार्य पूरा किया। उनका यह शोध राजनीति विज्ञान विभाग के प्रख्यात अध्यापक डॉ. अजय बहादुर सिंह के निर्देशन में संपन्न हुआ, जबकि राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. सुकल्याण मोइत्रा की अध्यक्षता एवं जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के परीक्षा नियंत्रक डॉ. (प्रो.) पवन कुमार शर्मा की देखरेख में परीक्षा प्रक्रिया पूरी की गई। डॉ. अरुण कुमार के शोध में ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक परिवर्तन में एनजीओ की भूमिका का गहन विश्लेषण किया गया है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह शोध सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में नई दृष्टि प्रदान करने वाला है और ग्रामीण भारत की वास्तविकताओं को प्रभावी ढंग से उजागर करता है। उनका कार्य महिलाओं के लिए विशेष रूप से प्रासंगिक माना जा रहा है, जो सामाजिक न्याय और विकास की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है।

## गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव को लेकर ग्यारवें दिन निकाली गई प्रभात फेरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** सिख धर्म के प्रवर्तक और सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव को लेकर ग्यारवें दिन प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में निशान साहिब लेकर सरदार जसकीरत सिंह सैनी, प्रभातफेरी की अगुवाई कर रहे थे। प्रभात फेरी गुरुद्वारा साहिब से निकलकर किला मंदिर होते हुए चट्टी बाजार,मैं रोड सुभाष चौक होते हुए गुरुद्वारा साहेब पहुंची यहां प्रभात फेरी का स्वागत किया गया। प्रभात फेरी की सेवा गुप्त परिवार तरफ से की गई, गुप्त परिवार की तरफ से चाय नाश्ते का प्रबंध गुरुद्वारा साहिब में किया गया। ₹कर किरपा तेरे गुण गांवा अमृत वेले बोल्या बबीहा, ता दर सुनी पुकार, सब ते वड्डा सतगुरू नानक जिन कल राखी मेरी ,जैसे साध-संगत शबद कीर्तन करते हुए चल रहे थे। प्रभातफेरी में रामगढ़ गुरुद्वारा के प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, हैप्पी छाबड़ा, सेक्रेटरी हरदीप सिंह होरा, खजांची रघुवीर सिंह छाबड़ा, जोगेंद्र सिंह जग्गी तेजेंद्र सिंह सोनी, जगजीत सिंह सोनी मंजीत सिंह कुज्जू वाले,,विंकल कालरा, प्रीतम सिंह कालरा, प्रसिद्ध शब्द गायक सुरजीत सिंह छाबड़ा, डॉ नरेंद्र सिंह सोनी,राजा कालरा, सतपाल सिंह सलूजा हरजीत सिंह छाबड़ा कंवलजीत सिंह लांबा, त्रिलोचन सिंह जैसल, गुरजीत सिंह सलूजा, जगजीत सिंह सोनी,कमल जस्सल, विक्की छाबड़ा, नरेंद्र सिंह होरा, गुरदीप सिंह सैनी, जसविंदर सिंह छाबड़ा, रिंटू छाबड़ा, गुरजोत सिंह सैनी सिंह जसकीरत भाटिया, रौनक छाबड़ा बिट्टी छाबड़ा, यश छाबड़ा, मन्नत सिंह, बबलू छाबड़ा सूमी जॉली गुरबक्श कौर सैनी, जसमीत कौर सोनी, रोमी छाबड़ा, सोनम कालरा, बबली सोनी, निक्की लांबा सहित भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

## श्रीहरि वनवासी विकास समिति ने किया प्रांतीय खेलकूद समारोह का सफल समापन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** वनवासी कल्याण केंद्र झारखण्ड की शैक्षिक इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखण्ड द्वारा प्रांत स्तरीय खेलकूद समारोह का भव्य आयोजन सिमडेगा जिला के विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर लचरागढ़ में उत्साह और उल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता, भारत माता, ओउम, सरना माता और भगवान बिरसा मुण्डा की तस्वीरों के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ तनुजा मुण्डा तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. भानु प्रताप साहू उपस्थित रहे। साथ ही वनवासी कल्याण केंद्र के क्षेत्रीय शिक्षा प्रमुख शिरीष कोराने जी, वनवासी कल्याण केंद्र झारखण्ड के प्रांत संगठन मंत्री सुशील मरांडी ,श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखण्ड के प्रांत शिक्षा प्रमुख सुभाष चंद्र दुबे जी, वनवासी कल्याण केंद्र के प्रदेश महामंत्री धनंजय कुमार सिंह, श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखंड के मंत्री शिवेंद्र लाल माणिक जी एवं श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखण्ड के प्रांत सह मंत्री राजेश अग्रवाल जी शामिल थे। अतिथियों को श्रीफल अंग वस्त्र तथा बालासाहेब देशपांडे जी का तस्वीर देकर हार्दिक स्वागत किया गया। विद्यालय की बहनों ने स्वागत गीत और मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का हृदय जीत लिया। तत्पश्चात विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिनमें 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर दौड़, लंबी कूद, भाला फेंक, चक्का फेंक, कुश्ती तथा रिले रेस जैसी स्पधाएँ शामिल थीं। विजेताओं को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तथा श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखण्ड के अध्यक्ष महोदया डॉ तनुजा मुण्डा जी ने अपने संबोधन में कहा स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है, इसलिए खेलों का जीवन में विशेष महत्व है।

## स्वः महेश्वर राम बेसरा समिति द्वारा देवउठान पूजा का किया गया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकरडांड :** प्रखंड के बागडांड ग्राम में रात्रि पहर को स्व महेश्वर राम बेसरा समिति बागड़ाड़ के द्वारा देवठान पुजा का आयोजन किया गया था, उपरांत समिति के द्वारा शकरकंद, चना, चिनीया बदाम का प्रसाद वितरण किया गया। इस उपलक्ष्य में जिला के विभिन्न गांवों से आए आमंत्रित समाज के बन्धुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके पश्चात समाजिक बैठक का आयोजन मुख्य रूप से आमंत्रित समाजिक कार्यकर्ता श्रध्दानंद बेसरा एवं उपस्थित बंधुओं के द्वारा दीप अगरबत्ती प्रज्वलित कर स्व महेश्वर राम बेसरा की तस्वीर में पुष्प अर्पित करके शुभारंभ किया गया। इस बैठक का आयोजन स्व महेश्वर राम बेसरा समिति बागडांड के द्वारा किया गया था। बैठक में सामाज से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा को लेकर था। चर्चा में, कामेश्वर भोय, बजरू मांझी, जोगेश्वर भोय, लोकनाथ मांझी, इत्यादि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उपरांत समाज के बन्धुओं द्वारा निष्कर्ष निकला कि पुरुखों के द्वारा बताए हुए मार्ग ही अच्छा और सच्चा मार्ग है। आजादी के गुजरे 77 बरस इस बात की प्रमाणिकता है। इस मौके पर मुख्य रूप से आमंत्रित समाजिक कार्यकर्ता श्रध्दानंद बेसरा ने कहा कि वरिष्ठ समाज के बुद्धिजीवी एवं जानकार के अनुसार समाज के पुरखों का आगमन सदियों वर्ष पूर्व मध्य भारत से छत्तीसगढ़ होते हुए उस समय के तत्कालीन अविभाज्य बंगाल राज्य पर हुई थी, एवं जंगल झाड़ीयों को काट कर जीविकोपार्जन के लिए खेती लायक जमीन एवं निवास स्थल बनाया। समाज के पुरखों ने यहां की भाषा, संस्कृति, रिति-रिवाज, परंपरा, पुजा पद्धति को अपनाया और यहीं के हो गए।

## जी.ई.एल. चर्च सिमडेगा पाद्रीपन का 15वां मिशन पर्व समारोह संपन्न

# मानवता की सेवा में निहित है हमारा धर्म : विधायक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**सिमडेगा :** जी.ई.एल. चर्च सिमडेगा पाद्रीपन में 15वां मिशन पर्व समारोह हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ नयी मंडली बुधरा टोली में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिशप मुरेल पारादिश बिलुंग, विधायक भूषण बाड़ा, उपायुक्त कंचन सिंह, जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा तथा अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात रंजन ज्ञानी उपस्थित थे। समारोह का संचालन पेरिस अध्यक्ष सह चेयरमैन पादरी जेम्स जोजो ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना एवं स्तुति-गान से हुई। कार्यक्रम में पादरी शिमोन हेरेंज, पादरी संगीता पुपेन मिंज, कंडीदत्त अभय डुंगडुंग, सभापति विनोद कुल्लू, सचिव महिमा केरकेट्टा, कोषाध्यक्ष स्वर्णलता कन्डुलना, उर्मिला केरकेट्टा, जुली लुगुन, अभिषेक कुल्लू, पावल केरकेट्टा, प्रा. लियांग डुंगडुंग, प्रा. होलोन बाः, सुशील जोजो, मशीहदास कुल्लू, जॉन बघवार, योटेम केरकेट्टा, बसंत केरकेट्टा, सुनीता कुल्लू समेत बड़ी संख्या में पादरीगण, प्रचारकगण, चर्च पदाधिकारी एवं मसीही विश्वासी उपस्थित थे। मौके पर चर्च परिसर में निर्मित संडे स्कूल का भी अतिथियों द्वारा उद्घाटन किया गया।

**हमें समाज के बीच प्रेम, एकता और विश्वास का संदेश लेकर कार्य करना है: बिशप मुरेल बिलुंग**

मौके पर बिशप मुरेल पारादिश बिलुंग ने कहा कि मिशन पर्व आत्मिक जागरण और समाज सेवा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमें समाज के बीच प्रेम, एकता और विश्वास का संदेश लेकर कार्य करना है। बिशप ने मसीही समुदाय से आग्रह किया कि वे एकजुट होकर समाज में शांति, सहयोग और नैतिकता के मूल्यों को सशक्त बनाएं।

**एकजुट होकर प्रेम, शांति और एकता के मार्ग पर चलना है : विधायक**

विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि इस तरह का आयोजन समाज के नैतिक और आध्यात्मिक विकास का प्रमुख स्तंभ है। उन्होंने कहा कि जी.ई.एल. चर्च सिमडेगा ने न केवल धार्मिक क्षेत्र में बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किया है। विधायक ने कहा कि आज जब समाज में भेदभाव, हिंसा और असहिष्णुता की घटनाएँ बढ़ रही हैं। लेकिन हमें एकजुट होकर प्रेम, शांति और एकता के मार्ग पर चलना है। हमारा धर्म हमें यह सिखाता है कि सच्चा धर्म मानवता की सेवा में निहित है। उन्होंने कहा कि सभी लोग मिलकर समाज के पिछड़े वर्गों, युवाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कार्य करें। विधायक ने जी ई एल चर्च द्वारा चलाए जा रहे शिक्षा एवं समाज सेवा के कार्यों की सराहना की।

## संक्षिप्त खबरें

### सरिया में ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग सेंटर का शिलान्यास अधर में लटका



**सरिया :** सरिया अनुमंडल कार्यालय के निकट पावर सबस्टेशन पर बीते वर्ष पूर्व विधायक विनोद कुमार सिंह द्वारा किया गया ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग सेंटर का शिलान्यास अब तक कागजों पर ही सिमटा नजर आ रहा है। एक वर्ष व्यतीत हो जाने के बावजूद निर्माण कार्य की शुरूआत नहीं हो सकी है, जिससे स्थानीय लोगों में निराशा का भाव व्याप्त है।बताते चलें कि सरिया अनुमंडल क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में ट्रांसफॉर्मर खराब होने की स्थिति में मरम्मत के लिए लगभग 72 किलोमीटर दूर गिरिडीह ले जाना पड़ता है। वहां रिपेयरिंग के बाद ही ट्रांसफॉर्मर वापस लौटता है, जिससे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बहाल होती है। इस लंबी प्रक्रिया के कारण ग्रामीणों को अक्सर अंधेरे में रहना पड़ता है, जो दैनिक जीवन को प्रभावित करता है।ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग सेंटर के शिलान्यास से लोगों में एक नई उम्मीद जगी थी कि अब सरिया के निवासियों को गिरिडीह का चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। स्थानीय निवासी विशाल गंभीर ने बताया, ₹शिलान्यास के समय हमने सोचा था कि जल्द ही यह केंद्र कार्यरत हो जाएगा, लेकिन अब एक साल बाद भी कोई प्रगति नहीं दिख रही। इससे बिजली की समस्या और गंभीर हो रही है। इसी तरह, एक अन्य ग्रामीण ने कहा कि खराब ट्रांसफॉर्मर के कारण बच्चों की पढ़ाई और घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहा है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि यह केंद्र स्थापित होने से न केवल समय और धन की बचत होगी, बल्कि बिजली आपूर्ति में भी सुधार आएगा। पूर्व विधायक विनोद कुमार सिंह ने शिलान्यास के दौरान इस परियोजना को सरिया के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया था, लेकिन अब तक विभागीय स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई न होने से सवाल उठ रहे हैं।

### पूर्व मुखिया स्व. दीनबंधु महतो का 10 वीं पुण्य तिथि मनाया गया



**ईचागढ़ :** झारखंड आंदोलनकारी, कुड़मी समाज के प्रखर नेता सह पूर्व मुखिया दीनबंधु महतो का 10 वीं पुण्य तिथि रविवार को उनके पैतृक गांव चोगा में मनाया गया। वही समाजसेवी सह सेवानिवृति शिक्षक उमाकांत महतो ने बताया कि स्व. दिनबंधु महतो एक कुशल नेतृत्व कर्ता थे, हमेशा गरीब दु:खी के सेवा के लिए तत्पर रहते थे। उन्होंने बताया कि झारखंड आंदोलन के समय कई बार जेल भी गया था,तिरुलडीह गोलिकाण्ड,जयदा गोलिकाण्ड के चश्मदीद गवाह भी थे और जेल भी गए थे। जेल में रहकर ही मुखिया का चुनाव लड़े थे और विजय हुए थे। उन्होंने बताया कि स्व.दीनबंधु महतो 360 पातकुम मौजा के महतो भी थे और समाज के लड़ाई में हमेशा आगे रहते थे। उनके उत्तराधिकारी के रुप में समाज की अगुवा उनके पुत्र मनोरंजन महतो करते है। मौके पर शिक्षाविद् उमाकांत महतो,राजेन्द्र प्रसाद महतो,मनोरंजन महतो,गोपेश कुमार महतो,रूपचांद महतो,प्रवीण महतो सहित परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

### छोटानागपुर कल्याण निकेतन ने जारी किया बाल विवाह रोकथाम हेल्पलाइन नंबर




**सिमडेगा :** देवउठनी एकादशी से शुरू हुए शादी-ब्याह के मौसम को देखते हुए छोटानागपुर कल्याण निकेतन (सी के एन) ने जिला प्रशासन से बाल विवाहों की रोकथाम के लिए सख्त निगरानी और सतर्कता बरतने की अपील की है। संस्था ने सभी पंचायती राज संस्थाओं (पी आर आई) के सदस्यों के साथ मिलकर बाल विवाह रोकथाम के लिए मुहिम तेज की है और संस्था द्वारा जिले में एक टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर झ्र 1800 569 1972 जारी किया है, जिस पर किसी भी संभावित बाल विवाह की जानकारी दी जा सकती है। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम पूर्ण रूप से गोपनीय रखा जाएगा। इसके अलावा, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 या 112 (पुलिस हेल्पलाइन) पर भी सूचना दे सकते हैं ताकि तत्काल कार्रवाई की जा सके। संस्था की निदेशक प्रियंका सिन्हा ने कहा, ह्लसुप्रीम कोर्ट के 2024 के निदेर्शों और केंद्र सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत अब हर जिले की जिम्मेदारी है कि कोई भी बाल विवाह न होने पाए। यह शुभ मुहूर्त समाज में खुशियां लाने का है, बच्चों का बचपन छीनने का नहीं ह्व संस्था जिले में स्कूलों, समुदायों और धार्मिक नेताओं के साथ मिलकर 100 दिनों का बाल विवाह मुक्त जागरूकता अभियान चला रहा है ताकि बाल विवाह पूरी तरह समाप्त हो सके। संगठन ने टेंट, बैंड, सजावट आदि सेवा प्रदाताओं से भी अपील की है कि वे किसी बाल विवाह में अपनी सेवाएं न दें, क्योंकि पीसीएमए 2006 के तहत ऐसा करना दंडनीय अपराध है, जिसमें दो साल तक की सजा या एक लाख रुपए जुमार्ना हो सकता है।

### मल्टीपर्पस हॉल को जीर्णोद्धार कर उपयोगिता में लाया जाय : दिपक पुरी



**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 5 सलडेगा टोंगरी टोली आशा देवी के घर पर चाय पर चर्चा आयोजित की गई। चाय की चर्चा में उपस्थित ग्रामीणों से भाजपा पदाधिकारियों ने वार्ड नंबर 5 में व्याप्त समस्याओं की चर्चा की एवं उसे जल्द प्रशासन के समक्ष रखने की बात कही। मौके पर ग्रामीणों ने वार्ड में मल्टीपर्पस हॉल के खंडहर में बदलने की बात बताई इस पर भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने स्थल का निरीक्षण किया। स्थल निरीक्षण करते हुए भाजपा जिला महामंत्री दीपक पुरी ने कहा की वार्ड नंबर 5 में झूला योजना के द्वारा एक मल्टीपरपज हॉल का निर्माण किया गया था जिसे बाद में नगर परिषद को हैंडोवर कर दिया गया था वह अभी खंडहर में तब्दील हो गया है, वर्तमान वहां नशेड़ियों एवं जुआड़ियों का अड्डा बना हुआ है, जिला महामंत्री दीपक पुरी ने उपायुक्त महोदया से मांग करते हुए कहा कि इस मल्टीपर्पस हॉल को ठीक किया जाए ताकि जिस उद्देश्य से इस भवन का निर्माण किया गया था वह पूरा हो और वार्ड के लोग इसका लाभ उठा पाए तभी सरकार द्वारा खर्च की गई राशि की सार्थकता हो पाएगी।

# बिहार चुनाव : 'संकल्प' बनाम 'प्रण', कौन गढ़ेगा बिहार के लोगों का भविष्य

बिहार विधानसभा (विस) चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और विपक्षी महागठबंधन ने अपना चुनावी पिटारा खोल दिया है। अब प्रदेश की जनता को किसका पिटारा कितना पसंद आता है, यह गठबंधन दलों के पक्ष में होने वाला मतदान तय करेगा। राजग और महागठबंधन दोनों के संकल्प पत्रों का तुलनात्मक अध्ययन प्रदेश की जनता राजनीतिक दलों के आधार पर करेगी क्योंकि ये दोनों मजबूत गठबंधन हैं। दोनों के संकल्प पत्रों की तुलना करने के लिए जनता को उनके घोषणापत्रों को बरीकी से देखना होगा और फिर उनके प्रमुख बिंदुओं, जैसे अर्थव्यवस्था, सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित वादों की तुलना समझदारी से करनी होगी।

बिहार में दो बड़े राजनीतिक दलों के समूह ने अपने-अपने संपल्प पत्र (घोषणा पत्र) जारी कर मतदाताओं को लुभाने की कोशिश की है। एक तरफ सत्ताधारी राजग का 'संकल्प पत्र', बड़े पैमाने पर रोजगार और विकास का सपना बुनता है तो विपक्षी महागठबंधन का 'प्रण पत्र', युवाओं और महिलाओं को आर्थिक लाभ का वादा करता है। लेकिन क्या ये वादे सिर्फ चुनावी हैं या बिहार के 13 करोड़ लोगों के लिए सच्ची दिशा इस पर बिहारवासियों को गहराई से सोचना होगा।

बिहार में विधानसभा चुनाव की तारीखें नजदीक आते ही राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। महागठबंधन ने 27 अक्टूबर को पटना में 'प्रण पत्र' जारी किया। मुख्य वादों में हर परिवार को एक सरकारी नौकरी, महिलाओं को प्रति माह 2,500 रुपये की सहायता, 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली, 500 रुपये में गैस सिलिंडर, 25 लाख तक मुफ्त इलाज और पुरानी पेंशन योजना की बहाली शामिल है। राजग ने इसे तुरंत 'असंभव सपने' करार देते हुए 31 अक्टूबर को पटना में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अगुवाई में 'संकल्प पत्र' पेश किया। यह घोषणा पत्र 'विकसित बिहार' के विजन पर आधारित है, जिसमें 1 करोड़ सरकारी नौकरियां, 1 करोड़ 'लखपति दीदियां' (महिलाओं को 2 लाख रुपये की सहायता), हर फसल पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी, 125 यूनिट मुफ्त बिजली, और बड़े आधारभूत संरचनाओं से संबंधित परियोजनाएं (इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स) जैसे एक्सप्रेस-वे और मेट्रो का विस्तार शामिल है। नीतीश कुमार और चिराग पासवान जैसे सहयोगियों के बीच एकजुटता दिखाते हुए राजग ने इसे 'सुशासन का संकल्प' बताया, जो पिछले 20 सालों के विकास को आगे बढ़ाएगा। राजग के घोषणापत्र में एक करोड़ से ज्यादा सरकारी नौकरी का वादा है। हर जिले में मेगा स्किल सेंटर बनाने का भी वादा किया गया है। राजग ने एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है। किसान सम्मान निधि को 6 हजार से बढ़ाकर 9 हजार करने का वादा किया गया है। बिहार के किसानों को सभी फसलों पर एमएसपी की गारंटी का वादा भी दिया है। ईबीसी वर्ग के लोगों को 10 लाख तक की आर्थिक मदद दी जाएगी। स्कूलों में मिड डे मील में पौष्टिक नाश्ता बच्चों को देने का वादा भी किया गया है। बिहार में राजग की वापसी हुई तो 50 लाख नए पक्के मकान, मुफ्त राशन, 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली का भी वादा किया गया है। बिहार के 4 नए शहरों को मेट्रो की सौगात को भी वादा दिया गया है। पटना, दरभंगा, पूर्णिया, भागलपुर में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों की शुरूआत की जाएगी। घोषणापत्रों के विश्लेषण की बात करें तो 'प्रण पत्र' बिहार की पिछड़ी जातियों, दलितों और मुसलमानों को लक्षित करता है, जो उसका वोटबैंक माना जाता है। दूसरी ओर, राजग का 'संकल्प' डबल इंजन सरकार के फायदों को गिनाते हुए मोदी-नीतीश के राष्ट्रीय ब्रांड पर टिका है। राजग नेताओं ने 'प्रण पत्र' को 'असंभव' ठहराया, दावा किया कि महागठबंधन के पास फंडिंग का इंतजाम नहीं। चुनाव के पहले चरण की वोटिंग 6 नवंबर से शुरू हो रही है और ये घोषणा पत्र मतदाताओं का विश्वास जीतने का आखिरी मौका है। सुशासन, बेरोजगारी (40 प्रतिशत युवा प्रभावित) और महंगाई मुख्य मुद्दे हैं।

## सूडोकु नवताल- 7602

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7601 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

# आरएसएस पर रोक, कांग्रेस और मल्लिकार्जुन खरगे

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**



भारत का राजनीतिक परिदृश्य एक बार फिर वैचारिक बहस के केंद्र में है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर प्रतिबंध लगाने की मांग करते हुए सरदार वल्लभभाई पटेल का हवाला दिया, जिससे देशभर में राजनीतिक हलचल देखी गई । गृह मंत्री अमित शाह ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी ओर कहा, आरएसएस दुनिया की सबसे बड़ी स्वयंसेवी संस्था है, जिसने करोड़ों युवाओं को राष्ट्रसेवा और समाज निर्माण की दिशा दिखाई है।

वस्?तुतः खरगे का बयान ऐसे समय आया है जब बिहार विधानसभा चुनाव अपने निर्णायक दौर में हैं। कांग्रेस का यह कदम चुनावी राजनीति के संदर्भ में समझा जा रहा है। वह चुनावी लाभ के लिए आरएसएस के बहाने भाजपा को चुनावी सफलता से दूर रखना चाहती है। यदि इतिहास में जाकर इस मामले की समीक्षा करें तो स्थिति स्वतः ही पूरी तरह से स्पष्ट हो जाती है। आरएसएस पर प्रतिबंधों का इतिहास यह है कि संगठन पर स्वतंत्र भारत में अब तक तीन बार प्रतिबंध लगाया जा चुका है और दो बार कांग्रेस की सरकार के दौरान वापस भी लिया गया।

तथ्य यह है कि पहला प्रतिबंध 1948 में महात्मा गांधी की हत्या के बाद लगा। नाथूराम गोडसे के संघ से जुड़ाव के संदेह के आधार पर तत्कालीन गृह मंत्री सरदार पटेल ने संगठन को बैन किया। करीब 17,000 स्वयंसेवक जेल भेजे गए और संघ की शाखाएँ बंद कर दी गईं। किंतु बाद में जांच में यह स्पष्ट हुआ कि गांधीजी की हत्या में संघ का कोई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष हाथ नहीं। सरदार पटेल ने स्वयं 27 फरवरी 1948 को जवाहरलाल नेहरू को पत्र लिखकर स्वीकार किया कि गांधी हत्या के आरोपों में से 90 प्रतिशत अटकलों और झूठी बातों पर आधारित हैं। बाद में जुलाई 1949 में सरकार ने बिना किसी शर्त के संघ से प्रतिबंध हटा लिया। स्वयं पटेल ने लिखा, संघ पर से प्रतिबंध हटने पर मुझे अत्यंत प्रसन्नता है। यह तथ्य कांग्रेस के उस दावे को कमजोर करता है, जिसके आधार पर आज फिर से संघ पर प्रतिबंध लगाने की बात कही जा रही है।

दूसरा प्रतिबंध 1975 में आपातकाल के दौरान इंदिरा गांधी सरकार ने लगाया। उस समय संघ लोकतंत्र बहाली के लिए विपक्ष के साथ खड़ा था। 21 महीनों तक हजारों स्वयंसेवक जेलों में रहे, लेकिन जब जनता ने 1977 में इंदिरा सरकार को सत्ता से बाहर किया, तो संघ का जनाधार पहले से कहीं अधिक मजबूत होकर उभरा। तीसरा प्रतिबंध दिसंबर 1992 में बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद लगा। लेकिन अदालतों में सरकार संघ के खिलाफ कोई ठोस प्रमाण नहीं रख सकी। कुछ महीनों में यह प्रतिबंध भी हट गया। इन तीनों घटनाओं ने एक बात स्पष्ट कर दी कि प्रतिबंध संघ को कमजोर नहीं कर सकते, क?योंकि वह कोई ऐसा कार्य नहीं करता जिससे भारतीय संविधान का उल्लंघन होता है।

### सरदार पटेल और संघ का वास्तविक संबंध

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने सरदार पटेल का हवाला देकर संघ के खिलाफ बयान दिया, लेकिन इतिहास इसके विपरीत गवाही देता है। पटेल और संघ के तत्कालीन सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर (गुरुजी) के बीच संवाद कायम था। 16 जुलाई 1949 को पटेल ने वेंकटराम शास्त्री को पत्र लिखकर कहा था, मैं स्वयं प्रतिबंध हटाने के पक्ष में था। संघ से प्रतिबंध हटने के बाद उन्होंने गुरुजी को पत्र लिखकर अपनी खुशी प्रकट की। यह वही पटेल हैं जिन्होंने सलाह दी थी कि यदि आरएसएस को लगता है कि कांग्रेस गलत दिशा में जा रही है, तो सुधार का रास्ता भीतर से निकालिए, विरोध से नहीं।

इस संवादशील दृष्टिकोण से स्पष्ट है कि भारत के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल संघ के राष्ट्रसेवी चरित्र को समझते थे, भले ही विचारों में मतभेद रहे हों। ऐसे में आज जब कांग्रेस उन्हीं पटेल का नाम लेकर संघ पर प्रतिबंध की मांग करती है, तो यह ऐतिहासिक तथ्यों के आधे-अधूरे उपयोग का उदाहरण बन जाता है। ऐसा लगता है जैसे वह देश की जनता को गुमराह कर रही है।

आरएसएस का कार्यक्षेत्र राजनीति से परे समाज के बीच सेवा के रूप से व्यापक तौर पर फैला हुआ है। शिक्षा, ग्राम विकास, आपदा प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक एकता में संघ का योगदान बहुत विस्तारित है। 1962 के चीन युद्ध में स्वयंसेवकों ने सीमाओं पर सैनिकों की मदद की और इसी सेवा भाव से प्रभावित होकर प्रधानमंत्री नेहरू ने 1963 में गणतंत्र दिवस परेड में संघ को भाग लेने का निमंत्रण दिया। यह तथ्य आज के राजनीतिक विवादों के बीच अक्सर भुला दिया जाता है। सीधे तौर पर जो दिखाई दे रहा है, वह यही है कि कांग्रेस को भय है कि संघ की बढ़ती सामाजिक स्वीकार्यता उसकी पारंपरिक वोटबैंक राजनीति के लिए चुनौती है। उसे लगता है कि वह तमाम जाति भेद उभारने, एक वर्ग विशेष को लेकर तुष्टीकरण करने के बाद भी यदि सफल नहीं हो पा रही है तो इसके लिए कहीं न कहीं आरएसएस के स्वयंसेवक जिम्मेदार हैं, जो हर परिस्थिति में भारत के जन की एकता पर जोर देते हैं। इसलिए समय-समय पर आरएसएस पर प्रतिबंध या उसकी आलोचना कांग्रेस के लिए वैचारिक एकजुटता का साधन बन जाती है। किंतु इस सब के बीच एतिहासिक तथ्य यही कहते हैं कि ऐसे हर प्रयास जो संघ को रोकने के लिए किए जाते हैं, उसमें हर स्तर पर आरएसएस और सशक्त होकर ही सभी के सामने आया है। यहां आरएसएस के सहकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के कहे शब्दों पर भी गौर करना सही होगा, उन्होंने खरगे की मांग को अवास्तविक और इतिहासविहीन बताया है। उनका साफ कहना है कि किसी संगठन पर प्रतिबंध केवल इच्छा या असहमति के आधार पर नहीं लगाया जा सकता। गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) जैसे कानूनों के तहत तभी कार्रवाई संभव है जब संगठन हिंसा, आतंक या राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में शामिल पाया जाए। संघ के मामले में ऐसा कोई आरोप या सबूत नहीं है। संघ के संदर्भ में समाज और न्यायपालिका दोनों ने पहले भी इस तरह के प्रतिबंधों को गलत माना है। वास्तव में, संघ अब केवल संगठन नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना का पर्याय बन चुका है। 1948, 1975 और 1992 के प्रतिबंध इस तथ्य के साक्ष्य हैं कि आरएसएस को दबाने की कोशिशें हर बार विफल हुईं।

अतः मल्लिकार्जुन खरगे का बयान सही तथ्यों पर आधारित नहीं है, वह एक राजनेता हैं और यहां भी सिर्फ वे अपने लाभ के लिए स्वार्थ की राजनीति ही कर रहे हैं। क्योंकि सरदार पटेल ने कहा था, संघ को कांग्रेस से मतभेद हो सकता है, पर उसका देशभक्ति से कोई विरोध नहीं। यह वाक्य आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना साल 1949 में था। उन्हें यह समझना होगा कि राजनीति में असहमति आवश्यक है, पर राष्ट्रसेवा के भाव को संदेह के घेरे में रखना लोकतांत्रिक चेतना के विपरीत है। कहना होगा कि संघ से असहमति रखने का अधिकार सबको है लेकिन उसके योगदान को नकारना इतिहास की सच्चाई से आँखें मूंद लेने जैसा होगा। संघ का मूल विचार यही है, देश हमें देता है सब कुछ, हम भी तो कुछ देना सीखें।

# संघ के शताब्दी वर्ष में संघ पर प्रतिबंध की अजीबोगरीब मांग



**कृष्णमोहन झा**

पिछले कुछ वर्षों से कांग्रेस पार्टी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विरुद्ध जो अभियान चला रखा है उससे संघ को भले ही कोई नुकसान न हुआ हो लेकिन कांग्रेस आज भी अपने इस एक सूत्रीय कार्यक्रम को विराम देने की आवश्यकता महसूस नहीं कर रही है। दूसरी ओर समाज में संघ के प्रति आकर्षण भी बढ़ा है और अब उसकी देश भर में उसकी स्वीकार्यता भी तेजी से बढ़ रही है लेकिन आश्चर्य की बात तो यह है कि खुद कांग्रेस यह स्वीकार करने के लिए कतई तैयार नहीं है कि उसे संघ के विरुद्ध विषवमन का यह अभियान छोड़ कर अपने जनाधार को बढ़ाने के कोई दूसरे तरीके खोजने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। शायद इसीलिए उसके दिग्गज नेता भी आए दिन संघ के विरुद्ध कोई न कोई बयान देने से परहेज नहीं करते। इसी क्रम में हाल में ही कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तो बाकायदा संघ को प्रतिबंधित करने की मांग कर डाली और चौतरफा आलोचनाओं में घिर गए। उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा कि मैं खुले तौर पर कहता हूं कि आर एस एस पर प्रतिबंध लगना चाहिए। साथ ही उन्होंने इसे अपना निजी विचार भी बता दिया। गौरतलब है कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार में मंत्री और मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे प्रियंक खड़गे भी पिछले कुछ दिनों से संघ विरोधी बयान देकर सुर्खियां बटोरने में जुटे हुए हैं। मजे की बात तो यह है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं में अग्रणी और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदम्बरम के बेटे कार्ति चिदम्बरम ने खड़गे के बयान से असहमति जताते हुए यह कहा है कि संघ पर प्रतिबंध संभव नहीं है।

उधर जबलपुर में संघ के अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की त्रिदिवसीय बैठक के समापन के पश्चात संघ के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने मल्लिकार्जुन खड़गे पर पलटवार करते हुए कहा कि खड़गे को पहले के अनुभव से सीख लेनी चाहिए। इससे पहले भी तीन बार संघ को प्रतिबंधित करने का प्रयास हुआ है। अब चाहे वे चाहें तो फिर से प्रयास कर लें लेकिन पहले ये भी बताएं कि इसकी जरूरत क्या है। होसबोले ने पूछा कि अतीत में जब संघ पर प्रतिबंध लगाया गया तो समाज और न्याय पालिका ने क्या कहा। सरकार्यवाह ने दो टूक लहजे में कहा कि आर एस एस भारत की सुरक्षा, संस्कृति और विकास के लिए कार्य करने वाला संगठन है। किसी भी संगठन पर प्रतिबंध लगाने के लिए कारण होना चाहिए ।आर एस एस लगातार समाज और राष्ट्र निर्माण में जुटा हुआ है और जनता ने उसे स्वीकार किया है। संघ सभी पार्टियों का है । संघ के दरवाजे सभी के लिए खुले हैं। सरकार किसी भी पार्टी की हो हम अपने विचार सबके सामने रखते हैं। आज सरकार में संघ के स्वयं सेवक बैठे हैं इसलिए संघ और भाजपा के बीच अच्छा समन्वय है। यह भी सच है कि संघ में भाजपा के कार्यकर्ता ज्यादा हैं।

संघ की त्रिदिवसीय बैठक में विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर हुए सार्थक विचार विमर्श और उसके पश्चात पारित प्रस्ताव की जानकारी देने हेतु आयोजित पत्रकार वार्ता में संघ के सरकार्यवाह ने कहा कि युवाओं में नशाखोरी की बढ़ती प्रवृत्ति पर संघ चिंतित है। भारत के युवाओं में राष्ट्रभक्ति, दुनिया से टक्कर लेने का जज्बा और आत्मविश्वास भरपूर है लेकिन नशाखोरी एक समस्या है। इससे युवाओं में बीमारी आ रही है। कालेजों और स्कूलों में ड्रग्स बेची जा रही है। इस पर नियंत्रण के लिए कार्य करना होगा।

मतदाता सूची के पुनरीक्षण से संबंधित प्रश्न के उत्तर में दत्तात्रेय होसबोले ने इसका समर्थन करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य उसे प्रामाणिक बनाना है इसलिए उसका विरोध करने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को परिष्कृत करना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है। सूची परिष्कृत करने की प्रक्रिया को लेकर यदि कोई आपत्ति है तो उसकी शिकायत चुनाव आयोग से अवश्य की जानी चाहिए। सरकार्यवाह ने स्पष्ट कहा कि जातिगत जनगणना का राजनीतिक इस्तेमाल नहीं होना चाहिए इससे समाज टूटता है। जो जातियां पिछड़ी हुई हैं उनके उत्थान के लिए आंकड़े आवश्यक हैं। जातिगत जनगणना का उद्देश्य यही है।

छत्तीसगढ़ और झारखंड में नक्सली गतिविधियों में आई कमी को सकारात्मक परिवर्तन बताते हुए सरकार्यवाह ने कहा कि नक्सली अब हथियार छोड़ कर समाज की मुख्य धारा में लौटने के लिए तैयार हो रहे हैं। यह अच्छा संकेत है।मणिपुर में भी हालात अब सुधर रहे हैं और वहां शीघ्र ही अच्छे दिन आने की उम्मीद है। होसबोले ने मणिपुर में पिछले दो वर्षों में संकटपूर्ण परिस्थितियों में संकटपूर्ण परिस्थितियों धरातल पर किए जा रहे कार्यों को सराहनीय बताते हुए कहा कि उससे परस्पर विश्वास का वातावरण निर्मित करने में मदद मिली है। उन्होंने पश्चिम पश्चिम बंगाल में अस्थिरता फैलाने वालों को राजनीतिक प्रश्रय मिलने पर चिंता व्यक्त की और इसे देश के साथ अन्याय निरूपित किया। सरकार्यवाह ने वहां संघ के स्वयंसेवकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी भी पत्रकारों को दी ।सरकार्यवाह ने मतांतरण और घुसपैठ के फलस्वरूप निर्मित हो रही जनसंख्या असंतुलन की स्थिति को चिंता जनक बताते हुए सरकार से शीघ्र ही जनसंख्या नियंत्रण कानून लाने की मांग की। सरकार्यवाह ने पंजाब में मतांतरण की समस्या को गंभीर बताया और कहा कि संघ देश भर में धर्म जागरण के अभियान में जुटा हुआ है। इसमें धर्मगुरुओं की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। लिव इन रिलेशनशिप के दुष्प्रभावों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि केवल कानून बनाने से इसे नियंत्रित करना संभव नहीं है। यह काम अच्छे संस्कार देकर ही किया जा सकता है।

संघ पर प्रतिबंध लगाने की मल्लिकार्जुन खड़गे की मांग की तीखी आलोचना करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि आर एस एस एक ऐसा स्वयंसेवी संगठन है जिसने हम जैसे करोड़ों युवाओं को राष्ट्रनिर्माण के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया है। देश भक्ति और अनुशासन के संस्कार दिए हैं। और हमें यह भी देखना चाहिए कि संघ से निकले हुए दो लोग देश के प्रधानमंत्री बने हैं। मेरा मानना है कि उनकी गणना देश के सर्वश्रेष्ठ प्रधानमंत्रियों के रूप में की जाएगी। अमित शाह ने देश के विकास और समाज को सही दिशा दिखाने में आर एस एस के योगदान को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि आर एस एस दुनिया का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन है जिसकी स्थापना के सौ साल पूरे हो गए हैं आर एस एस में हजारों लोग ऐसे हैं जिनका अपना न घर है , न बैंक बैलेंस है, न परिवार है। वे मातृभूमि की सेवा के लिए आगे आए हैं।शाह ने कहा कि मैं खड़गे जी की मंशा समझ रहा हूं? लेकिन उनकी यह मांग कभी पूरी नहीं हो पाएगी। उनको मालूम नहीं है कि अभी चुनाव चल रहे हैं और जनता उनकी इस मांग का जवाब इन्हीं चुनावों में दे देगी।

**(लेखक राजनैतिक विश्लेषक है)**

# बिहार : अब 'बेचारगी' के नाम पर वोट की दरकार ...

**तनवीर जाफरी**

बिहार चुनाव की तिथि जैसे जैसे करीब आती जा रही है, वैसे वैसे बिहार में हो रहे चुनाव प्रचार में भी तरह तरह के रंग भरते देखे जा रहे हैं। बिहार की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की नीतीश सरकार ने सत्ता का पूरा लाभ उठाते हुये आदर्श आचार संहिता लागू होने से कुछ ही मिनट पहले कई ऐसी महत्वपूर्ण घोषणाएं और धन वितरण किए जिनसे वहां के मतदाताओं के एक वर्ग विशेषकर महिलाओं को लाभ पहुंचा। जैसे महिला उद्यमी योजना के तहत 10,000 रुपये की पहली किस्त 6 अक्टूबर 2025 यानी चुनाव की तारीख की घोषणा होने से कुछ ही मिनट पहले हस्तांतरित की गयी । नितीश सरकार द्वारा यह दावा किया गया कि इससे 21 लाख महिलाएं लाभान्वित होंगी। इसके अतिरिक्त सामाजिक सुरक्षा पेंशन में वृद्धि,मासिक पेंशन ₹400 से बढ़ाकर ₹1,100 करने की आदि की घोषणा गई। इसी तरह विपक्षी महागठबंधन के नेता तेजस्वी यादव ने भी लोकलुभावन योजनाओं का पिटारा खोल कर रख दिया है। राज्य के हर परिवार को एक सरकारी नौकरी सहित महिलाओं को लुभाने तक के लिए बड़ा ऐलान किया। उन्होंने वादा किया है कि सत्ता में आने पर जीविका दीदियों को 30,000 रुपये मासिक वेतन वाली सरकारी नौकरी मिलेगी। साथ ही, ब्याज -मुक्त लोन और अन्य सुविधाएं भी दी जाएंगी। ऐसी और भी कई लोकलुभावन घोषणाएं विपक्षी गठबंधन की ओर से की गयी हैं। बेशक ऐसी घोषणायें मतदाताओं को आकर्षित करने की एक बड़ी रणनीति का हिस्सा हैं ।

परन्तु सत्तारूढ़ राजग के बिहार विधानसभा के सबसे बड़े घटक दल भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेताओं द्वारा चुनाव प्रचार में कुछ अलग ही रंग भरने की कोशिशें की जा रही हैं। बड़ा आश्चर्य है कि लगभग दो दशक से सत्ता में रहने वाला राजग आज भी बिहार वासियों को लालू राज के दौर का कथित जंगल राज याद दिला रहा है? खासकर भाजपा के स्टार प्रचारक शोले फिल्म की तर्ज पर बिहार के मतदाताओं को याद करा रहे हैं कि राजग गया तो प्रदेश में गुंडा राज स्थापित हो जायेगा। यह बात तब कही जा रही है जबकि आज भी बिहार में सरे आम अपहरण की घटनाएं हो रही हैं। इसी वर्तमान चुनाव में राजनैतिक लोगों की हत्याएं हो रही हैं। अस्पताल में अपराधियों द्वारा दिन दहाड़े भर्ती मरीज की हत्या की जा रही है। पूरे राज्य में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है। शराब बंदी के बावजूद तीन चार गुने रेट पर शराब की होम डिलेवरी की जा रही है। परन्तु ऐसी अनेक नाकामियों के बाद भी वोट, लालू के 20 वर्ष पुराने कथित गुंडा राज को याद दिला कर मांगा जा रहा है ? इसके अलावा क्या प्रधानमंत्री तो क्या गृह मंत्री जैसे भाजपाई स्टार प्रचारक, सभी अपनी पार्टी का वही सधा सधाया विद्वेषपूर्ण राग अलाप रहे हैं। महागठबंधन पर 'तुष्टिकरण' का आरोप लगा रहे हैं तो कभी उनपर 'घुसपैठियों' को संरक्षण देने का इलजाम लगा रहे हैं। बिहार की सत्ता में सबसे बड़ी भागीदारी निभाने के बावजूद आज भी जिस भाजपा के पास अपना कोई भी राज्य स्तरीय नेता तक न हो जिसने आज तक साफ शब्दों में अपना मुख्य मंत्री का चेहरा घोषित न किया हो वह पार्टी कभी नेहरू को कोस कर तो कभी भावनात्मक बातें कर राज्य के लोगों की शिक्षा,बेरोजगारी,स्वास्थ्य व कानून व्यवस्था जैसे मूल मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है। स्वयं जिस पार्टी के प्रदेश के सबसे बड़े नेता व बिहार के निवर्तमान उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की नकली डिग्री,उनपर बार बार अपना नाम बदलने यहाँ तक कि उनपर सामूहिक हत्याएं करने जैसे आरोप विरोधियों द्वारा संवाददाता सम्मेलन में लगाये जा रहे हों उस भाजपा के मंच से स्वयं प्रधानमंत्री मोदी लोगों को यह बता रहे हैं कि राहुल व तेजस्वी जमानत पर घूम रहे हैं?

और अब चुनाव करीब आते आते तो प्रधानमंत्री मोदी ने अपना चिरपरिचित 'बेचारगी' दिखाने वाला कार्ड भी खेलना शुरू कर दिया है। विधानसभा चुनाव के दौरान, दरभंगा में कांग्रेस के मंच से उनकी दिवंगत माँ के विरुद्ध किसी व्यक्ति के द्वारा बेहद अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया। इसी बात को याद दिलाकर मोदी ने बिहार की एक सभा में भावुक होकर कहा कि 'जो गालियां उनकी मां को दी गई हैं, असल में वो देश की हर मां का अपमान है।' उन्होंने बार-बार इस अपमान का जिक्र किया और इसे चुनावी मुद्दा बनाते हुये वोट मांगे। इसी तरह मोदी पहले भी विभिन्न राज्यों में अपने अपमानों की पूरी सूची का ब्यौरा जनसभाओं में पेश करते रहे हैं। जैसे कब उन्हें 'मौत का सौदागर', बताया गया तो कब उन्हें 'नीच', 'हिटलर' या 'गंदी नाली का कीड़ा' 'चोर' या 'रावण' कहा गया। और यह अपमान की सूची गिनाने के साथ ही वे कहना नहीं भूलते कि जनता इन अपमानों का जवाब देगी।

उधर विपक्ष खासकर कांग्रेस के पास भी मोदी व अन्य भाजपा नेताओं द्वारा की गयी बदजुबानियों की लंबी सूची है परन्तु कांग्रेस कम से कम वोट भुनाने के लिये जनसभाओं में उन शब्दावलियों को नहीं दोहराती कि कब मोदी ने 50 करोड़ की गर्ल फ्रेंड कहा तो कब 'कांग्रेस की विधवा' जैसा अशोभनीय शब्द इस्तेमाल किया। न ही कांग्रेस कभी इंदिरा गाँधी व राजीव गाँधी की शहादत पर वोट मांगती है। न ही वोट की खातिर जनता को बार बार यह याद दिलाती है। परन्तु आज भी भाजपा की ओर से इसी तरह की अपमानजनक बातें की जा रही हैं। जैसे कि गत 30 अक्टूबर को ही इसी बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान लखीसराय की एक रैली में गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि 'इतने गुस्से से बटन दबाना कि करंट 'इटली' तक पहुंचे' यही बात इसी अंदाज में अमित शाह पहले भी असम व छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों की चुनावी सभाओं में करते रहे हैं। गोया भाजपा के नेताओं के भाषणों में मुख्यतः नफरत ,विद्वेष, दूसरों को भयभीत करना जैसे यह (कांग्रेस) सत्ता में आये तो तुम्हारी भैंस खोल ले जायेंगे, तुम्हारा मंगलसूत्र लेकर बेच डालेंगे, दूसरे धर्म के लोगों की जनसंख्या बढ़ जाएगी जैसी बातें करते रहते हैं। परन्तु आश्चर्य तो तब होता है जबकि कभी मंच से ही अपना 56 इंच का सीना बताने वाले मोदी को 'बेचारगी' के नाम पर वोट की दरकार होती है।

## दैनिक पंचांग

**3 नवम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | तुला में | वृश्चिक | 07.11 ब.से |
| चंद्र | मीन में | धनु | 09.27 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | मकर | 11.32 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | कुंभ | 13.18 बजे से |
| गुरु | कर्क में | मीन | 14.51 बजे से |
| शुक्र | तुला में | मेष | 16.22 बजे से |
| शनि | मीन में | वृष | 18.02 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मिथुन | 20.00 बजे से |
| केतु | सिंह में | कर्क | 22.13 बजे से |
| राहुकाल 7.30 से 9.00 बजे तक | | सिंह | 00.29 बजे से |
| | | कन्या | 02.41 बजे से |
| | | तुला | 04.52 बजे से |

**सोमवार** 2025 वर्ष का 307 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** कार्तिक **पक्ष** शुक्ल **तिथि** त्रयोदशी 02.06 बजे रात को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराभाद्रपदा 15.06 बजे को समाप्त। **योग** हर्षण 19.39 बजे को समाप्त। **करण** कौलव 15.41 बजे तदनन्तर तैतिल 02.06 बजे रात को समाप्त। **चन्द्रायु** 12.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 15° 04' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872517 **जूलियन दिन** 2460982.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** जमादि उल्लावल **तारीख** 11 **विशेष** प्रदोष व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# यूपी में जुगाड़ की नाव से फसल बचा रहे किसान

## खेतों में 2-3 फीट तक पानी, हताश किसान बोला-अब कुछ नहीं बचा






लखनऊ। यूपी में तीन दिन बाद बारिश तो थम गई, लेकिन किसानों की मुसीबतें खत्म नहीं हुई हैं। हजारों बीघा धान की फसल अब भी पानी में डूबी हुई है। खेतों में दो से तीन फीट तक पानी भरा है। कहीं खड़ी फसल गिर गई है, तो कहीं कटी फसल खेत में तैर रही है। बलिया में किसान जुगाड़ की नाव बनाकर फसल को बचा रहे हैं। उन्होंने लकड़ी के टुकड़ों पर टीनशेड बांधकर नाव जैसी संरचना बनाई है। उसी पर धान की फसल काटकर रख रहे हैं और फिर उसे सूखे स्थानों पर ले जा रहे हैं। गाजीपुर में किसान फसल सड़ने से बचाने के लिए कटाई करते नजर आए। फसल बर्बाद होने से एक हताश किसान ने कहा- फसल तो अब सड़ ही जाएगी, कुछ नहीं बचा है। जौनपुर में एक किसान तो निराश होकर खेत में ही बैठ गया। बुलंदशहर में बारिश के बाद गड्ढे में भरे पानी में डूबकर दो सगी बहनों की मौत हो गई। मौसम विभाग के मुताबिक, एक हफ्ते बाद सुबह-शाम की ठंड बढ़नी शुरू होगी। लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल सिंह ने बताया कि अक्टूबर में प्रदेश में सामान्य 28.2 मिमी के मुकाबले 131% अधिक, यानी 65.2 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। सोनभद्र में सबसे अधिक 211.6 मिमी बारिश हुई, जबकि वाराणसी 210.3 मिमी के साथ दूसरे नंबर पर रहा। बुलंदशहर के डिबाई के देवी का नगला गांव में रविवार सुबह ईंट भट्टे के गड्ढे में भरे पानी में खेलते समय 4-6 साल की दो सगी बहनें डूब गईं। डूबने से दोनों की मौत हो गई। लोगों का कहना है कि भट्टे पर बारिश के बाद कई दिनों से पानी भरा था। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। कृषि वैज्ञानिक प्रो. पीके सिंह ने बताया- अचानक हुई भारी बारिश से पकी हुई धान की फसल बर्बाद हुई है। कई जगहों पर खेतों में पानी भर जाने से कटाई के लिए तैयार धान गिरकर खराब हो गया, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। इसके अलावा, खड़ी फसलों पर भी असर पड़ा है। कई खेतों में पौधे पानी में डूब जाने से सड़ने लगे हैं। सब्जी किसानों के लिए भी यह बारिश मुसीबत बनकर आई। जिन सब्जियों की बेल या लतादार फसलें (जैसे आलू, तोरई, गाजर) होती हैं, वे पूरी तरह खराब हो गईं, क्योंकि लगातार नमी और पानी जमने से पौधों की जड़ें सड़ गईं। इस वजह से बाजार में सब्जियों की आपूर्ति कम हो गई है, जिससे कीमतें अब बढ़ेंगी। बारिश के बाद खेतों में फिर से अत्यधिक नमी आ गई है, जिसके कारण नई बुआई में देरी होगी। देर से बुआई का सीधा असर अगली फसल पर पड़ेगा। फसल देर से तैयार होगी और कीट-रोगों का खतरा बढ़ जाएगा। कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने बताया- लगातार बारिश से प्रदेश के कई जिलों में किसानों की धान, सब्जी और अन्य फसलों को भारी नुकसान हुआ है। कई गांवों में खेतों में पानी भर जाने से फसलें पूरी तरह चौपट हो गईं। अब प्रशासनिक स्तर पर फसल क्षति का आकलन किया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद ही यह तय होगा कि किस जिले या गांव में कितने प्रतिशत नुकसान हुआ है। बारिश या बाढ़ से नुकसान का आकलन क्रॉप कटिंग एक्सपेरिमेंट के जरिए किया जाता है। इसमें कृषि विभाग के अधिकारी खेतों का निरीक्षण कर त्रिभुज के आकार में फसल काटकर औसत उत्पादन का अनुमान लगाते हैं। यही आंकड़े तय करते हैं कि गांव या क्षेत्र में कितना प्रतिशत फसल नुकसान हुआ है। जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने बताया- राज्य सरकार की तरफ से सिर्फ उन्हीं किसानों को मुआवजा देने का प्रावधान है, जिनकी फसल 33% से ज्यादा खराब हो चुकी है। ऐसे प्रभावित क्षेत्रों में किसानों को सर्वे के आधार पर कितना नुकसान हुआ है, देखकर मुआवजा दिया जाता है। हालांकि, अभी रिपोर्ट नहीं आई है कि कितनी फसलों का नुकसान हुआ है। सीएम योगी ने फसलों के नुकसान का सर्वे कराने और मुआवजा देने के लिए सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं। अगर आपकी भी फसल बर्बाद हुई है तो अपने संबंधित तहसील कार्यालय में इसकी शिकायत करें। फिर टीम आपके यहां सर्वे करेगी। साथ ही, जिन किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अपनी फसल का बीमा कराया है, वह नुकसान की सूचना 72 घंटे के अंदर टोल फ्री नंबर 14447 पर दें। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने सीएम योगी को लेटर लिखा है। उन्होंने किसानों के प्रति अपनी चिंता व्यक्त की है। अजय राय ने लिखा- बारिश से धान, आलू, तिलहन और हरी सब्जियों की फसलें नष्ट हुई हैं। महोबा में किसान छोटेलाल की मौत और झांसी में किसान कमलेश यादव ने आत्महत्या कर ली। कांग्रेस अध्यक्ष ने सरकार से तुरंत राहत और सहायता देने की मांग की है। फसलों के नुकसान का सर्वे और किसानों को तत्काल मुआवजा दिया जाए। मृत किसानों के परिवारों को 50-50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाए।

## पटेल जयंती के उपलक्ष्य में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम आयोजित




संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल कुशीनगर व नगर पालिका परिषद कुशीनगर द्वारा संयुक्त रूप से लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जयंती के उपलक्ष्य में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रविवार की सुबह नगर के नेशनल हाईवे चौराहे से रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल, नगर मंडल अध्यक्ष आद्या पांडेय, निवर्तमान अध्यक्ष अनिल प्रताप राव, नगर मंडल उपाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, मंडल महामंत्री रवि शंकर सिंह ने किया। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री जायसवाल ने सभी को राष्ट्र की एकता और अखंडता की शपथ दिलाई। रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के तहत पदाधिकारी नेशनल हाईवे चौराहे से शहीद अमिय त्रिपाठी चौक तक पहुंचे जहां आयोजित गोष्ठी में श्री जायसवाल ने लौह पुरुष, भारत रत्न, सरदार वल्लभभाई पटेल को नमन करते हुए कहा कि स्व. सरदार पटेल में अदम्य साहस, दूरदर्शिता और राष्ट्र समर्पण की भावना थी। वह भारत को एक सूत्र में पिरोने वाले महान शिल्पी थे। आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत एक शक्तिशाली और एकीकृत राष्ट्र के रूप में विश्व में उभरा है। इस दौरान विपुल दुबे, राधेश्याम गोंड,अमित पांडेय, श्रवण तिवारी, राहुल सोनी, सुमित जायसवाल, सभासद गण केशव सिंह, राजेश मद्धेशिया, मुन्ना शर्मा, गिरिजेश सिंह, राकेश यादव सहित शक्ति केंद्र संयोजक व कार्यकर्ता गण मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## कुशीनगर जिले में 35 मिमी. वर्षा रिकार्ड : गन्ना और धान दोनों फसलों को नुकसान, खेतों में पानी भरा

संवाददाता

--------------------

**कुशीनगर।** मोंथा चक्रवात का असर कुशीनगर जिले में दिखाई दिया। अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में 35 मिली मीटर वर्षा हुई, अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में 115 मिली मीटर वर्षा, असमय तेज हवा के साथ रिकॉर्ड हुई। कई स्थानों पर गन्ना की फसल गिर गई, जिससे भारी नुकसान हुआ है। इस समय धान की फसल पक कर तैयार है, इस असमय वर्षा से धान की फसल को भी काफी नुकसान हुआ है। ये बातें पूर्व सहायक निदेशक व गन्ना विशेषज्ञ ओम प्रकाश गुप्ता ने भगवानपुर, हेतिमपुर, कसया, खेदनी आदि गांवो का भ्रमण कर गन्ना फसल को देखा तत्पश्चात ग्राम बकनहा शिव मंदिर परिसर में किसानों के साथ बैठक में कही। अचानक, असमय, रुक-रुक कर



35 मिली मीटर वर्षा होने से तापमान गिर गया, जिससे किसान चिंतित हैं। इस बारिश से खेतों में पानी भर गया है। अधिक नमी होने के कारण चारों चीनी मिलों में समय से गन्ना पेराई प्रारंभ करने में व्यवधान उत्पन्न हुआ है। अप्रैल से अब तक कुल कितने मिली मीटर वर्षा हुई है, यह जानने के लिए पूर्व सहायक निदेशक ने चारों चीनी मिलों के अधिकारियों से बातचीत की। रामकोला चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक 'गन्ना' इंद्र शर्मा ने बताया कि 1040 मिली मीटर वर्षा हुई है। ढाढ़ा चीनी मिल के उपाध्यक्ष 'गन्ना' रविंद्र सिंह ने बताया कि अब तक 850 मिली मीटर वर्षा हुई है। अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में 30 मिमी वर्षा हुई है। खड्डा चीनी मिल के गन्ना प्रबंधक श्री सुधीर कुमार ने बताया कि 1335 मिली मीटर वर्षा हुई है।

सेवरही चीनी मिल के वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक पी एन. शाही ने बताया कि 1050 मिली मीटर वर्षा हुई है, तथा अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में 32 मिली मीटर वर्षा हुई है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. सुरुति ने पूर्व सहायक निदेशक को बताया कि मोंथा चक्रवात का असर कुशीनगर जिले में भी दिखा है, 35 मिली मीटर वर्षा रिकार्ड की गई है, अब मौसम साफ रहेगा। गन्ना फसल को कितना नुकसान हुआ है, फसल को देखकर ही अंदाजा लगाया जा सकता है। 50 प्रतिशत से अधिक खेतों में पानी भरा है। जलभराव वाले गन्ने में पानी के ऊपरी आंखों से जड़ें निकल रही हैं। कुछ गन्ने की पत्तियां पीली पड़ रही हैं गन्ना गिरने के बाद गांठों से जड़ें निकल रही हैं। आंखें अंकुरित हो रहीं हैं। कुछ खेतों में गिरा हुआ गन्ना पुनः खड़ा हो रहा है। इससे उपज तथा चीनी परता दोनों घटेगा। शरदकालीन गन्ना बुवाई में देरी होगी। वर्तमान में गन्ने का मूल्य बढ़ने से किसानों में उत्साह दिखाई दे रहा है। ढाढ़ा चीनी मिल के अधिशासी अध्यक्ष आरके गुप्ता ने गेट क्षेत्र में गन्ना क्षेत्रफल बढ़ाने के लिए 11 स्थानों पर भव्य गन्ना गोष्ठी का आयोजन करवाया है। इन गोष्ठियों में उन्होंने स्वयं किसानो से संपर्क किया है। जिसका सकारात्मक परिणाम मिल रहा है।

## कंबाइन मशीन से टकराई बाइक, मां-बेटे की मौत, पिता गंभीर रूप से घायल

**रायबरेली।** छतोह-गांधीनगर मार्ग पर शनिवार को सड़क हादसे में मां और बेटे की मौत हो गई जबकि पिता गंभीर रूप से घायल हैं। क्षेत्र के ओलीपुर मजरे संडहा गांव निवासी नीलेश कुमार अपने पिता शेषपाल और मां निर्मला के साथ डीह थाना क्षेत्र के त्रिलोकपुर गांव में रिश्तेदारी में जा रहे थे। छतोहझगांधीनगर मार्ग पर जानकी देवी पब्लिक स्कूल के पास छतोह की ओर जा रही कंबाइन मशीन को ओवरटेक करने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर मशीन से जा टकराई। हादसे में नीलेश की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नसीराबाद पहुंचाया। वहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान मां निर्मला ने भी दम तोड़ दिया।

## डंपर ने तीन दोस्तों को कुचला: एक साथ उठी तीनों की अर्थी, कर रहे थे सेना में जाने की तैयारी, गांव में सन्नाटा

**ग्रेटर नोएडा।** कोतवाली दादरी क्षेत्र में सड़क हादसे में मरने वाले तीनों दोस्तों के शव शनिवार रात में करीब साढ़े 10 बजे गांव में पहुंचे। शवों को देख परिजन, ग्रामीण बिलख उठे। गमगीन माहौल में तीनों का अंतिम संस्कार कर दिया गया। फिलहाल पुलिस को तहरीर नहीं मिली थी। गांव शेरपुर निवासी रोहित, मोंटू, श्वेत की दादरी कोतवाली क्षेत्र में हायर कंपनी के पास मोड़ पर डंपर की टक्कर से मौत हो गई थी। तीनों सुरक्षा बल में



भर्ती होने की तैयारी कर रहे थे। परिजनों ने शासन, प्रशासन से आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है। रविवार को गांव में दिन भर सन्नाटा पसरा रहा। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के बुजुर्ग धर्मा, दुलीचंद, खचेड़ू का कहना है कि उन्होंने पहली बार एक साथ तीन युवाओं की अर्थियां उठती देखी हैं। पिता विनोद ने बताया कि मोंटू परिवार में सबसे बड़ा था। छोटा बेटा दीपांशु हाईस्कूल, बेटी पारूल कक्षा आठ में है। वह पंचर लगाते हैं। श्वेत के पिता राजकुमार ने बताया कि वह मजदूरी करते हैं। श्वेत उनका बड़ा बेटा था। छोटा बेड़ा स्पर्श हाईस्कूल का छात्र है। श्वेत के सफल होने से परिवार के हालात बदल जाएंगे यही सोचा था। रोहित के पिता जितेंद्र ने बताया कि वह मजदूरी करते हैं। रोहित उनका छोटा बेटा था।

## चुनाव आयुक्त बोले: पूरे देश की वोटर लिस्ट का शुद्धिकरण होगा

**कानपुर।** अकेले बिहार में अब तक विश्व का सबसे बड़ा वोटर लिस्ट शुद्धिकरण अभियान चला है। जिस दिन अन्य राज्यों में 51 करोड़ मतदाताओं की सूची का शुद्धिकरण होगा, वह भी एक ऐतिहासिक होगा। जब यह प्रक्रिया पूरे देश में पूरी होगी, तब आपको न सिर्फ अपने चुनाव आयोग पर, बल्कि अपने मुख्य आयुक्त और अपने समाज के ज्ञानेश कुमार पर भी गर्व होगा।

ये बातें मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कानपुर में कही। रविवार को वे आईआईटी कानपुर के फाउंडेशन डे में शामिल होने पहुंचे। उन्होंने कहा- मैं अपनी मां की बात नहीं टालता हूं। उन्हीं के कहने पर मैं यहां आया हूं। कार्यक्रम में उन्होंने आईआईटी में पढ़ाई के दिनों के किस्से, कानपुर से जुड़ा अपनापन और अनुभव साझा किए। आईआईटी कानपुर से पहले स्वरूपनगर स्थित टीएसएच स्पोर्ट्स



हब में आयोजित माथुर वैश्य समाज के कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा- चुनाव में किसी भी प्रकार की हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ज्ञानेश कुमार ने कहा- मैंने अपनी माता जी से कहा था कि बिहार चुनाव के चलते आईआईटी आने की संभावना नहीं है। आईआईटी के लोगों ने भी मेरे आने की उम्मीद छोड़ दी थी। लेकिन मैं अपनी माता जी की आज्ञा का पालन करते हुए कानपुर आया हूं। मैं एक पूर्व विद्यार्थी के नाते आईआईटी कानपुर आया हूं। आईआईटी ने मुझे जो सम्मान देने का निर्णय लिया है, वह मेरे लिए गर्व की बात है। कानपुर में बिताए गए 4 साल मेरे जीवन के सबसे ऊर्जावान और यादगार साल रहे हैं। इस शहर से मुझे हमेशा गहरा लगाव रहा है। ज्ञानेश कुमार ने कहा, यह समय बिहार चुनाव का है। सभी राजनीतिक दल अपने-अपने तरीके से मतदाताओं से वोट की अपील कर रहे हैं। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि चुनाव आयोग के लिए न कोई पक्ष है, न विपक्ष सभी समान हैं। पहले चरण का



मतदान 6 नवंबर, दूसरे चरण का 11 नवंबर और मतगणना 14 नवंबर को होगी। मतदाता पारदर्शी और स्वतंत्र रूप से मतदान कर सकें, इसके लिए आयोग पूरी तरह तैयार है। बिहार चुनाव के लिए 243 रिटर्निंग ऑफिसर, उतने ही ऑब्जर्वर, जिला कलेक्टर और पुलिस कप्तान तैनात हैं। हमें विश्वास है कि बिहार में होने वाला यह चुनाव पारदर्शिता, सक्षमता और सरलता का प्रतीक बनेगा और भारत ही नहीं, बल्कि विश्व के लिए एक नजीर पेश करेगा। मुख्य चुनाव आयुक्त अपनी पत्नी अनुराधा के साथ कानपुर पहुंचे थे। उन्होंने पुरानी यादें ताजा करते हुए बताया- काशी के घाट से गंगा में तैरीकी सीखने वाला एक लड़का जो बनारस के राजकीय क्वींस इंटर कॉलेज में पढ़ता है। वहां से 10वीं का एग्जाम देता है। इसके बाद पिता के ट्रांसफर के साथ घूमता रहता है। फिर वह लखनऊ आ जाता है, यहां गर्वमेंट कॉलेज में पढ़ता है फिर आईआईटी कानपुर में पढ़ने चला जाता है। पढ़ते-पढ़ते बीच में हम केरल भी चले जाते हैं। केरल आईआईटी कानपुर या दिल्ली से उतना ही दूर है जितना कि यहां से अमेरिका। मेरा अमेरिका जाने का सपना पूरा नहीं हो पाया। IIT कानपुर के कार्यक्रम के दौरान उन्होंने मंच पर बैठे सभी लोगों का नाम लेकर धन्यवाद दिया। इस दौरान उन्होंने मंच पर बैठी अपनी पत्नी का परिचय देते हुए कहा कि मेरी होम मिनिस्टर अनुराधा भी मंच पर बैठी हैं। उन्होंने कहा- मेरे पिता आगरा में डीएवी कॉलेज के प्रिंसिपल भी रहे थे। और जब किसी जमाने में अंग्रेजों से टकराव हुआ तो उन्होंने अपनी नौकरी छोड़ दी थी। आगरा जब इस बार जाएं तो वहां एत्मादौला जरूर जाएं। जब उसकी चार मीनारों से एक में से नीचे देखेंगे तो वहां आज भी मेरे बाबा का स्कूल चलता मिलेगा। रिटायरमेंट के बाद पिता जी का मन नहीं भरा तो एक स्कूल और खोल लिया। अब उसे मेरा बेटा चलाता है।

## संक्षिप्त डायरी

### पति ने पत्नी के सर पर लोहे की राड मारकर उतारा मौत के घाट

संवाददाता

**हमीरपुर।** एक पति ने गुस्से में आकर अपनी ही पत्नी के सर पर लोहे का राड मारकर उसे मौत के घाट उतार दिया। वारदात के बाद खुद पति ने ही अपनी पत्नी के घर वालों को फोन पर वारदात की जानकारी दी। पूरा मामला मौदहा कोतवाली क्षेत्र के कम्हरिया गाँव का है। वारदात की जानकारी के बाद पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक मनोज गुप्ता ने बताया कि पुलिस जब मौके पर पहुंची,तो देखा कि आरोपी पति मुइनुद्दीन पुत्र फखरुद्दीन कमहरिया ने अपनी 27 साल की पत्नी रोशनी को घर के अंदर बंद कर रखा था। जिसके बाद परिवार वालों की मदद




से घर का ताला तोड़कर जब अन्दर देखा तो, रोशनी की मौत हो चुकी थी। पुलिस की शुरूआती जांच में पता चला है कि आरोपी पति मुइनुद्दीन ने ही अपनी पत्नी के सिर पर लोहे की रॉड मारकर उसका कत्ल कर दिया था। वही फील्ड यूनिट टीम ने मौके पर पहुँच कर वारदात के सबूत जुटाये, जबकि पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लेकर पुंछतांछ शुरू कर दी है। साथ ही मृतिका के परिवार वालों की तहरीर पर आगे की कार्यवाही की जा रही है। फिलहाल कत्ल की वजह अभी सामने नहीं आ सकी है।

### भंते ज्ञानेश्वर के निधन पर रालोद राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष ने जताया शोक



संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** भिक्षु संघ कुशीनगर के अध्यक्ष और बर्मी बुद्ध बिहार के महंथ अग्ग महा पंडित भदंत ज्ञानेश्वर के निधन पर राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने गहरा शोक व्यक्त किया है। रविवार को प्रदेश सचिव सिया शरण पाण्डेय, जिलाध्यक्ष विनोद प्रताप कुंवर बर्मी बुद्ध बिहार पहुंचे तथा दिवंगत बौद्ध धर्मगुरु ज्ञानेश्वर का दर्शन कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा भंते गण से मिलकर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सिंह और प्रदेश अध्यक्ष श्री राय का शोक संदेश सुनाया। श्री पांडेय ने कहा कि भिक्षु ज्ञानेश्वर ने बुद्ध की शिक्षाओं का मानव हित में प्रसार किया। वह कुशीनगर के शैक्षणिक विकास के लिए जाने जाएंगे। इस दौरान राष्ट्रीय लोक दल के क्षेत्रिय उपाध्यक्ष भगवान दयाल विश्वकर्मा, युवा नेता कुलदीप कुमार, समाजसेवी मुकेश यादव, देवेंद्र राय, सिताराम मौर्य, बिशेश्वर निगम, भोला प्रसाद, रविन्द्र पान्डेय सहित पार्टी जनों ने स्वर्गीय भंते को श्रद्धांजलि दी।

### दिवंगत भंते ज्ञानेश्वर को देशी विदेशी श्रद्धालुओं ने दी श्रद्धांजलि




संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** म्यांमार मंदिर के प्रमुख दिवंगत बौद्ध धर्मगुरु भंते ज्ञानेश्वर को देशी विदेशी श्रद्धालुओं ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। करने के लिए देश, विदेश के बौद्ध श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। रविवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार और सांसद जौनपुर बाबू सिंह कुशवाहा, पूर्व कमिश्नर नई दिल्ली श्रीकृष्ण आनंद, विजय कुशवाहा, नेपाल के ज्ञानी शाक्य, संजीव शाक्य, बसपा कोऑर्डिनेटर और पूर्व सांसद घनश्याम खरवार, बस्ती के सांसद राम प्रसाद चौधरी, सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ अखिलेश कटियार, सपा जिलाध्यक्ष विकास यादव, रमेश यादव, पूर्व विधायक सुरेश यादव, डॉ विवेक सिंह पटेल, पूर्व गृह मंत्री नेपाल सरकार देवराज कंडेल, वीरेंद्र तिवारी, प्रधानाचार्य उमेश कुमार उपाध्याय, प्राचार्य विनोद मोहन मिश्रा, आजमगढ़ से भिक्षु महा कश्यप, टीके राय, सहित म्यांमार, श्रीलंका, थाइलैंड, ताइवान, वियतनाम, तिब्बत आदि देशों और प्रदेश, महाराष्ट्र, बंगल, दिल्ली, बिहार, मध्य प्रदेश आदि राज्यों से बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुओं ने पूजन अर्चन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सुबह थाई भिक्षु डॉ पी सोम पोंग, भंते सों क्रान के नेतृत्व में विशेष शांति पाठ किया गया। म्यांमार के राजदूत जा ऊ ने थाई भिक्षुओं को चीवर दान दिया। तिब्बती भंते कंचुक लामा ने तिब्बती रीति रिवाज से शांति पाठ किया। व्यवस्था में भिक्षु संघ कुशीनगर के मंत्री भिक्षु डॉ नन्द रतन, भंते के उत्तराधिकारी भिक्षु नंदका, भिक्षुणी धम्म नैना, भिक्षु आलोक, भिक्षु इंद्र श्री, भंते तेजवंत सहित भिक्षु सहित उपासक लगे हुए थे।

### ई रिक्शे पर पलटी ईट से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली, दबने से दो लोगों की मौत

**मुरादाबाद।** बिलारी में रविवार को बड़ा हादसा हो गया। ईंटों से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली का पहिया निकलने के बाद वह बेकाबू होकर सड़क से गुजर रहे ई-रिक्शा पर पलट गई। इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इसके साथ ही ई-रिक्शा सवार दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के मुताबिक करनपुर की ओर से ठाकुरद्वारा जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली ईंटों से भरी थी। ट्रॉली का पिछला दाहिना पहिया अचानक निकल गया। पहिया निकलते ही ट्रॉली बेकाबू हो गई और विपरीत दिशा से आ रहे ई-रिक्शा पर पलट गई। इससे ई-रिक्शा सड़क किनारे खाई में जा गिरा। ई-रिक्शा में बैठे आसमा व रफीक (निवासी रतुपुरा, थाना ठाकुरद्वारा) घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने शवों को मोर्चरी में रखवा दिया है। ठाकुरद्वारा और कांठ थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। दमकल कर्मियों ने पंप लगाकर पानी बाहर निकाल मलबे में दबे शवों को बाहर निकाला। पुलिस क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर-ट्रॉली और ई-रिक्शा को जब्त कर थाने ले आई है।

## स्टारलिंक ने बेंगलुरु में फाइनेंस और अकाउंटिंग पदों के लिए हायरिंग शुरू की




**नई दिल्ली** एलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स की सहायक कंपनी स्टारलिंक ने भारत में हायरिंग अभियान शुरू कर दिया है। इस भर्ती प्रक्रिया के तहत कंपनी फाइनेंस और अकाउंटिंग विभाग के विभिन्न पदों पर कैंडिडेट्स की तलाश कर रही है। खाली पदों में अकाउंटिंग मैनेजर, पेमेंट्स मैनेजर, सीनियर ट्रेजरी एनालिस्ट और टैक्स मैनेजर शामिल हैं। कंपनी के अनुसार अकाउंटिंग मैनेजर भारत में स्टारलिंक के ऑपरेशंस को सपोर्ट करेगा और फाइनेंशियल रिपोर्टिंग, अकाउंटिंग तथा वैधानिक अनुपालन सुनिश्चित करेगा। सभी पद केवल बेंगलुरु के ऑफिस के लिए हैं और रिमोट या हाइब्रिड वर्क की अनुमति नहीं है। स्टारलिंक का उद्देश्य लो-लेटेंसी सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सर्विसेज के माध्यम से तेज़ इंटरनेट सेवा देना है।

## विमान ईंधन महंगा, दिल्ली में अब 94,543 प्रति किलोलीटर



**नई दिल्ली** तेल विपणन कंपनियों ने शनिवार से विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमतें बढ़ा दी हैं। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, दिल्ली में कीमत 777 रुपये बढ़कर 94,543.02 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है, जबकि अक्टूबर में इसे 3 फीसदी से अधिक बढ़ाया गया था। कोलकाता में कीमत 97,549.18 रुपये प्रति किलोलीटर, मुंबई में 88,447.87 रुपये और चेन्नई में 98,089.68 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है। इस वृद्धि से एयरलाइन कंपनियों की लागत बढ़ेगी और संभावना है कि हवाई टिकटों की कीमतों में भी असर पड़े। विशेषज्ञों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों और सरकारी नीतियों के अनुसार यह रुझान आगे भी जारी रह सकता है।

## अनोंदिता मेडिकेयर के शेयरों में तूफानी तेजी

### आईपीओ से 300 फीसदी से अधिक उछाल

**मुंबई** कंडोम निर्माता अनोंदिता मेडिकेयर के शेयरों में हाल के दिनों में जोरदार तेजी देखी जा रही है। कंपनी के शेयर शुक्रवार को एनएसई पर 5 फीसदी के अपर सर्किट के साथ 595.70 रुपए पर पहुंच गए। एनएसई पर शुक्रवार को 2,19,000 शेयर खरीदने के ऑर्डर पेंडिंग थे। 1 सितंबर 2025 को लिस्ट होने वाले शेयर आईपीओ प्राइस 145 रुपए से शुरू होकर केवल दो महीने में 600 रुपए के करीब पहुंच गए हैं। कंपनी का आईपीओ 22 अगस्त से 26 अगस्त 2025 तक खुला था। आईपीओ पर कुल 300.89 गुना दांव लगा। आम निवेशकों का कोटा 286.20 गुना, गैर-संस्थागत निवेशकों में 531.82 गुना और क्वालीफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स में 153.03 गुना सब्सक्रिप्शन मिला। आईपीओ के बाद प्रमोटर्स की हिस्सेदारी 83.95 फीसदी से घटकर 61.71 फीसदी रह गई। अनोंदिता मेडिकेयर पुरुषों और महिलाओं के लिए फ्लेवर्ड कंडोम बनाती है। कोबरा ब्रांड के तहत कंपनी अपने फ्लैगशिप प्रोडक्ट्स बेचती है। कंपनी सालाना 562 मिलियन कंडोम का उत्पादन करती है और अपने प्रोडक्ट्स को दक्षिणपूर्व एशिया, अफ्रीका और मिडिल ईस्ट सहित अंतरराष्ट्रीय बाजारों में निर्यात करती है।

## एमफैसिस का मुनाफा 10.8 फीसदी बढ़ा

**मुंबई** आईटी कंपनी एमफैसिस ने 30 सितंबर को समाप्त दूसरी तिमाही में 10.8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 469 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया। कंपनी का परिचालन राजस्व 10.3 प्रतिशत बढ़कर 3,902 करोड़ रुपये हो गया। एमफैसिस के एक मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि एआई में हमारे शुरुआती निवेश से बदलाव चाहने वाले ग्राहकों के लिए कंपनी ने अपनी रणनीतिक स्थिति मजबूत की है। एक और मजबूत तिमाही रही जिसमें 52.8 करोड़ डॉलर के कुल अनुबंध मूल्य (टीसीवी) का सौदा मिला। यह हमारे एआई फर्स्ट दृष्टिकोण का प्रमाण है जो विविध उद्योगों में व्यावसायिक परिणाम दे रहा है।

# भारत का राजकोषीय घाटा नियंत्रण में, आर्थिक वृद्धि का रास्ता साफ

**नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के अप्रैल-सितंबर में राजकोषीय घाटा 5.73 लाख करोड़ रुपए दर्ज किया, जो पूरे वर्ष के बजट लक्ष्य का 36.5 प्रतिशत है। यह घटता राजकोषीय घाटा अर्थव्यवस्था में स्थिरता और विकास के लिए सकारात्मक संकेत है। अप्रैल-सितंबर में सरकार की कुल प्राप्तियां 17.30 लाख करोड़ रुपए और कुल व्यय 23.03 लाख करोड़ रुपए रहीं। यह क्रमशः बजट में निर्धारित लक्ष्य का 49.5 प्रतिशत और 45.5 प्रतिशत है। पिछले वर्ष की समान अवधि में व्यय 21.1 लाख करोड़ रुपए था। कुल राजस्व 16.95 लाख करोड़ रुपए रहा, जिसमें कर राजस्व 12.29 लाख करोड़ और गैर-कर राजस्व 4.66 लाख करोड़ रहे।

**RBI** से 2.69 लाख करोड़ रुपए का लाभांश प्राप्त होने से गैर-कर राजस्व में वृद्धि हुई, जो पिछले वर्ष के 2.11 लाख करोड़ से अधिक है। सरकार ने राजमार्गों, बंदरगाहों और रेलवे परियोजनाओं पर खर्च बढ़ाया, जिससे आर्थिक विकास में मदद मिलेगी। घटता राजकोषीय घाटा सरकार की उधारी को कम करता है, जिससे बैंकिंग प्रणाली में ऋण उपलब्धता बढ़ती है और उपभोक्ता व कॉर्पोरेट निवेश को बढ़ावा मिलता है।



## अमेरिकी तेल कंपनियों के मुनाफे में भारी गिरावट



**न्यूयॉर्क** अमेरिका के आर्थिक संकट के दौर में हर तरफ से बुरी खबरें आ रही है। अमेरिका में अभी शटडाउन चल रहा है। लाखों लोग बिना वेतन के काम कर रहे हैं। इसका कोई हल नहीं निकल पाया है। अमेरिका की अर्थव्यवस्था में सभी तरफ से नकारात्मक समाचार सुनने को मिल रहे हैं। हाल ही में अमेरिका की तेल कंपनियों पिछले साल के मुकाबले इस साल कम लाभ देने वाली कंपनियों में पहचान बना रही हैं। अमेरिकी कंपनियों की एसएंडपी 500 सूचकांक ने 48 फीसदी का रिटर्न दिया है। वहीं शेवरान, एक्सान मोबिल सहित कई अमेरिकी तेल कंपनियों और गैस कंपनियों ने मात्र 14 फीसदी का रिटर्न दिखाया है। यूरोपीय कंपनियों में बीपी,शेल और टोटल एनर्जीस का भी यही हाल है। यूक्रेन पर रुसी हमले के बाद तेल और गैस कारोबार को भारी धक्का लगा है। तेल कंपनियों की आर्थिक स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। कच्चे तेल और गैस के दामों में लगातार कमी देखने को मिल रही है जिसके कारण हालात और भी खराब होती जा रही है।

## 3 नवंबर से बदले यूपीआई के नियम, अब ट्रांजेक्शन होंगे और तेज़

### रिफंड जल्दी मिलेगा, एनपीसीआई ने सेटलमेंट प्रक्रिया में किया बड़ा बदलाव




**नई दिल्ली** 3 नवंबर से यूपीआई ट्रांजेक्शन नियमों में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने यूपीआई की सेटलमेंट प्रक्रिया को और तेज़ व पारदर्शी बनाने के लिए नए नियम लागू किए हैं। अब तक रोजाना 10 आरटीजीएस सेटलमेंट साइकल में ऑथराइज्ड यानी सही और डिस्प्यूट यानी विवादित ट्रांजेक्शन एक साथ प्रोसेस होते थे, जिससे देरी होती थी। अब एनपीसीआई ने इन्हें अलग-अलग साइकल में बाँट दिया है। पहले दस साइकल सिर्फ ऑथराइज्ड ट्रांजेक्शन के लिए होंगे। वहीं, विवादित ट्रांजेक्शन के लिए दो नए साइकल बनाए गए हैं, डीसी1 (मिडनाइट से दोपहर 4 बजे तक) और डीसी2 (दोपहर 4 से मिडनाइट तक)। फाइल नेमिंग में अब इनका अलग पहचान कोड जोड़ा जाएगा। इस बदलाव से सेटलमेंट प्रोसेस समय पर पूरी होगी, विवादों का समाधान तेज़ी से होगा और ग्राहकों को रिफंड जल्दी मिलेगा। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे डिजिटल पेमेंट सिस्टम अधिक भरोसेमंद बनेगा और फिनटेक कंपनियों को नई सेवाएं जैसे क्रेडिट ऑन यूपीआई, बीएनपीएल और ईएमआई लॉन्च करने में आसानी होगी।

## सेंसेक्स और निफ्टी में सप्ताहभर उतार-चढ़ाव रहा

### वैश्विक संकेतों ने निवेशकों को किया प्रभावित




**मुंबई**

इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजार ने उतार-चढ़ाव भरा प्रदर्शन देखा, जिसमें सेंसेक्स और निफ्टी दोनों प्रमुख सूचकांक वैश्विक आर्थिक संकेतों और विदेशी निवेश प्रवाह से प्रभावित रहे। सप्ताह की शुरुआत में अमेरिकी मुद्रास्फीति रिपोर्ट उम्मीद से कमजोर आई, जिससे फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की संभावनाएं मजबूत हुईं और वैश्विक बाजारों में तेजी देखने को मिली। सोमवार को सेंसेक्स 84,482.64 अंक पर खुला और 84,778.84 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 25,880.15 अंक से 25,966.05 अंक पर समाप्त हुआ। मंगलवार को अमेरिका और चीन के बीच व्यापार समझौते की उम्मीद और फेड की कटौती की संभावनाओं ने बाजार को शुरुआती कारोबार में बढ़त दी, लेकिन अंत में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों गिरावट में बंद हुए। बुधवार को फेड की ब्याज दर पर कोई तत्काल निर्णय न होने और विदेशी निवेश प्रवाह से बाजार ने तेजी दिखाई, सेंसेक्स 84,997.13 अंक पर और निफ्टी 26,053.90 अंक पर बंद हुआ। हालांकि, गुरुवार को विदेशी पूंजी निकासी और फेड के अनिश्चित संकेतों के चलते बाजार में गिरावट आई। सेंसेक्स 84,404.46 अंक पर और निफ्टी 25,877.85 अंक पर बंद हुआ। सप्ताह के अंत में, शुक्रवार को बाजार सपाट रुख के साथ बंद हुआ, जिसमें सेंसेक्स 83,938.71 अंक और निफ्टी 25,722.10 अंक पर समाप्त हुए। विश्लेषकों का कहना है कि निवेशकों की धारणा वैश्विक संकेतों, ब्याज दरों और विदेशी पूंजी प्रवाह पर निर्भर रही। सप्ताहभर के उतार-चढ़ाव ने यह साफ किया कि बाजार में विदेशी आर्थिक नीतियों और घरेलू निवेश प्रवाह का प्रभाव स्पष्ट रूप से देखा जा रहा है। आने वाले सप्ताह में वैश्विक आर्थिक घटनाओं और फेड के संकेतों पर बाजार की नजरें रहेंगी।

# एसीसी का मुनाफा बढ़कर 1,119 करोड़ हुआ

**मुंबई**

अंबुजा सीमेंट की सहायक कंपनी एसीसी का वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में मुनाफा 460.6 प्रतिशत बढ़कर 1,119.23 करोड़ रुपये हो गया। इसमें वृद्धि उच्च प्रीमियम बिक्री और पहले की अवधियों से जुड़े कर समायोजन के कारण हुई। एसीसी ने अदालती फैसलों के बाद इस अवधि में अपनी कर देनदारियों और प्रावधानों का फिर से मूल्यांकन किया। इन फैसलों के आधार पर प्रबंधन ने तय किया कि पिछले वर्षों के कुछ प्रावधानों की अब जरूरत नहीं है और पिछली अवधियों से संबंधित कर समायोजन और बट्टे खाते वाले 658.42 करोड़ रुपये (31 मार्च, 2025 तक 12.36 करोड़ रुपये) फिर से खाते में ले लिए गए। वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में एसीसी का कर-पूर्व लाभ (पीबीटी) सालाना आधार पर 139.2 प्रतिशत बढ़कर 763 करोड़ रुपये हो गया। तिमाही के लिए एसीसी का राजस्व 5,932 करोड़ रुपये रहा जो पिछले साल की तुलना में 23.8 प्रतिशत अधिक है और दूसरी तिमाही में अब तक का सर्वोच्च स्तर है। एसीसी ने बताया कि वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में सीमेंट की मांग मध्यम रही और सालाना 5.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जीएसटी को 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने से आर्थिक धारणा में सुधार हुआ है। विश्लेषकों के 295.4 करोड़ रुपये के अनुमान से कहीं ज्यादा लाभ रहा। राजस्व भी विश्लेषकों के 5,307.7 करोड़ रुपये के अनुमान से अधिक रहा।



## नायरा एनर्जी ने रिफाइनरी क्षमता बढ़ाई, रूसी तेल पर निर्भरता जारी




**नई दिल्ली** रूस समर्थित भारतीय रिफाइनर नायरा एनर्जी ने अपनी वाडिनार रिफाइनरी में कच्चे तेल के प्रसंस्करण को 90-93 फीसदी तक बढ़ा दिया है। यह कदम इस साल की शुरुआत में यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों के बाद परिचालन में आई गिरावट के बाद उठाया गया। जुलाई में ईयू प्रतिबंधों के कारण रिफाइनरी क्षमता 70-80 फीसदी तक घट गई थी। प्रतिबंधों से पहले यह संयंत्र अपनी क्षमता का 104 फीसदी तक चला करता था। तेल प्रसंस्करण में गिरावट से नायरा के तेल निर्यात पर असर पड़ा। प्रमुख आपूर्तिकर्ता जैसे इराक और सऊदी अरब ने कंपनी को कच्चे तेल की बिक्री रोक दी। नायरा रिफाइनरी केवल रूसी तेल से संचालित हो रही है। यह तेल रोसनेफ्ट ने उपलब्ध कराया, जिसके पास नायरा में 49.13 फीसदी हिस्सेदारी है। अमेरिका ने रोसनेफ्ट पर भी प्रतिबंध लगाया है। नायरा गैर-स्वीकृत संस्थाओं के माध्यम से रूसी तेल खरीदना जारी रख सकती है, हालांकि भुगतान का तरीका स्पष्ट नहीं है।

# कमर्शियल सिलेंडर के दाम पांच रुपए घटे, अब 1,590.50 रुपए प्रति सिलेंडर

### नई दरें 1 नवंबर 2025 से लागू

**नई दिल्ली**

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार नरमी का असर अब भारत के ऊर्जा क्षेत्र पर भी दिखाई देने लगा है। नवंबर 2025 की शुरुआत के साथ ही देश की तीनों सरकारी तेल विपणन कंपनियों–इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 5 रुपए की कटौती की है। नई दरें के अनुसार दिल्ली में 19 किलो वाले कमर्शियल सिलेंडर की कीमत 1,595.50 रुपए से घटकर 1,590.50 रुपए हो गई है।

कोलकाता में यह अब 1,694, मुंबई में 1,542 और चेन्नई में 1,750 रुपए प्रति सिलेंडर हो गई है। सभी महानगरों में 5 प्रति सिलेंडर की समान राहत दी गई है। नई दरें 1 नवंबर 2025 से लागू हो गई हैं।

हालांकि, घरेलू एलपीजी (14.2 किलो सिलेंडर) के दामों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। तेल कंपनियों के अनुसार हाल के हफ्तों में कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतें 85 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आने के कारण एलपीजी की उत्पादन लागत में कमी आई है। चूंकि एलपीजी कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस प्रोसेसिंग का उप-उत्पाद है, इसलिए क्रूड की कीमतों में गिरावट का सीधा असर इस पर पड़ता है। इसीलिए कंपनियों ने होटल, रेस्टोरेंट और छोटे व्यवसायों को राहत देने के लिए कमर्शियल सिलेंडर सस्ता करने का निर्णय लिया है।

वहीं, घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। दिल्ली में घरेलू रसोई गैस का 14.2 किलो वाला सिलेंडर अब भी 853 प्रति यूनिट पर उपलब्ध रहेगा।

## इस महीने नवंबर में 11 दिन बंद रहेंगे बैंक, जारी रहेंगी ऑनलाइन सेवाएं

### रविवार, दूसरा और चौथा शनिवार सहित कुछ राज्य–विशेष

**नई दिल्ली**




अगर आप इस महीने बैंक से जुड़ा कोई जरूरी काम निपटाने की योजना बना रहे हैं, तो पहले बैंक हॉलिडे की लिस्ट जरूर देख लें। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के कैलेंडर के अनुसार इस महीने बैंकों में कुल 11 दिन अवकाश रहेगा। इनमें रविवार, दूसरा और चौथा शनिवार सहित कुछ राज्य-विशेष त्योहारों की छुट्टियां शामिल हैं। हालांकि ये छुट्टियां पूरे देश में एक समान नहीं होंगी। महीने की शुरुआत 1 नवंबर शनिवार से ही छुट्टी के साथ होगी, जब कर्नाटक में राज्योत्सव दिवस और उत्तराखंड में इगास-बग्वाल मनाया जाएगा। इसके बाद 2 नवंबर को रविवार का साप्ताहिक अवकाश रहेगा। 5 नवंबर बुधवार को गुरु नानक जयंती और कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, झारखंड, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर सहित कई राज्यों में बैंक बंद रहेंगे। 7 नवंबर को मेघालय में वांगला फेस्टिवल के कारण अवकाश रहेगा, जबकि 8 नवंबर दूसरा शनिवार और 9 नवंबर रविवार होगा। 11 नवंबर को सिक्किम में बौद्ध पर्व ल्हाबाब दुचेन के चलते बैंक बंद रहेंगे। महीने के अंत में 16, 23 और 30 नवंबर को रविवार के अवकाश के अलावा 22 नवंबर को चौथे शनिवार का अवकाश रहेगा। बैंक बंद रहने के बावजूद ग्राहकों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। नेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई और एटीएम सेवाएं पहले की तरह जारी रहेंगी। हालांकि चेक क्लीयरिंग और अन्य ओवर-द-काउंटर सेवाएं इन दिनों प्रभावित रहेंगी। इसलिए, अगर आपको बैंक ब्रांच में जाकर कोई काम निपटाना है, तो अपनी योजना इन छुट्टियों को ध्यान में रखते हुए बनाएं।

## वोल्वो कंपनी 21 जनवरी को पेश करेगी ईएक्स 60 एसयूवी



**नई दिल्ली**

स्वीडिश कंपनी वोल्वो अपनी इलेक्ट्रिक लाइनअप में नया मॉडल जोड़ने जा रही है। वोल्वो कंपनी 21 जनवरी, 2026 को ईएक्स 60 पेश करेगी, जो कि एक्ससी60 एसयूवी का पूरी तरह इलेक्ट्रिक वर्जन है।

ईएक्स60 के लॉन्च के साथ वोल्वो अपने इलेक्ट्रिक पोर्टफोलियो को मजबूत करने की तैयारी कर रही है। यह प्रीमियम मिड-एसयूवी सेगमेंट में वोल्वो के वॉल्यूम गेम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

टीजर इमेज में ईएक्स60 में वोल्वो के सिग्नेचर हेडलैंप और टेल लैंप डिजाइन दिखाए गए हैं। इसकी शेप मौजूदा आईसीई एक्ससी 60 के स्क्वेयर लाइनों के मुकाबले ज्यादा क्रॉसओवर स्टाइल में है, जो कंपनी की भविष्य की एसयूवी डिज़ाइन भाषा का संकेत देती है। यह मॉडल ज्यादातर मार्केटों के लिए वोल्वो के टॉर्सलैंडा प्लांट, गोथेनबर्ग के पास, में बनाई जाएगी। हालांकि भारत जैसी जगहों के लिए लोकल असेंबली की भी संभावना है, ताकि लागत और प्रतिस्पर्धी कीमत को संतुलित किया जा सके। भारतीय बाजार में वोल्वो की पकड़ अभी सीमित है, इसलिए कीमत कंपनी के लिए सबसे अहम कारक रहेगी।

ईएक्स60 से पहले, वोल्वो इंडिया 2026 में अपनी फ्लैगशिप ईएक्स90 एसयूवी लॉन्च करेगी। कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन की बात करें तो क्यू3 2024 में वोल्वो का रेवेन्यू एसईके 86.4 बिलियन रहा, जो पिछले साल रिकॉर्ड किए गए एसईके 92.8 बिलियन से थोड़ा कम है। वहीं, ऑपरेटिंग इनकम पिछले साल के एसईके 5.8 बिलियन से बढ़कर सुधार दिखा, जो एसईके 18 बिलियन के कॉस्ट और कैश एक्शन प्लान के असर को दर्शाता है।

## दुबई से भारत का चावल महंगे दाम में खरीद रहा बांग्लादेश

### राजनीतिक तनाव के चलते ट्रेड मार्ग बदला

**ढाका**

मोहम्मद युनुस के बांग्लादेश के प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत और ढाका के बीच संबंधों में खटास आई। इसके परिणामस्वरूप बांग्लादेश ने भारत से सीधे चावल आयात को कम कर दिया। सरकार का कहना है कि यह कदम भारत के साथ ट्रेड डेफिसिट को बढ़ने से रोकने के लिए लिया गया। बांग्लादेश फूड मिनिस्ट्री की योजना के अनुसार 100,000 टन चावल आयात किया जाएगा। इसमें 50,000 टन पारबॉयल्ड चावल म्यांमार से और 50,000 टन नॉन-बासमती पारबॉयल्ड चावल दुबई से खरीदा जाएगा। दुबई से खरीद का मूल्य यूएसडी 355.99 प्रति टन है, जबकि म्यांमार से यूएसडी 376.50 प्रति टन। कुल लागत लगभग 323 करोड़ रुपये होगी। विशेषज्ञों के अनुसार दुबई अपना अधिकांश चावल भारत से इंपोर्ट करता है। बांग्लादेश को भारत से सीधे खरीदने का विकल्प मौजूद होने के बावजूद उसे एक इंटरमीडियरी कंपनी के जरिए दुबई से लेना पड़ रहा है। यह कदम अतिरिक्त खर्च पैदा कर रहा है और जनता के पैसों की बर्बादी माना जा रहा है। खाद्य विभाग के प्रोक्योरमेंट डायरेक्टर मोहम्मद मोनिरुज्जमां का कहना है कि सप्लायर का ऑफिस दुबई में है। चावल का स्रोत भारत है। मीडिया रिपोर्ट आने पर हम क्या कह सकते हैं। सरकार का तर्क है कि यह कदम ट्रेड डेफिसिट को संतुलित करने और राजनीतिक तनाव कम करने के लिए आवश्यक था।



# बेगूसराय में राहुल गांधी ने मछली पकड़ी, तालाब में भी नहाए





## सभा में कहाः मोदी अडाणी-अंबानी से भी डरते हैं, जीतने के लिए डांस कर सकते हैं

**बेगूसराय।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी खगड़िया पहुंचे हैं। इससे पहले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने बेगूसराय में चुनावी सभा को संबोधित किया। सभा के बाद वो वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी के साथ 3ङ्ट दूर तालाब में पहुंचे। मछुआरों के साथ मिलकर जाल से मछलियां पकड़ीं। नाव पर सवार होकर तालाब में गए और छलांग लगाई। इस दौरान मुकेश सहनी कांग्रेस नेता कन्हैया और बेगूसराय सदर से कांग्रेस प्रत्याशी अमिता भूषण भी नाव पर मौजूद थीं। जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल ने ढट मोदी पर निशाना साधा। राहुल ने कहा, '56 इंच की छाती वाला डरपोक है। गांधी जी की छाती बड़ी नहीं थी, लेकिन वो किसी से डरते नहीं थे। इंदिरा भी किसी से नहीं डरती थीं। उन्होंने कहा, 'मोदी डरपोक हैं। इस मर्द से ज्यादा दम इंदिरा में था। मोदी जी ट्रम्प से डरते हैं। 50 बार अमेरिकी राष्ट्रपति ने बोला है। मैंने नरेंद्र मोदी को डराकर ऑपरेशन सिंदूर बंद कराया है।' राहुल ने कहा, 'मोदी जी को आप बोलो योग के 3-4 आसन करो हम आपको जिता देंगे। वो करने लगेंगे। आज कहो आप डांस करो, हम जिता देंगे वो डांस करने लगेंगे। चुनाव के बाद अडाणी, अंबानी इनसे जो मांगेंगे ये दे देंगे।' 'ट्रंप अलग-अलग देशों में जाकर उनका अपमान कर रहा है। कहता है मैंने मोदी को झुका दिया। उनके मुंह से एक आवाज नहीं निकली। ऐसा आदमी बिहार में कभी



विकास नहीं ला सकता। ट्रम्प हमारी सेना के बारे में बोल रहा है। हमारी वायुसेना के बारे में बोल रहा है। मोदी जी चुप हैं।' 'इंदिरा गांधी ने अमेरिका को चुप करा दिया था। ट्रम्प कहता है मैंने मोदी को फोन लगाया कि ऑपरेशन सिंदूर रोको और फिर ऑपरेशन रुक गया। मैं मोदी जी को चैलेंज करता हूं बिहार आकर कहें कि ट्रम्प झूठ बोल रहा है।' राहुल ने कहा, मोदी सिर्फ अमेरिका के राष्ट्रपति से नहीं डरते हैं, उनका कंट्रोल अडाणी और अंबानी के भी हाथ में हैं। चुनाव के दिन तक आप जो भी कहेंगे मोदी वो करेंगे. चुनाव के बाद न आएंगे, न कुछ करेंगे। अगली बार जब वो आए तो कहना मोदी जी हम आपको ये सीट जितवा देंगे, आप डांस करो, वो कर देंगे। आज कहो आप डांस करो, हम जीता देंगे वो डांस करने लगेंगे। राहुल गांधी ने कहा, मैं बिहार के युवाओं से सवाल पूछना चाहता हूं। मैं देश के किसी भी प्रदेश में जाता हूं तो वहां मुझे बिहार के लोग दिखाई देते हैं। दुबई जैसी जगह को आपने अपने खून पसीने से बनाया है। मेरा आपसे सवाल है कि जब आप दुबई और बेंगलुरु जैसा शहर बना सकते हो तो ये बिहार में क्यों नहीं कर पाते हो। एक समय होता था जब नालंदा की यूनिवर्सिटी पूरी दुनिया में मशहूर थी। जापान, कोरिया, इंग्लैंड से लोग पढ़ाई करने आते थे। दुनिया की शिक्षा का सेंटर नालंदा था। आज बिहार की यूनिवर्सिटी के बार में दूसरे लोगों से पूछिए। कहते हैं यहां सिर्फ पेपर लीक होता है। जिनकी सेटिंग है उन्हें पेपर मिल जाता है। बिहार के बाकी युवा देखते रह जाते हैं। मछली पकड़ने के बाद राहुल गांधी तालाब के पास रहने वाले महादेव साह के घर पहुंचे। वहां चापानल में स्नान किया और परिवार के लोगों के साथ सेल्फी ली। इसके बाद निकल गए। परिवार के सदस्यों ने बताया, 'राहुल गांधी आए थे, पूछा कैसे हो। हमलोगों ने के साथ सेल्फ ली। कपड़े बदलने के बाद वो चले गए। उन्होंने परिवार के लोगों से हालचाल पूछा। करीब 10 मिनट तक रूके। मेरे घर में बाथरूम टूटा हुआ था, इसलिए चापानल पर स्नान किया।' राहुल गांधी नाव से तालाब में गए, फिर जाल से मछलियां पकड़ीं। उसके बाद नाव से ही पानी में कूद गए। राहुल गांधी, मुकेश सहनी और कन्हैया ने साथ-साछ डुबकी लगाई। राहुल ने कहा- नरेंद्र मोदी रील बनाने को क्यों कहते हैं? क्योंकि वो नहीं चाहते कि युवाओं को समझ आए कि अडाणी के साथ उनकी पार्टनरशिप है। जिस दिन युवाओं को ये बात समझ आ गई, उस दिन नरेंद्र मोदी और अडाणी की दुकान बंद हो जाएगी। इंस्ट्राग्राम और फेसबुक पर रील बनाने के लिए इसलिए कहा जाता है कि असल मुद्दों से आपका ध्यान भटकाया जाए। राहुल गांधी ने कहा, "बिहार में हमारा महागठबंधन सत्ता में आएगा और हम आपको सर्वोत्तम शिक्षा प्रदान करेंगे। मैं आपको व्यक्तिगत गारंटी देता हूं कि जिस दिन केंद्र में क्ठउक्अ गठबंधन सत्ता में आएगा, हम नालंदा विश्वविद्यालय जैसा अच्छा विश्वविद्यालय खोलेंगे। हम ऐसा विश्वविद्यालय खोलेंगे जहां दुनिया भर से छात्र आएंगे और दाखिला लेंगे।" राहुल गांधी बोले, बीजेपी वाले आपको डाटा दे रहे हैं। इससे आप इंस्टाग्राम चला रहे हैं। ये सारा पैसा अडाणी, अंबानी जी के पास जा रहा है। इंस्टाग्राम पर रील देखकर आपको क्या मिलता है। आपका टाइम बिगड़ता है। हम चाहते हैं कि आपको रोजगार मिले। मोदी जी झूठ बोल रहे हैं। मैंने आपके लिए ये किया वो किया। वो अडाणी के लिए सब काम कर रहे हैं। वो आपको इसलिए रील बनाने में लगाकर रखते हैं कि जिस दिन देश के लोगों ने ये बात समझ ली कि नरेंद्र मोदी और अडाणी की पार्टनरशिप है। जिस दिन युवाओं को समझ आ गया कि जमीन लूटी जा रही है। किसानों को लूटा जा रहा है तो इनकी दुकान बंद हो जाएगी।

# 'रोड-नाला नहीं तो वोट नहीं'



## केवटी विधानसभा में मतदाताओं ने किया बहिष्कार का ऐलान, मचा हड़कंप

**दरभंगा।** विधानसभा चुनाव से ठीक चार दिन पहले केवटी विधानसभा क्षेत्र के नयागांव पश्चिमी पंचायत के वार्ड संख्या 7 में मतदाताओं ने वोट बहिष्कार का ऐलान कर दिया है। करीब 800 मतदाताओं वाले इस वार्ड में ग्रामीणों ने साफ कहा है कि जब तक सड़क और नाले का निर्माण नहीं होगा, वे वोट नहीं डालेंगे। इस घोषणा के बाद प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया है।

शनिवार को वार्ड नंबर 7 के सैकड़ों ग्रामीणों ने मुख्य सड़क के मुहाने पर बैनर लगाकर नारेबाजी की और कहा, ह्लरोड-नाला नहीं तो वोट नहीं।ह्व ग्रामीणों का कहना है कि नयागांव बैंक चौक से मुस्लिम टोल मस्जिद तक सड़क और नाले का निर्माण वर्षों से नहीं हुआ है। इसी वजह से पूरे इलाके में जलजमाव की गंभीर समस्या बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि सुखाड़ के मौसम में भी सड़कों और घरों के सामने पानी जमा रहता है। बरसात में हालात और भी खराब हो जाते हैं। बच्चों और महिलाओं के पैरों में सूजन, संक्रमण और त्वचा रोग जैसी दिक्कतें बढ़ गई हैं। करीब 200 परिवारों वाले इस वार्ड में मुस्लिम, तेली और पासवान समुदाय के लोग रहते हैं। सभी समुदायों ने मिलकर एकजुट होकर मतदान बहिष्कार का निर्णय लिया है। ग्रामीणों ने यहां तक कहा है कि जब तक सड़क और नाले का निर्माण शुरू नहीं होगा, तब तक कोई भी नेता वोट मांगने के लिए वार्ड में प्रवेश नहीं कर पाएगा। गुस्साए ग्रामीणों ने नयागांव स्टेट बैंक के पास सड़क किनारे बैनर लगाकर पूर्व विधायक, वर्तमान विधायक और सांसद को वार्ड में घुसने से मना कर दिया है। उन्होंने कहा, वोट मांगने वाले किसी भी नेता को अब वार्ड में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इस आंदोलन की अगुवाई शत्रुघ्न शाह कर रहे हैं।

## मोन्था तूफान का असर खत्म

**पटना।** बिहार में चक्रवात 'मोन्था तूफान' का असर लगभग खत्म हो गया है। पिछले 3 दिनों से हो रही बारिश और ठंडी हवा के बाद आज यानी रविवार से प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में मौसम सामान्य हो जाएगा। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, बिहार में आज बारिश होने की संभावना नहीं है। हालांकि, कटिहार और किशनगंज जिले ऐसे हैं, जहां अभी भी हल्के बादल छाए रहेंगे। इसके साथ ही इन दोनों जिलों में कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। इसके अलावा राज्य के बाकी सभी जिलों में मौसम सामान्य रहेगा। राजधानी पटना में आज सुबह हल्के बादल छाए रहे, लेकिन दिन चढ़ने के साथ ही आसमान होता गया।

## संक्षिप्त डायरी

### मनोज तिवारी के रोड शो के दौरान बवाल, सांसद बोलेः राजद समर्थकों ने हमें कुचलने की कोशिश की



**बक्सर।** भारतीय जनता पार्टी सांसद मनोज तिवारी के रोड शो के दौरान बवाल हो है। मनोज तिवारी पर हमला हुआ। ऐसा दावा उन्होंने खुद किया है। उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल के समर्थकों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि डुमरांव में रोड शो के दौरान उन पर हमला किया गया। हमने डुमरांव, बक्सर में रोड शो किया और मैं यह देखकर हैरान रह गया कि कैसे राजद समर्थकों ने हमारे कार्यक्रम में घुसपैठ की। राजद समर्थकों ने नारेबाजी शुरू कर दी। पहले हमें हूट किया गया, फिर किसी ने हमारी गाड़ी पर राजद का झंडा लगाने की कोशिश की। जब हमने इसका विरोध किया, तो उन्होंने हमें कुचलने की कोशिश की और अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया।मनोज तिवारी ने आगे कहा कि मोकामा जैसी घटना दोबारा न हो, इसलिए हमने अपने ड्राइवरों को गाड़ियां तेजी से निकालने का निर्देश दिया। लेकिन उन्होंने हमारी गाड़ियों पर डंडों से हमला किया, जिससे हमें वहां से भागना पड़ा। मैं चुनाव आयोग, प्रशासन और महागठबंधन के नेताओं से अपील करता हूं। चुनाव के दौरान ऐसा व्यवहार कैसा है? यह एक खुला अपराध है। हार के डर से राजद वाले ऐसा कृत्य करेंगे यह मैं कभी सोच भी नहीं सकता हूं। उन्होंने बताया कि इस घटना की शिकायत दर्ज कराई गई है। मैंने इस मामले में पुलिस अधीक्षक से बात की गई है। उनसे जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### छपरा में फजीवर्ाड़े पर कड़ी कार्रवाई! छह शिक्षकों पर गिरी गाज, सभी निलंबित

**छपरा।** बिहार के सारण जिले में फर्जी शैक्षणिक प्रमाणपत्र के आधार पर शिक्षक की नौकरी पाने वाले शिक्षकों पर निगरानी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। मांझी प्रखंड में पदस्थापित छह नियोजित शिक्षकों के फर्जी दस्तावेज का मामला सामने आने के बाद विभाग ने सभी पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। निगरानी विभाग के सहायक पुलिस उपाधीक्षक सह जांचकर्ता पवन कुमार ने मांझी थाने में सभी छह शिक्षकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। इसके बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) निशांत किरण ने नोडल पदाधिकारी (निगरानी जांच) सह स्थापना डीपीओ धनंजय पासवान और मांझी के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को पत्र भेजकर सभी आरोपित शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का निर्देश दिया है। डीईओ निशांत किरण ने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय में दायर जनहित याचिका के आलोक में मांझी प्रखंड के शिक्षकों के प्रमाणपत्रों का सत्यापन किया जा रहा था। सत्यापन के दौरान संबंधित बोर्डों के सचिवों से रिपोर्ट मंगाई गई। प्राप्त प्रतिवेदन में कई प्रमाणपत्र फर्जी और त्रुटिपूर्ण पाए गए, जिसके बाद निगरानी विभाग ने कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज की है। डीईओ ने आगे बताया कि निलंबन के बाद विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है। साथ ही कानूनी प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नौकरी पाने वाले किसी भी शिक्षक को बख्शा नहीं जाएगा।

## बेगूसराय के साहेबपुर कमाल क्षेत्र में पीके का रोड शो



**बेगूसराय ।** जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर आज बेगूसराय के दौरे पर हैं। साहेबपुर कमाल विधानसभा क्षेत्र में रोड शो के जरिए पार्टी के प्रत्याशी के लिए आम जनता से समर्थन मांगा। इस दौरान समर्थकों ने जेसीबी से फूल बरसा कर प्रशांत किशोर का स्वागत किया। साहेबपुर कमाल, बेगूसराय और चेरिया बरियारपुर विधानसभा क्षेत्र में करीब 80 किलोमीटर लंबा रोड-शो करेंगे। प्रशांत किशोर का काफिला मुंगेर पुल पारकर बेगूसराय जिला की सीमा में प्रवेश किया। यहां शालिग्रामी गांव के पास जोरदार स्वागत किया गया। यहां से बलिया, बेगूसराय शहर, मंझौल होते हुए बेगूसराय जिला की सीमा तक जाएंगे। कुल तीन विधानसभा क्षेत्र से होकर काफिला गुजरेगा। इस दौरान रास्ते में मल्हीपुर अंबेडकर चौक, पंचवीर चौक, हिंदी पुस्तकालय लखमीनिया पूर्वी, लखमीनिया फूल चौक, पटेल चौक, बलिया मामू भांजा मजार चौक, खातोपुर चौक, विष्णुपुर चौक, काली स्थान, ट्रैफिक चौक, सुभाष चौक, वीर कुंवर सिंह चौक पनहांस, रजौड़ा चौक में स्वागत की तैयारी है। इसके बाद सिऊरी पुल, मंझौल बस स्टैंड, चेरिया बरियारपुर विश्वकर्मा चौक, खोदावंदपुर प्रखंड कार्यालय के समीप एवं बारा हाट के समीप स्वागत किया जाएगा। इस दौरान प्रशांत किशोर जगह-जगह जनसंपर्क कर लोगों से बिहार में बदलाव के लिए वोट देने की अपील करेंगे। साथ में संबंधित विधानसभा के प्रत्याशी भी मौजूद रहेंगे।

# कोर्ट में पेश हुए बाहुबली अनंत सिंह, दुलारचंद के पोता ने कहाः न्याय नहीं मिला है

**पटना।** मोकामा विधानसभा में जनसुराज के प्रत्याशी के समर्थक दुलारचंद यादव की हत्या मामले में जनता दल यूनाईटेड के प्रत्याशी अनंत सिंह की गिरफ्तार कर पटना में रखा गया है। रविवार सुबहर से दोपहर 12 बजे तक पटना एसएसपी ऑफिस के रंगदारी सेल में उनसे पूछताछ चली। कड़ी सुरक्षा के बीच उन्हें सेल में रखा गया है। यहां से उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। पटना पुलिस उन्हें रिमांड पर नहीं लेगी।

कोर्ट से सीधे उन्हें बेऊर जेल भेजा जाएगा। वहीं मुख्य चुनाव आयुक्त ने इस मामले में प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मोकामा मर्डर केस पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग के लिए न कोई पक्ष है और न कोई विपक्ष। चुनाव आयोग यह स्पष्ट करना चाहता है कि हिंसा की कोई भी गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। माहौल खराब करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इधर, डीजीपी विनय कुमार ने कहा, ह्लएसएसपी पटना ने प्रेस ब्रीफिंग में स्पष्ट किया



है कि गिरफ्तारियां कैसे की गईं। यह पूरी तरह जांच का विषय है। जांच के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि किसकी क्या मंशा थी। इस घटना में दुलारचंद यादव की मौत हुई थी। वहां दोनों प्रत्याशियों के समर्थकों के बीच झड़प हुई थी। दोनों पक्षों के वाहन सवार समर्थकों के बीच टकराव हुआ और पथराव भी किया गया। इन सभी घटनाओं के संबंध में मामले दर्ज किए गए हैं, और अब तक 80 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें यह हत्या मामला भी शामिल है। जो लोग इन घटनाओं में शामिल पाए जा रहे हैं, उन्हें सबूतों के आधार पर गिरफ्तार किया जा रहा है। अभी तक हथियार बरामद नहीं हुआ है। उसे बरामद करने के प्रयास जारी हैं। सबसे पहले यह स्थापित किया जा रहा है कि गोली किसने चलाई। हथियार बरामद होने के बाद फॉरेंसिक जांच कराई जाएगी। दुलारचंद यादव हत्याकांड में अनंत सिंह की गिरफ्तारी पर दुलारचंद यादव के पोते नीरज यादव ने कहा कि अनंत सिंह की गिरफ्तारी हुई है, लेकिन बाकी चार आरोपी अभी भी खुलेआम घूम रहे हैं। अनंत सिंह सरदार हैं और उनके चार चेला आजाद हैं। वे मेरी जान के लिए खतरा बने हुए हैं।इस मामले के पीछे साज़िश है और इसमें कई लोग शामिल हैं। मेरी मांग है कि बाकी चारों आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। मैं चाहता हूं कि अनंत सिंह को फांसी की सजा दी जाए। मुझे लगता है कि इस मामले में सरकार की भी भूमिका है। सिर्फ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, जबकि बाकी चार लोगों की गिरफ्तारी छह नवंबर के बाद की जाएगी। मैं सभी से निवेदन करता हूं कि मुझे और मेरे परिवार को न्याय दिलाया जाए। मेरा फिलहाल कोई राजनीतिक उद्देश्य नहीं है, मैं सिर्फ न्याय चाहता हूं।

इधर, अनंत सिंह राजद नेता तेजस्वी यादव और उनके बड़े भाई व जन शक्ति जनता दल के नेता तेज प्रताप यादव ने कहा कि यह गिरफ्तारी तो होनी ही थी। तेज प्रताप ने कहा कि जिस व्यक्ति पर आपराधिक मामले दर्ज हों, उसकी गिरफ्तारी तो निश्चित रूप से होगी ही। वहीं केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि नीतीश कुमार की कानून व्यवस्था सबके लिए समान है। दोषियों पर कार्रवाई हो रही है और पुलिस प्रशासन अपना काम सही ढंग से कर रहा है।

# मुंगेर में तेजस्वी ने कहाः सरकार बनते ही टोपो लैंड-खास महाल की समस्या होगी दूर

**मुंगेर।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने रविवार को मुंगेर विधानसभा क्षेत्र के चरवाहा स्कूल मैदान में आयोजित चुनावी सभा में महागठबंधन प्रत्याशियों के पक्ष में वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर राज्य में महागठबंधन की सरकार बनती है, तो हर परिवार से एक-एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाएगी। तेजस्वी ने कहा एक मौका दीजिएगा तो नौकरी पक्की मिलेगी। उन्होंने कहा कि जनता अगर उन्हें मुख्यमंत्री बनाएगी, तो मुंगेर जिले की हर समस्या का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार बनते ही टोपो लैंड और खास महाल की समस्या दूर की जाएगी।



रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और किसानों की परेशानी को लेकर उन्होंने एनडीए सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से बिहार बेरोजगारी, पलायन और महंगाई से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सरकार बनी तो युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और विकास की नई दिशा मिलेगी। तेजस्वी ने मंच से कहा कि मुंगेर से राजद प्रत्याशी मुकेश यादव, तारापुर से अरुण कुमार और जमालपुर से महागठबंधन प्रत्याशी नरेंद्र तांती को विधानसभा भेजें। उन्होंने कहा, जब ये तीनों विधायक बनकर विधानसभा पहुंचेंगे, तभी तेजस्वी मुख्यमंत्री बनेगा। आप लोग हमें मुख्यमंत्री बनाइएगा न। सभा स्थल पर भारी भीड़ उमड़ी रही। लोगों के उत्साह को देखकर तेजस्वी ने कहा कि यह जनसैलाब बताता है कि जनता अब बदलाव चाहती है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता इस बार विकास, रोजगार और न्याय के नाम पर वोट देगी। उन्होंने विश्वास जताया कि महागठबंधन की जीत तय है और बिहार में जनता का राज स्थापित होगा। सभा में तीनों विधानसभा से लोग पहुंचे थे।

# 'लालू-राहुल एंड कंपनी ने 12 लाख करोड़ के घोटाले किए'

## वैशाली में शाह बोलेः कांग्रेस ने राम मंदिर लटकाकर रखा; हम बिहार को बाढ़ मुक्त बनाएंगे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह वैशाली के महुआ में जनसभा की। शाह ने कहा, लोकतंत्र की जननी वैशाली की जनता का उत्साह बता रहा है कि बिहार में एक बार फिर NDA सरकार ही आने वाली है।' उन्होंने लालू यादव और राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा, 'लालू-राबड़ी के जंगलराज में आए दिन बिहार में नरसंहार होते थे, हत्याएं होती थी। अपहरण, फिरौती के उद्योग चलते थे और महिलाओं की अस्मिता भी लूटी जाती थी। कांग्रेस ने राम मंदिर को लटका-भटका कर रखा।' अब वही जंगलराज नए चेहरों के साथ, नए कपड़ों में और नए भेष में आ रहा है। शाह ने कहा, 'लालू एंड कंपनी और राहुल एंड कंपनी ने 12 लाख करोड़ रुपए के घपले-घोटाले और भ्रष्टाचार किए हैं। इन्होंने बाढ़ राहत में भी घोटाला किया है। आप फिर से NDA सरकार बनाइए, हम बिहार को बाढ़ मुक्त बनाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा, 'महागठबंधन में तू-तू मैं-मैं हो रही है। जिस गठबंधन में एकता ना हो, वह गठबंधन बिहार को एक नहीं रख सकता। बिहार को एक रखना, सुरक्षित रखना और समृद्ध बनाना सिर्फ और सिर्फ नीतीश जी और मोदी जी के नेतृत्व में ठउ्अ कर सकता है।' इससे पहले उन्होंने मुजफ्फरपुर के बिशुनपुर सरैया में रविवार को सभा की। उन्होंने कहा, 6 तारीख को आपको मतदान करना है। यहां पर NDA के 6 कैंडिडेट्स हैं। एक हमारे मंत्री जी भी हैं। इन्हें जिताने के लिए वोट देना है। आपका वोट किसी प्रत्याशी को विधायक और मंत्री बनाने के लिए मत दीजिएगा, आपका वोट बिहार को जंगलराज से बचाने के लिए होगा। ये लोग कपड़े और चेहरे बदलकर फिर जंगलराज लाएंगे। इन लोगों को वापस मत



आने देना। आप बताइए लालू-राबड़ी के राज में कुछ हो सकता है क्या। सिर्फ नरेंद्र और मोदी की देश का विकास कर सकते हैं। लालू-राबड़ी के शासन में गोपालगंज के उ्ट की पीट-पीटकर हत्या हुई थी। अगर फिर से लालू के बेटे CM बनते हैं तो बिहार में 3 नए मंत्रालय खुलेंगे। एक मंत्री बनेगा अपहरण की इंडस्ट्री चलाने वाला मंत्री, एक रंगदारी चलाने वाला मंत्री, तीसरी बनेगा अपहरण और खून को बढ़ावा देने वाला मंत्री। अगर आपने नीतीश जी और मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनाई तो बाढ़ मुक्त मंत्रालय बनाया जाएगा। हम महिलाओं को 10 हजार रुपए रोजगार के लिए दे रहे हैं। RJD के सांसद को दर्द हो रहा है कह रहे हैं पैसे क्यों बांट रहे हो। अरे किसी में दम नहीं जो महिलाओं को देने वाले पैसे रोक ले। मैं लालू जी से पूछना चाहता हूं जब आप केंद्र में मंत्री थे। आपने बिहार को क्या दिया। उन्होंने सिर्फ 2 लाख 80 हजार करोड़ दिया था। मोदी जी ने 2014 से 2025 तक 18 लाख 15 हजार करोड़ बिहार के विकास के लिए दिए हैं। इसके अलावा 8 करोड़ 52 लाख लोगों को मुफ्त अनाज दिया। 44 लाख लोगों को हम घर दे चुके हैं। CM और PM की वैकेंसी खाली नहींः लालू जी और सोनिया जी, दोनों को देश की नहीं, अपने परिवार की चिंता है। लालू जी चाहते हैं कि उनका बेटा सीएम बने, और सोनिया जी चाहती हैं कि उनका बेटा पीएम बने। लेकिन दोनों को मैं बता दूं कि न तेजस्वी सीएम बन सकते हैं, न राहुल पीएम क्योंकि जगह की खाली नहीं है। बिहार में नीतीश बाबू हैं, और दिल्ली में मोदी जी हैं। लालू जी ने सिर्फ घोटाले पर घोटाले किएः बिहार में लालू और राबड़ी ने भी बहुत काम किया है। मैं बताता हूं, चारा घोटाला, लैंड फॉर जॉब स्कैम, होटल बेचने का स्कैम, बाढ़ राहत घोटाला, आय से अधिक संपत्ति का घोटाला किसने किया। ये सब इन लोगों ने ही किया। छोटे मियां तो छोटे मियां बड़े मियां सुभानअल्लाह। लालू-राबड़ी ने जो किया सो किया इनके बड़े मियां राहुल गांधी ने भी करोड़ों के घोटाले कर दिए। RJD-कांग्रेस राम मंदिर के विरोधी हैंः कांग्रेस और RJD वालों ने राम मंदिर का विरोध किया। मोदी जी ने अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनवाया। अब हम सीता जी का भव्य राम मंदिर बनाने जा रहे हैं।



# श्री हनुमानजी को खुश करने के शुभ उपाय

हनुमानजी की पूजा मंगलवार, त्रयोदशी, चतुर्दशी और खास दिनों होती है। हिन्दू धर्म के सबसे जाग्रत और सर्वशक्तिशाली देवताओं में एकमत्र हनुमानजी की कृपा जिस पर बरसरना शुरू होती है उसका कोई बाल भी बांका नहीं कर सकता। दस दिशाओं और चारों युग में उनका प्रताप है। आओ जानते हैं कि उन्हें किस तरह प्रसन्न किया जा सकता है।

- हनुमान चालीसा : प्रतिदिन हनुमान चालीसा पढ़ें। वह भी एक ही जगह बैठकर।
- तीन कोनों वाला दीपक : प्रतिदिन हनुमानजी के समक्ष तीन कोनों वाला दीपक जलाएं। दीपक में चमेली का तेल हो।
- चौला चढ़ाएं : जब भी इच्छा हो हनुमानजी को चौला चढ़ाएं। इसमें जनेऊ, लंगोट, सिंदूर, तुलसी की माला, ध्वज, चमेली का तेल, लाल फूल आदि सामग्री होती है।
- हनुमानजी का जाप करें : ऊँ श्री हनुमंते नम: का प्रतिदिन 108 बार जाप करें या साबरमंत्र को सिद्ध करें।
- श्रीराम का जाप करें : प्रतिदिन श्रीराम जी के नाम का विधिवत जाप करें।
- सुंदरकाण्ड पढ़ें : माह में एक बार सुंदरकांड और बजरंगबाण का पाठ करें।
- भोग लगाएं : हनुमानजी को मंगलवार, शनिवार या हनुमान जयंती पर पंच मेवा, केसरिया बूंदी लड्डू, इमरती, बेसन के लड्डू, चूरमा, रोठ, मालपुआ या मलाई-मिश्री के लड्डू का भोग लगाएं।
- हनुमान पूजा : प्रत्येक मंगलवार को व्रत रखकर विधिवत रूप से हनुमानजी की पूजा करें। यदि आप घोर संकट से घिरे हैं या आप हनुमानजी की पूर्ण भक्ति करना चाहते हैं तो फिर आपको मांस, मदिरा और सभी तरह का व्यवसन त्याग कर ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए प्रतिदिन विधि-विधान से हनुमानजी की पूजा या उनके मंत्र या नाम का जप करना चाहिए। हनुमानजी के साथ ही भगवान राम, लक्ष्मण और जानकी माता की भी पूजा अच्छे से करें।
- पान का बीड़ा : अपने सुनी होगी एक प्रचलित लोकोक्ति 'बीड़ा उठाना'। इसका अर्थ होता है- कोई महत्वपूर्ण या जोखिमभरा काम करने का उत्तरदायित्व अपने ऊपर लेना। यदि आपके जीवन में कोई घोर संकट है या ऐसा काम है जिसे करना आपके बस का नहीं है, तो आप अपनी जिम्मेदारी हनुमानजी को सौंप दें। इसके लिए आप मंगलवार के दिन किसी मंदिर में पूजा-पाठ करने के बाद उन्हें पान का बीड़ा अर्पित करें। रसीला बनारसी पान चढ़ाकर मांग लीजिए मनचाहा वरदान।
- गुड़-चने का प्रसाद : हनुमानजी को गुड़ और चने का प्रसाद तो अक्सर चढ़ाया ही जाता है। यह मंगल का उपाय भी है। इससे मंगल दोष मिटता है। यदि आप कुछ भी चढ़ाने की क्षमता नहीं रखते या किसी और कारण से चढ़ा नहीं पाते हैं तो सिर्फ गुड़ और चना ही चढ़ाकर हनुमानजी को प्रसन्न कर सकते हैं। हर मंगलवार और शनिवार को हनुमानजी को गुड़ और चने का भोग लगाएं। इससे आपकी सभी परेशानियां दूर हो जाएंगी। हालांकि आजकल गुड़ की जगह चिरौंजी ज्यादा मिलती है लेकिन चने के साथ गुड़ का ही संयोग होता है।



# छोटी-छोटी काली चींटियां किस्मत के बड़े बड़े दरवाजे खोल देती हैं

हर घर में कई बार थोड़ी-बहुत चींटियां दिखाई पड़ती हैं। कुछ लाल तो कुछ काली नजर आती ही है। ये चींटियां खासकर खाने के सामान के इर्द-गिर्द अधिक दिखाई पड़ती हैं। आपको बता दें कि घर में लाल चींटी और काली चींटी अलग-अलग बातों का संकेत देती हैं। आज हम आपके लिए लेकर आए हैं कुछ खास जानकारी, जिसमें आप जानेंगे कि छोटी-छोटी दिखाई देने वाली काली चींटियां कैसे आपकी किस्मत के बड़े-बड़े दरवाजे खोल सकती हैं।

- अगर आपके घर में काली चींटियां आ रही हैं तो सुख और ऐश्वर्य वाला समय आने के संकेत देती हैं।
- काली चींटियों को शकर या आटा खिलाना शुभ होता है। इससे पितृ देव प्रसन्न होते हैं।
- अगर चावल के भरे बर्तन से चींटियां निकल रही हैं तो यह शुभ संकेत है। कुछ ही दिनों में धन वृद्धि हो सकती है। यह आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी होने का संकेत है।
- वास्तु की मानें तो काली चींटियों में भगवान श्रीहरि विष्णु का वास माना जाता है। अत: घर में काली चींटियां निकलना एक तरह जीवन में खुशहाली तथा सुख-समृद्धि बढ़ने का संकेत माना जाता है।
- पूर्व दिशा से चींटियां आ रही हैं तो सकारात्मक सूचना आपके घर आ सकती है।
- पश्चिम दिशा से चींटियां आ रही हैं तो यात्रा के योग बन सकते हैं।
- काली चींटियां उत्तर दिशा से आती हैं तो धन के लिहाज से शुभ संकेत होते हैं।
- दक्षिण दिशा से आ रही हों तो मंगलकारी सूचना मिल सकती है।
- घर में रखें हुए गोल्ड की चीजों के आसपास यदि काली चींटियां निकलते दिखे तो यह बहुत ही शुभ माना जाता है, इसका अर्थ आपको नए आभूषण प्राप्त होने का संकेत समझा जाता है।
- काली चींटियां भौतिक सुख वाली चीजों के लिए शुभ मानी जाती है।



# वर्तमान में हिन्दू काल गणना के आधार पर कौन सा समय चल रहा है

**हिन्दू धर्म में ब्रह्मांड और समय को लेकर जो वृहत्तर धारणा है इसी के आधार पर पौराणिक इतिहास को प्रतिष्ठित और अनुष्ठानों को संपन्न किए जाने का क्रम प्रचलित रहा है। आओ पढ़ते हैं एक विशेष लेख को जिसके माध्यम से आप जान पाएंगे कि वर्तमान में हिन्दू काल गणना के आधार पर कौन सा समय चल रहा है।**

वैदिक ऋषि मण्डल के अनुसार वर्तमान सृष्टि पंच मण्डल क्रम वाली है। यह है- 1. चन्द्र मंडल, 2.पृथ्वी मंडल, 3.सूर्य मंडल, 4.परमेष्ठी मंडल और 5.स्वायम्भू मंडल। ये उत्तरोत्तर यानि एक के बाद दूसरे मण्डल का चक्कर लगा रहे हैं। जैसे चन्द्र पृथ्वी के, पृथ्वी सूर्य के, सूर्य परमेष्ठी के, परमेष्ठी स्वायम्भू की परिक्रमा करते हैं।

- चन्द्र द्वारा पृथ्वी की एक परिक्रमा- एक मास।
- पृथ्वी द्वारा सूर्य की एक परिक्रमा- एक वर्ष।
- सूर्य की परमेष्ठी (आकाश गंगा) की एक परिक्रमा- एक मन्वन्तर।
- परमेष्ठी (आकाश गंगा) की स्वायम्भू (ब्रह्मलोक ) की एक परिक्रमा- एक कल्प।
- स्वायम्भू मंडल ही ब्रह्मलोक है। स्वायम्भू का अर्थ स्वयं (भू) प्रकट होने वाला। यही ब्रह्माण्ड का उद्गम स्थल या केंद्र बिंदु माना जाता है।

अभी हम ''ब्रह्मा के 51वें वर्ष के 1 (पहले) दिन के 7वें मन्वन्तर के 28वें महायुग के चौथे युग (कलियुग)'' में मौजूद हैं।

हमारे पूर्वजों ने जहां खगोलीय गति के आधार पर काल का मापन किया, वहीं काल की अनंत यात्रा और वर्तमान समय तक उसे जोड़ना तथा समाज में सर्वसामान्य व्यक्ति को इसका ध्यान रहे इस हेतु एक अद्भुत व्यवस्था भी की थी, जिसकी ओर साधारणतया हमारा ध्यान नहीं जाता है।

हमारे यहां में कोई भी कार्य होता हो चाहे वह भूमिपूजन हो, वास्तुनिर्माण का प्रारंभ हो, गृहप्रवेश हो, जन्म, विवाह या कोई भी अन्य मांगलिक कार्य हो, वह करने के पहले कुछ पूजन संस्कार विधि करते हैं। उसमें सबसे पहले संकल्प कराया जाता है। यह संकल्प मंत्र यानी अनंतकाल से आज तक की समय और स्थान की स्थिति बताने वाला मंत्र है। इस दृष्टि से इस मंत्र के अर्थ पर हम ध्यान देंगे तो बात स्पष्ट हो जाएगी।-

**संकल्प मंत्र में कहते हैं.**

ऊँ अस्य श्री विष्णोराज्ञया प्रवर्तमानस्य ब्राहृणां द्वितीये परार्धे।

अर्थात : महाविष्णु द्वारा प्रवर्तित अनंत कालचक्र में वर्तमान ब्रह्मा की आयु का द्वितीय परार्ध। वर्तमान ब्रह्मा की आयु के 50 वर्ष पूरे हो गए हैं। श्वेत वाराह कल्पे कल्प यानि ब्रह्मा के 51वें वर्ष का पहला दिन है।

श्री वैवस्वतमन्वंतरे- अर्थात ब्रह्मा के दिन में 14 मन्वंतर होते हैं। उसमें सातवां मन्वंतर वैवस्वत मन्वंतर चल रहा है।

अष्टाविंशतितमे कलियुगे- एक मन्वंतर में 71 चतुर्युगी होती हैं, उनमें से 28वीं चतुर्युगी का कलियुग चल रहा है।

कलियुगे कलि प्रथमचरणे- कलियुग का प्रारंभिक समय है।

कलिसंवते या युगाब्दे- कलिसंवत या युगाब्द वर्तमान में 5104 चल रहा है।

जम्बु द्वीपे, ब्रह्मावर्त देशे, भरत खंडे- देश प्रदेश का नाम

अमुक स्थाने- कार्य का स्थान
अमुक संवत्सरे- संवत्सर का नाम
अमुक अयने- उत्तरायन/दक्षिणायन
अमुक ऋतौ- वसंत आदि छह ऋतु हैं
अमुक मासे- चैत्र आदि 12 मास हैं
अमुक पक्षे- पक्ष का नाम (शुक्ल या कृष्ण पक्ष)
अमुक तिथौ- तिथि का नाम
अमुक वासरे- दिन का नाम
अमुक समये- दिन में कौन सा समय

उपरोक्त में अमुक के स्थान पर क्रमश: नाम बोलने पड़ते हैं। जैसे अमुक स्थाने में जिस स्थान पर अनुष्ठान किया जा रहा है उसका नाम बोल जाता है। उदहारण के लिए मालव मण्डले (स्थाने), शरद ऋतौ आदि।

इस तरह अमुक व्यक्ति- अपना नाम, फिर पिता का नाम, गोत्र तथा किस उद्देश्य से कौनसा काम कर रहा है, यह बोलकर संकल्प करता है। इस प्रकार जिस समय संकल्प करता है, सृष्टि आरंभ से उस समय तक का स्मरण सहज व्यवहार में भारतीय पद्धति में इस व्यवस्था के द्वारा आया है।

# दोष नहीं है मांगलिक प्रभाव वाली कुंडली

भले ही कुछ लोग मांगलिक होने को लेकर बड़ा हव्वा बनाते हों लेकिन शास्त्रों के अनुसार मांगलिक होना कोई चिंता की वजह नहीं है। यदि आपके पुत्र या पुत्री की कुंडली मांगलिक है, तो घबराएं नहीं, शास्त्रों में मंगल दोष दूर करने के उपाय लिखित में उपलब्ध हैं। मांगलिक विचार का निर्णय बारीकी से किया जाना चाहिए क्योंकि शास्त्रों में मांगलिक दोष निवारण के तरीके उपलब्ध हैं। शास्त्र वचनों के जिस श्लोक के आधार पर जहां कोई कुंडली मांगलिक बनती है, वहीं उस श्लोक की परिहार (काट) के कई प्रमाण हैं। ज्योतिष और व्याकरण का सिद्धांत है कि पूर्ववर्ती कारिका से परवर्ती कारिका (बाद वाली) बलवान होती है। दोष के सम्बंध में परवर्ती कारिका ही परिहार है। इसलिए मांगलिक दोष का परिहार मिलता हो तो जरूर विवाह का फैसला किया जाना चाहिए। परिहार नहीं मिलने पर भी यदि मांगलिक कन्या का विवाह गैर मांगलिक वर से करना हो तो शास्त्रों में विवाह से पूर्व घट विवाह का प्रावधान है। मांगलिक प्रभाव वाली कुंडली से भयभीत होने की जरूरत नहीं है। यह दोष नहीं है बल्कि इसी मंगल के प्रभाव से जातक कर्मठ, प्रभावशाली, धैर्यवान तथा सम्मानीय बनता है।

### घट विवाह है प्रभावी उपाय

कन्या की कुंडली में मांगलिक दोष का परिहार नहीं हो रहा हो तो उपाय के रुप में कन्या का प्रथम विवाह/सात फेरे किसी घट (घड़े) या वृक्ष के साथ कराए जाने का विधान है। इस प्रकार के उपाय के पीछे तर्क यह है कि मंगली दोष का मारक प्रभाव उस घट या वृक्ष पर होता है, जिससे कन्या का प्रथम विवाह किया जाता है। वर दूसरा पति होने के कारण उस प्रभाव से सुरक्षित रह पाता है। घट विवाह शुभ विवाह मुहूर्त और शुभ लग्न में पुरोहित द्वारा सम्पन्न कराया जाना चाहिए। कन्या का पिता पूर्वाभिमुख बैठकर अपने दाहिने तरफ कन्या को बिठाएं। कन्या का पिता घट विवाह का संकल्प ले। नवग्रह, गौरी गणेशादि का पूजन, शांतिपाठ इत्यादि करे। घट की षोडषोपचार से पूजा करें। शाखोच्चार, हवन, सात फेरे और विवाह की अन्य रस्म निभाएं। बाद में कन्या घट को उठाकर हृदय से सटाकर भूमि पर छोड़ दे जिससे घट फूट जाए। इसके बाद देवताओं का विसर्जन करें और ब्राह्मण को दक्षिणा दें। बाद में चिरंजीवी वर से कन्या का विवाह करें।






# क्यों हो रहा है विवाह में विलंब

विवाह में विलंब होने के कई कारण होते हैं। उनमें से एक कारण कुंडली के ग्रहों को भी माना जाता है। कहते हैं कि जीवन में विवाह के योग बनते हैं परंतु जब वे किसी कारणवश टल जाते हैं तो फिर दूसरी बार योग बनने में समय लगता है। आओ जानते हैं कि विवाह के योग कब कब बनते हैं।

**विवाह के योग :** ज्योतिष मान्यता के अनुसार विवाह के योग उम्र के 27, 29, 31, 33, 35 व 37वें वर्ष में बनते कर दिया जाता था। लड़की की कुंडली में गुरु और पुरुष की कुंडली में शुक्र बनाता है विवाह के योग।

### कैसे होता है विवाह में विलंब

- कई बार व्यक्ति विवाह करने से यूं ही इनकार कर देता है कि अभी नहीं करना विवाह। कई बार अच्छे रिश्ते के चक्कर में योग भी को टाल दिया जाता है। ऐसे भी होता है कि करियर के चक्कर में भी वह विवाह नहीं करता है।
- ज्योतिष मानता है कि मांगलिक होना, पितृदोष होना या काल सर्पदोष होना भी विवाह में विलंब का एक कारण है।
- कहते हैं कि जब सूर्य, मंगल या बुध लग्न या लग्न के स्वामी पर दृष्टि डालते हों और गुरु 12वें भाव में बैठा हो तो भी विवाह में देरी होती है।
- प्रथम या चतुर्थ भाव में मंगल हो और सप्तम भाव में शनि हो तो व्यक्ति की विवाह के प्रति उदासीनता के भाव रहते हैं।
- प्रथम भाव, सप्तम भाव में और बारहवें भाव में गुरु या शुभ ग्रह योग कारक न हो और चंद्रमा कमजोर हो तो विवाह में बाधाएं आती हैं।
- सप्तम भाव में शनि और गुरु की युति तो शादी देर से होती है। कई बार यह भी देखा गया है कि दोनों में से कोई एक ग्रह हो तो भी विवाह में अड़चन आती है।
- सप्तम भाव में बुध और शुक्र की युति हो तो भी विवाह तय होने में काफी अड़चने आती रहती है, जिसके चलते विवाह में विलंब हो जाता है।
- चंद्र की राशि कर्क से गुरु सप्तम हो तो विवाह में बाधाएं आती हैं।
- सप्तम में त्रिक भाव का स्वामी हो, कोई शुभ ग्रह योगकारक नहीं हो तो विवाह में बाधाएं आती हैं या विवाह देर से होता है।
- यदि गुरु कमजोर या नीच का होकर बैठा हो, शत्रु भाव में या शत्रुओं के साथ बैठा हो तब भी विवाह में अड़चने आती हैं।

### जल्दी शादी करके के उपाय

- मंगल दोष है तो उसका उज्जैन के मंगलनाथ में उपाय करें। कुंभ विवाह करें।
- पितृदोष या कालसर्पदोष हैं तो उसका नासिक का त्र्यंबकेश्वर में जाकर उपाय करें।
- सप्तम भाव का दोष है तो उपके उपाय करना चाहिए।
- लड़कों को शुक्र के उपाय करना चाहिए और लड़कियों को गुरु के उपाय करना चाहिए।
- शनिवार को पीपल की पूजा करें।
- गुरुवार को केले के युगल जोड़ों की पूजा करें।
- ग्यारह शुक्रवार को माता पार्वती या दुर्गाजी के मंदिर में श्रीफल व चुनरी को अर्पित करें।
- पूर्णिमा के दिन वट वृक्ष की 108 परिक्रमा करें।
- गाय को घी की रोटी में गुड़ लपेटकर खिलाएं और हल्दी के पानी में आलू को उबालकर उसे ठंडा करके गाय को खिलाएं।
- गुरुवार और शुक्रवार को व्रत करें।
- अपने माथे पर केसर, हल्दी या चंदन का तिलक लगाएं।
- शुक्रवार के दिन दही स्नान करें, फिटकरी का कुल्ला करके सोएं।



# कई तरह की परेशानियों को दूर रखने में मदद करते हैं ये शुभ चिन्ह

**इस त्योहार यदि आपको अपने घर में खुशियों का आगमन चाहिए, तो आपको हमारे शास्त्रों में बताए गए कुछ शुभ चिन्हों की जानकारी जरूर होनी चाहिए। ये ऐसे चिन्ह हैं जिन्हें यदि आपने घर के मुख्य द्वार पर लगा लिया, तो आपके घर में खुशियों को आने से कोई नहीं रोक सकेगा।**

हमारे शास्त्रों में ऐसे कई चिन्हों का वर्णन किया गया है जिन्हें घर के मुख्य द्वार पर लगाने से सुख-समृद्धि बनी रहती है। यह चिन्ह घर आने वाली कई तरह की परेशानियों को दूर रखने में हमारी मदद करते हैं। आइए जानते हैं, ऐसे ही कुछ चिन्हों के बारे में, जिन्हें आपको अपने द्वार पर लगाना चाहिए।

### स्वस्तिक

मुख्य द्वार पर स्वस्तिक बनाने से हमारे आसपास से नकारात्मक ऊर्जा दूर हो जाती है।

### शुभ-लाभ

शास्त्रों के अनुसार, गणेशजी प्रथम पूज्य देवता हैं और शुभ व लाभ को उनका पुत्र माना गया है। इसीलिए शुभ-लाभ लिखना धनात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। स्वस्तिक के साथ जब सिन्दूर से शुभ-लाभ लिखा जाता है, तब घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है।

### श्रीगणेशजी

घर के मुख्य द्वार पर गणेशजी का चित्र लगाने से गणेशजी की कृपा बनी रहती है और धनधान्य की कमी नहीं होती।

### पंचमुखी हनुमान

यदि आपका मुख्य द्वार दक्षिण मुखी है, तो दरवाजे पर पंचमुखी हनुमानजी का चित्र लगाकर शुभता बढ़ाई जा सकती है।



# भारतीय टीम ने तीसरे टी20 में ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर सीरीज में 1-1 से बराबरी की

**होबार्ट (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम ने यहां तीसरे टी20 क्रिकेट मैच में मेजबान ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर सीरीज में 1-1 से बराबरी हासिल कर ली है। भारतीय टीम की जीत में वाशिंगटन सुंदर की नाबाद 49 रनों की पारी के अलावा तिलक वर्मा की 29 रनों की पारी की अहम भूमिका रही। इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम को जीत के लिए 187 रनों का लक्ष्य दिया था जिसे भारतीय टीम ने 18.3 ओवर में पांच विकेट पर 188 रन बनाकर हासिल कर लिया। भारतीय पारी का आकर्षण सुंदर की पारी रही। सुंदर ने 23 गेंद में चार छक्के और तीन चौके लगाये।

इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम के आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने तेज शुरुआत की पर वह अधिक देर नहीं टिक पाये। अभिषेक ने 16 गेंद में 2 चौके और 2 छक्के लगाकर 25 रन बाये। वह नाथन एलिस की गेंद पर आउट हुए। इसके बाद एलिस ने शुभमन गिल को भी पेवेलियन भेजे दिया। शुभमन 15 रन ही बना पाये। वहीं कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 24 रन बनाये। सूर्यकुमार के आउट होने के बाद अक्षर पटेल ने 17 रन बनाये और तिलक वर्मा के साथ पारी को आगे बढ़ाया। एलिस ने अक्षर को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा।

अक्षर पटेल के आउट होने के बाद तिलक ने सुंदर के साथ पांचवें विकेट के लिए 34 रनों की अहम साझेदारी कर टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचा दिया। इसके बाद तिलक 29 रन बनाकर जेवियर बार्टलेट की गेंद पर आउट को गये। इसके बाद . सुंदर ने जितेश शर्मा के साथ टीम को जीत दिलायी। जीतेश ने 22 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया की ओर से एलिस ने तीन विकेट लिए।

इससे पहले इस मैच में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर मेजबान टीम को बल्लेबाज के के लिए बुलाया था। मेजबान टीम की ओर से टिम डेविड ने 8 चौके और 5 छक्के लगाकर 38 गेंदों पर 74 रन बनाए। वहीं मार्कस स्टोइनिस ने 39 गेंदों पर 8 चौके और 2 छक्के लगाकर 64 रन बनाये। इस प्रकार मेजबानों ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 186 रन बनाये।

वहीं भारतीय टीम की ओर से भारत अर्शदीप सिंह ने 3 और वरुण चक्रवर्ती ने 2 विकेट जबकि एक विकेट शिवम दुबे ने लिया। वहीं इस मैच में इस मैच में भारतीय टीम ने तीन बदलाव करते हुए बांए हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह, ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर और विकेटकीपर बल्लेबाज




जितेश शर्मा को शामिल किया है जबकि हर्षित राणा, कुलदीप यादव और संजू सैमसन को बाहर कर दिया है। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अनुभवी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की जगह ऑलराउंडर सीन एबॉट को शामिल किया है। पांच मैचों की इस सीरीज का पहला मैच बारिश के कारण नहीं हो पाया था जबकि दूसरा ऑस्ट्रेलियाना ने चार विकेट से जीता था।

# रणजी ट्रॉफी में यशस्वी बल्ले से बरपा रहे कहर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल इन दिनों शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। हाल ही में वह टीम इंडिया के साथ ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गए थे, जहां उन्हें वनडे सीरीज के लिए टीम में शामिल किया गया था। हालांकि, दुर्भाग्यवश उन्हें एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला। लेकिन भारत लौटते ही यशस्वी ने रणजी ट्रॉफी में अपनी घरेलू टीम मुंबई के लिए जोरदार प्रदर्शन कर चयनकर्ताओं को एक बार फिर अपनी काबिलियत का अहसास कराया।

रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप डी के मुकाबले में राजस्थान के खिलाफ खेलते हुए यशस्वी ने 67 रनों की शानदार पारी खेली। इस पारी में उन्होंने 97 गेंदों का सामना किया और 8 चौके व 1 छक्का लगाया। शुरुआत में उन्होंने मुशीर खान के साथ मिलकर मुंबई के लिए पहले विकेट के लिए 100 रनों की साझेदारी की। मुशीर 97 गेंदों पर 32 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन यशस्वी ने अपनी लय बनाए रखी और टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। टेस्ट क्रिकेट में यशस्वी जायसवाल ने पहले ही खुद को टीम इंडिया के लिए एक भरोसेमंद ओपनर के रूप में स्थापित कर लिया है। इस साल उन्होंने इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए सबका ध्यान खींचा था। वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की तीन पारियों में उन्होंने 219 रन बनाए, जिसमें 175 रन की यादगार पारी शामिल थी। इसी तरह, इंग्लैंड के खिलाफ भी उन्होंने बेहतरीन बल्लेबाजी की थी और 10 पारियों में कुल 411 रन बनाए थे, जिसमें दो शतक और दो अर्धशतक शामिल थे। लाल गेंद क्रिकेट में यशस्वी की निरंतरता और आत्मविश्वास ने उन्हें भारत के टेस्ट बल्लेबाजी क्रम का अहम हिस्सा बना दिया है। अब रणजी ट्रॉफी में उनकी वापसी यह साफ दर्शाती है कि यह युवा बल्लेबाज न केवल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बल्कि घरेलू क्रिकेट में भी लगातार अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार है। यशस्वी का यह प्रदर्शन टीम इंडिया के लिए आने वाले समय में शुभ संकेत है, खासकर तब जब भारतीय क्रिकेट को युवा और भरोसेमंद सलामी बल्लेबाजों की जरूरत है।

# डेवाल्ड ब्रेविस ने रचा इतिहास, 2025 में एसा करने वाले पहले बल्लेबाज बने



**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में भले ही साउथ अफ्रीका को हार झेलनी पड़ी हो, लेकिन युवा बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस ने इतिहास रच दिया। 22 वर्षीय इस स्टार खिलाड़ी ने 2025 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 50 छक्के लगाने वाले पहले बल्लेबाज बनकर बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। गद्दाफी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान ने साउथ अफ्रीका को नौ विकेट से हराकर सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। पहले बल्लेबाजी करते हुए अफ्रीकी टीम महज 110 रन पर ढेर हो गई। पाकिस्तान की ओर से फहीम अशरफ ने 4 विकेट और सलमान मिर्जा ने 3 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करते हुए साइम अय्यूब ने मात्र 38 गेंदों पर नाबाद 71 रन की विस्फोटक पारी खेलते हुए पाकिस्तान को 13.1 ओवर में जीत दिला दी। इस जीत के साथ अब सीरीज का निर्णायक मुकाबला और भी रोमांचक हो गया है।

**अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के (2025)**

डेवाल्ड ब्रेविस (दक्षिण अफ्रीका) - 50
हैरी ब्रुक (इंग्लैंड) - 46
अभिषेक शर्मा (भारत) - 43
शाई होप (वेस्टइंडीज) - 42
तनजीद हसन (बांग्लादेश) - 41.

# टीम इंडिया में आने दरवाजा खटखटा रहा वैभव सूर्यवंशी : धूमल

**– आईपीएल से लेकर टेस्ट क्रिकेट तक मचाया धमाल**

**होबार्ट (एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। आईपीएल 2025 के बाद से वर्ल्ड क्रिकेट में चर्चा का केंद्र बने 14 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी अब भारतीय क्रिकेट का अगला बड़ा चेहरा माने जा रहे हैं। आईपीएल में अपने दमदार प्रदर्शन से पहचान बनाने वाले वैभव ने इसके बाद अंडर-19 स्तर पर भी लगातार शानदार प्रदर्शन किया है। लिमिटेड ओवर क्रिकेट के साथ-साथ टेस्ट प्रारूप में भी उन्होंने अपने खेल का ऐसा नमूना पेश किया है, जिससे क्रिकेट विशेषज्ञ और फैंस दोनों ही दंग हैं। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि वैभव कब भारतीय सीनियर टीम की नीली जर्सी में नजर आएंगे।

आईपीएल के चेयरमैन अरुण धूमल ने हाल ही में इस युवा बल्लेबाज की जमकर तारीफ की और कहा कि वैभव सूर्यवंशी टीम इंडिया के दरवाजे पर दस्तक दे रहे हैं। उन्होंने कहा, ÷हम वर्षों से भारतीय क्रिकेट की बेंच स्ट्रेंथ की बात करते रहे हैं, और आज हमारे पास इसका जीता-जागता उदाहरण है एक 14 साल का प्रतिभाशाली खिलाड़ी, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए तैयार है।÷

धूमल ने इस मौके पर रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि ये दोनों अब भी भारतीय क्रिकेट के स्तंभ हैं और उनके अनुभव से युवा खिलाड़ियों को प्रेरणा मिल रही है। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में रोहित शर्मा को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया था।



धूमल ने कहा, ÷रोहित और कोहली जैसे खिलाड़ी केवल रन नहीं बनाते, बल्कि उदाहरण पेश करते हैं। रोहित ने जिस तरह से इस सीरीज में अपनी क्लास दिखाई, वह बताता है कि उनमें अब भी वैसी ही भूख और जुनून है जैसी करियर की शुरुआत में थी। यही वजह है कि भारतीय क्रिकेट दुनिया में इतनी मजबूती से खड़ा है क्योंकि हमारे पास अनुभव और नई प्रतिभा, दोनों का सही संतुलन है।÷

वैभव सूर्यवंशी का नाम अब केवल भारत ही नहीं, बल्कि वैश्विक क्रिकेट जगत में गूंज रहा है। उनकी बल्लेबाजी में आक्रामकता के साथ परिपक्वता भी देखने को मिलती है। विशेषज्ञ मानते हैं कि अगर वह इसी लय में आगे बढ़ते रहे, तो आने वाले वर्षों में वह भारतीय क्रिकेट के सुपरस्टार बन सकते हैं। फिलहाल, फैंस बेसब्री से उस पल का इंतजार कर रहे हैं, जब यह 14 वर्षीय बल्लेबाज टीम इंडिया के लिए डेब्यू करते हुए मैदान पर उतरेगा।

# अर्शदीप ने सोशल मीडिया में रखी बात



मुम्बई । पिछले कुछ समय से शानदार प्रदर्शन के बाद भी पर्याप्त अवसर नहीं मिल पाने से निराश भारतीय टीम के बाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने सोशल मीडिया में अपनी बात रखी है । अर्शदीप ने लिखा है कि जैसे करोगे वैसा ही भरोगे । इस तेज गेंदबाज को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो टी20 मैचों के लिए टीम में जगह नहीं मिली थी । टीम प्रबंधन के इस रुख की प्रशंसकों और पूर्व क्रिकेटरों ने आलोचना की थी जिसके बाद तीसरे टी20 के लिए अर्शदीप को जगह मिली । अर्शदीप ने 65 टी20 अंतरराष्ट्रीयमें 101 विकेट हासिल किए हैं । इसके बाद भी पर्याप्त अवसर नहीं मिलने से नाराज अर्शदीप ने सोशल मीडिया में लिखा ।, 'जो भी बीज आप बोते हैं आपके कर्म, वही फल आप काटते हैं ।' इस पोस्ट से साफ है कि ये तेज गेंदबाज टीम प्रबंधन के रवैये से नाराज है ।

# एकदिवसीय के बाद टी20 में भी खामोश है शुभमन का बल्ला



मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के नये टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान शुभमन गिल को भविष्य में तीनों ही प्रारुपों में कप्तान बनाये जाने की अटकलें हैं । चयन समिति और कोच गौतम गंभीर भविष्य में शुभमन को ही टी20 कप्तान बनाना चाहते हैं । इसी कारण उनको टी20 की उपकप्तानी दी गयी है पर इंग्लैंड दौरे के बाद से ही जिस प्रकार से शुभमन का बल्ला सीमित ओवरों टेस्ट और टी20 में नहीं चल रहा । उससे गंभीर की चिन्ता जरुर बढ़ गयी होगी । शुभमन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के तीनों मैचों में रन नहीं बना पाये । टी20 सीरीज के भी पहले दो मैच में वह विफल रहे । एशिया कप में भी वह बड़ी पारी नहीं खेल पाये । कुल मिलाकर देखा जाये तो वह पिछली 12 पारियों मे एक भी अर्धशतक नहीं लगा पाये । ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टी20 सीरीज में खेले गए दो मैचों में उन्होंने 37 और 5 रन बनाए है । शुभमन ने टी20 में अंतिम बार अर्धशतक 13 जुलाई 2024 को जिम्बाब्वे के खिलाफ लगाया था । ऑस्ट्रेलिया दौरे पर एकदिवीसय सीरीज में भी शुभमन विफल रहे थे । तीन मैचों की सीरीज में शुभमन गिल रोहित शर्मा के साथ पारी की शुरुआत करते हुए सिर्फ 43 रन ही बना सके । उनका सबसे अधिक स्कोर 24 रन था ।

# रणजी ट्रॉफी में मोहम्मद शमी का जलवा, अगरतला में उमड़ा फैंस का सैलाब

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हाल के दिनों में भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर के बीच विवाद की खबरें सुर्खियों में रही थीं। शमी का कहना है कि वह पूरी तरह फिट हैं, फिर भी बिना किसी ठोस कारण के उन्हें टीम से बाहर रखा गया। वहीं, अगरकर ने उन्हें ड्रॉप करने के अपने अलग तर्क दिए थे। इस विवाद के बीच शमी ने अब मैदान पर अपने प्रदर्शन से जवाब देना शुरू कर दिया है। वह रणजी ट्रॉफी में बंगाल की ओर से खेलते हुए एक बार फिर शानदार गेंदबाजी के दम पर चर्चा में हैं।

त्रिपुरा के खिलाफ यह मुकाबला अगरतला के महाराजा बीर बिक्रम कॉलेज स्टेडियम में खेला जा रहा है। जैसे ही शहर में यह खबर फैली कि मोहम्मद शमी मैदान पर उतरने वाले हैं, बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी स्टेडियम की ओर उमड़ पड़े। आमतौर पर रणजी ट्रॉफी के घरेलू मैचों में दर्शकों की तादाद बहुत कम होती है, लेकिन इस मैच में माहौल बिल्कुल अलग था। अनुमान के मुताबिक, करीब दो से तीन हजार दर्शक स्टेडियम में मौजूद थे, जो केवल शमी की एक झलक पाने और उन्हें गेंदबाजी करते देखने पहुंचे थे।



फैंस स्टैंड्स से लगातार शमी के नाम के नारे लगाते रहे, जिससे माहौल रोमांचक बन गया। बारिश की वजह से पहले दिन का खेल केवल 60 ओवर तक ही हो पाया, जिसमें बंगाल की टीम ने एक विकेट खोकर 171 रन बनाए हैं। भले ही शमी को अभी बल्लेबाजी या गेंदबाजी का पूरा मौका नहीं मिला हो, लेकिन उनकी मौजूदगी ने मैच का आकर्षण कई गुना बढ़ा दिया है। शमी अब तक भारत के लिए 64 टेस्ट, 108 वनडे और 25 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। वर्ल्ड कप 2023 में उन्होंने अपनी घातक गेंदबाजी से भारत को फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी और टूर्नामेंट के सबसे सफल गेंदबाजों में शुमार रहे थे। रणजी ट्रॉफी में उनकी वापसी यह दिखाती है कि वह अब भी फिट और फॉर्म में हैं और शायद चयनकर्ताओं को अपने प्रदर्शन से जवाब देने के मूड में हैं।

# ऋषभ की दक्षिण अफीका ए के खिलाफ आक्रामक पारी, जमकर चौके, छक्के लगाये



नई दिल्ली । विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने दक्षिण अफीका ए के खिलाफ भारत ए की कप्तानी करते हुए दूसरी पारी में शानदार प्रदर्शन किया है । इंग्लैंड दौरे पर चोटिल होने के बाद से ही खेल में वापसी करने वाले ऋषभ पंत इस मैच की पाहली पारी में 17 रन ही बना पाये पर दूसरी पारी मे उन्होंने अपने ही आक्रामक अंदाज में बल्लेबाज करते हुए जमकर चौके और छक्के लगाये । ऋषभ इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए 90 रन बनाकर आउट हुए । इस दौरान उन्होंने 11 चौके और 4 छक्के लगाए । ऋषभ ने 113 गेंदों पर 90 रन बनाये । वह तियान वैन वुरेन की गेंद पर आउट हो गए । ऋषभ इंग्लैंड दौरे में पैर के अंगूठे में फैक्चर के बाद से ही टीम से बाहर थे । अब इस पारी से उनका इसी माह दक्षिण अफीका के खिलाफ होने वाले टेस्ट सीरीज के लिए मनोबल बढ़ा है ।

# न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए जैमीसन और सोढ़ी को शामिल किया



**क्राइस्टचर्च (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने वेस्टइडीज के खिलाफ 5 नवंबर से शुरू हो रही तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए 14 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। अनुभवी तेज गेंदबाज काइल जैमीसन और स्पिनर ईश सोढ़ी को टीम में शामिल किया गया है। इसके अलावा ऑलराउंडर नाथन स्मिथ को भी इस टीम में जबह मिली है।

भारत और श्रीलंका में अगले साल के शुरू में होने वाले टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए ये सीरीज दोनो ही टीमों के लिए काफी अहम रहेगी। वेस्टइंडीज की टीम जहां खराब दौर से गुजर रही है। वहीं कीव टीम का प्रदर्शन भी पिछले कुछ समय में खराब हुआ है। पूर्व कप्तान केन विलियमसन भी संन्यास लेने के कारण टी में नहीं होंगे जिसका भी उसे नुकसान होगा। बोर्ड ने कहा कि पांच खिलाड़ी फिन एलेन, लॉकी फर्ग्युसन, एडम मिल्ने, ग्लेन फिलिप्सऔर बेन सीयर्स अभी फिट नहीं है। इसलिए टीम से बाहर हैं। वहीं मैट हेनरी को ब्रेक दिया गया है। फिन के पैर में चोट लगी है जबकि फर्ग्युसन हैमस्ट्रिंग की चोट से परेशान हैं। इस खिलाड़ियों को विश्वकप से पहले फिट होने का भरोसा है।

**टीम इस प्रकार है-** मिचेल सैंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, जैक फॉल्क्स, काइल जैमीसन, डेरिल मिचेल, जिमी नीशम, रचिन रविंद्र, टिम रॉबिन्सन, टिम सीफर्ट (विकेट कीपर), नाथन स्मिथ और ईश सोढ़ी।

# इरफान पठान ने शुभमन गिल की फॉर्म पर उठाए सवाल, कहा– टीम पर बढ़ेगा यशस्वी को वापस लाने का दबाव

मुम्बई । पूर्व ऑलराउंडर राजेश बानिक का एक सड़क हादसे में निधन हो गया है । 40 साल के बानिक ने भारत की अंडर-19 टीम के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेला था । वह अपने सरल स्वभाव के लिए जाते थे । उनके निधन की खबर से भारतीय क्रिकेट जगत में शोक की लहर छा गई है । प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेश त्रिपुरा में अपने गृहनगर आनंदनगर में सड़क हादसे में गंभीर रुप से घायल हो गये थे । जिसके बाद उन्हें अगरतला के जीबीपी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी । बानिक ने घरेलू क्रिकेट में त्रिपुरा की ओर से कई अच्छी पारियां खेलीं हैं । इस क्रिकेटर ने साल 2002-03 के रणजी सत्र में त्रिपुरा की ओर से डेब्यू किया था । अपने करियर के दौरान उन्होंने 42 प्रथम श्रेणी मैच में 1469 रन बनाए और 6 अर्धशतक लगाये। त्रिपुरा क्रिकेट असोसिएशन के सचिव सुब्रत डे ने राजेश के निधन पर गहरा शोक जताते हुए कहा, 'यह बहुत बड़ी क्षति है । बानिक सिर्फ एक अच्छे खिलाड़ी ही नहीं, बल्कि एक शानदार इंसान भी थे । उन्होंने कई युवा खिलाड़ियों को पहचाना और आगे बढ़ने में मदद की । उनकी मौत हमारे लिए अपूरणीय क्षति है ।' खेल से संन्यास लेने के बाद बानिक ने क्रिकेट प्रशासन से भी भी जुड़े । उन्हें त्रिपुरा की अंडर-16 टीम का चयनकर्ता बनाया गया था। वे न सिर्फ एक अनुशासित खिलाड़ी थे बल्कि मैदान के बाहर भी एक मार्गदर्शक की तरह युवा खिलाड़िया की सहायता करते थे । इरफान पठान सहित कई पूर्व भारतीय खिलाड़ियों ने सोशल मीडिया पर बानिक को श्रद्धांजलि दी है ।



# विलियमसन ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया, फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलते रहेंगे

**–टेस्ट प्रारुप पर ध्यान देंगे**

**ऑकलैंड (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और अनुभवी बल्लेबाज केन विलियमसन ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। विलियमसन ने 2024 के बाद से ही टी20 क्रिकेट नहीं खेला है और इस प्रारुप में पिछले कुछ समय से उनका प्रदर्शन भी कुछ खास नहीं रहा है। विलियमसन अब अपना पूरा ध्यान टेस्ट क्रिकेट पर लगायेंगे और इसी को देखते हुए वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली आगामी एकदिवसीय सीरीज में भी नहीं खेलेंगे। वह हालांकि फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलते रहेंगे।।

इस पूर्व कप्तान ने कहा कि टी20 से सही संन्यास का सही समय है। उन्होंने कहा, मैं सभी से मिले समर्थन के साथ ही सहयोग के लिए भी आभारी हूं। खेल की यादें हमेश बनी रहेंगी। उन्होंने कहा कि आज देश में टी20 की काफी प्रतिभाएं हैं। उनके हटने से अब युवा खिलाड़ियों को अवसर मिलेगा जिससे टीम की टी20 विश्वकप की तैयारी बेहतर तरीके से हो सकेगी। उन्होंने कप्तान मिचेल सेंटनर की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह आगे बढ़कर नेतृत्व करते हैं। साथ ही कहा कि अब टीम को इस प्रारुप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने तैयार रहना चाहिये। इस पूर्व कप्तान ने कहा कि वह किसी न किसी रुप में खेल से जुड़े रहना चाहेंगे और इसके लिए बोर्ड के संपर्क में बने रहेंगे।

विलियमसन ने न्यूजीलैंड टीम की ओर से साल 2011 में टी20 डेब्यू किया था और कुछ ही समय में अंदर वह टीम के एक बड़े खिलाड़ी बनकर उभरे। उन्होंने अभी तक 93 टी20ढ्ढ मैचों में कुल 2575 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 18 अर्धशतक लगाये। उनका सबसे अधिक स्कोर 95 रन रहा।

विलियमसन ने टी20 प्रारुप में सफल कप्तान की है। उन्होंने अपनी बल्लेबाजी और कप्तानी से टीम को कई बार जीत दिलायी थी। उन्होंने न्यूजीलैंड की ओर से 75 टी20 मैचों में कप्तानी की है जिसमें टीम ने 39 मैचों टीम को जीत हासिल की जबकि 34 में उसे हार का सामना करना पड़ा। उनकी कप्तानी में टीम 2021, 2016 और 2022 टी20 विश्वकप के फाइनल में पहुंची थी।



## नैनीताल में टूरिस्टों से भरा टेम्पो ट्रैवलर खाई में गिरा... दो की मौत, 16 गंभीर रूप से घायल

नैनीताल (एजेंसी)। उत्तराखंड के नैनीताल में टूरिस्टों से भरा टेम्पो ट्रैवलर 50 फीट गहरी खाई में गिर गया, इससे दो लोगों की मौत हो गई और 16 गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, ड्राइवर सहित 18 टूरिस्टों का दल बाबा नीब करौरी के कैंची धाम में दर्शन के बाद दिल्ली लौट रहा था। टेम्पो ट्रैवलर में एक ही परिवार के लोग सवार थे। वाहन ज्योलीकोट के मटियाली बैंड के पास पहुंचा, तब अचानक ड्राइवर का नियंत्रण वाहन से हट गया। वाहन करीब 50 फीट गहरी खाई में जा गिरा। घायलों के मुताबिक, टेंपो ट्रैवल का ड्राइवर नशे में था और उस गाड़ी चलाने से रोका भी था। लेकिन वह नहीं माना और गाड़ी भगा दी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को तुरंत हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। अस्पताल पहुंचने पर गौरव बंसल (26) और सोनू कुमार (32), निवासी दिल्ली, को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अन्य 16 लोग, जिसमें कई महिलाएं व बच्चे शामिल हैं, घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती हैं। घायलों में अंशिका (21), सोनिया (32), सुशांत (8), दिशा (5), निकिता (20), श्वेता (25), पूर्वा (8 महीने), यशी (2), अजय (34), अनु, शिल्पी (28), हेमंत, श्रुति (28), वंश, विजय (30) निवासी बदरपुर, नई दिल्ली शामिल है।

## नाबालिग छात्रा ने स्कूल बस चालक से की शादी, फिर दोनों ने खाया जहर

गोरखपुर (एजेंसी)। जिले के गुलरिहा क्षेत्र में 11वीं कक्षा की एक नाबालिग छात्रा ने अपने स्कूल के बस चालक से मंदिर में शादी कर ली, जिसके बाद पकड़े जाने के डर से दोनों ने ही जहर खाकर आत्महत्या की कोशिश की। पुलिस के अनुसार, 23 वर्षीय चालक अभिषेक शर्मा उर्फ हैप्पी और छात्रा ने कीटनाशक खा लिया और अपनी कलाई काट ली थी। दोनों को गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां अभिषेक की हालत गंभीर बताई जा रही है जबकि लड़की खतरे से बाहर है। पुलिस ने बताया कि जहर खाने से पहले दोनों ने एक वीडियो रिकॉर्ड किया, जिसमें कहा कि हम साथ नहीं रह सकते लेकिन साथ मरने से कोई नहीं रोक सकता। वीडियो अभिषेक के रिश्तेदारों को भेजा गया था, जिन्होंने पुलिस को सूचना दी। गुलरिहा थाना प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने बताया कि अब तक किसी परिवार ने औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई है। पुलिस लड़की की उम्र का सत्यापन कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई इसी के बाद की जाएगी।

## बेंगलुरु में बेकाबू एंबुलेंस की चपेट में आने से दंपति की मौत, कई घायल

बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में गत रात एक तेज रफ्तार एंबुलेंस बेकाबू हो गई और उसने कई वाहनों को रौंद दिया, जिससे एक दंपति की मौके पर ही मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। हादसा रिचमंड सर्किल के पास शनिवार रात करीब 10 बजे हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, एंबुलेंस तेज रफ्तार में पीछे से आ रही थी और अचानक बेकाबू होकर तीन मोटरसाइकिलों को टक्कर मारते हुए पुलिस बूथ से जा टकराई। इसी दौरान एक स्कूटर पर सवार कपल इसकी चपेट में आ गया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान 40 वर्षीय इस्माइल और उनकी पत्नी सामीन बानो के रूप में हुई है। हादसे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें एंबुलेंस कई वाहनों को घसीटते हुए आगे बढ़ती दिखाई दे रही है। पलटने के बाद लोगों ने नीचे फंसी गाड़ियों को निकालने की कोशिश की। पुलिस ने बताया कि एंबुलेंस के बेकाबू होने के कारणों की जांच की जा रही है। प्राथमिक जांच में ब्रेक फेल या चालक द्वारा लापरवाही से वाहन चलाने की संभावना जताई गई है।

## एसआईआर के डर से एक और व्यक्ति की मौत का टीएमसी ने किया दावा

कोलकत्ता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल में चुनाव आयोग के मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) द्वारा इसका जोरदार विरोध किया जा रहा है। तृणमूल कांग्रेस ने दावा किया है कि पूर्वी बर्धमान जिले के जमालपुर के रहने वाले एक श्रमिक विमल संतरा की मौत इस डर से हुई कि 2002 की मतदाता सूची में नाम न होने के कारण उसे गैर–नागरिक घोषित कर दिया जाएगा। टीएमसी ने मजदूर की मौत के लिए भाजपा की डर और नफरत की राजनीति को जिम्मेदार ठहराया और पहले भी इसतरह के तीन अन्य आत्महत्याओं के लिए भाजपा पर निशाना साधा था। बात दें कि निर्वाचन आयोग 12 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों (जिसमें पश्चिम बंगाल भी शामिल है) में एसआईआर का दूसरा चरण 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक आयोजित करेगा। इसके बाद आयोग की ओर से मसौदा मतदाता सूची 9 दिसंबर को जारी होगी। वहीं अंतिम मतदाता सूची 7 फरवरी को प्रकाशित होगी। वहीं राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मतदाता सूची के एसआईआर के विरोध में मंगलवार को कोलकाता में विशाल मार्च का नेतृत्व करेंगी। इस रैली में उनके भतीजे और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी भी शामिल होने वाले है। मंगलवार को ये रैली बीआर आंबेडकर की प्रतिमा के पास से शुरू होकर जोरासांको में रवींद्रनाथ टैगोर के निवास के पास समाप्त होगा। टीएमसी ने एसआईआर को खामोशी से की जाने वाली धांधली बताया है और सभी पात्र मतदाताओं को शामिल करने के लिए सब कुछ झोंक देने का संकल्प लिया है।

## दिल्ली से कैंची धाम दर्शन कर लौट रहे पर्यटकों की ट्रेवलर 60 फिट गहरी खाई में गिरी 16 घायल

देहरादून (एजेंसी)। नैनीताल के निकट शनिवार देर रात एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ। दिल्ली से कैंची धाम दर्शन कर लौट रहा पर्यटकों से भरा टेम्पो ट्रैवलर ज्योलिकोट के दोगांव इलाके में मटियाली बैंड के पास अचानक अनियंत्रित होकर 60 फुट गहरी खाई में जा गिरा। हादसे में चालक सहित कुल 16 लोग घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस और स्थानीय लोगों की त्वरित मदद से सभी घायलों को सकुशल निकालकर हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार, दिल्ली के बदरपुर इलाके से पर्यटकों का यह दल शनिवार सुबह बाबा नीब करोरी के प्रसिद्ध कैंची धाम मंदिर दर्शन के लिए निकला था। दर्शन पूरा कर रात में दिल्ली लौटते समय यह हादसा हुआ। रात का अंधेरा और पहाड़ी रास्ते की चुनौतियां हादसे को और भयावह बना रही थीं।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पतंजलि विश्वविद्यालय हरिद्वार के द्वितीय दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक प्राप्त विद्यार्थियों को किया सम्मानित



हरिद्वार (एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पतंजलि विश्वविद्यालय हरिद्वार के द्वितीय दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक प्राप्त विद्यार्थियों को सम्मानित किया। रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम में कुल 1454 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गई। 62 शोधार्थियों को विद्या वारिधि और 3 शोधार्थियों को विद्या वाचस्पति की उपाधि प्रदान की गई, जबकि 615 विद्यार्थियों को परास्नातक और 774 विद्यार्थियों को स्नातक की उपाधि प्रदान की गई। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि.) ने राष्ट्रपति को राष्ट्रपति भवन की विविध वनस्पतियों पर आधारित दो पुस्तकें 'फ्लोरा ऑफ राष्ट्रपति भवन' एवं 'मेडिसिनल प्लांट्स ऑफ राष्ट्रपति भवन' की प्रतिलिपियाँ भी भेंट कीं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उपाधि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई एवं आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने पदक प्राप्त विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के जीवन-निर्माण में योगदान देने वाले अध्यापकों और अभिभावकों का भी विशेष अभिनंदन किया जाना चाहिए। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि इस वर्ष उपाधि प्राप्त विद्यार्थियों में 64 प्रतिशत बेटियाँ हैं तथा पदक प्राप्त करने वाली छात्राओं की संख्या छात्रों की तुलना में चार गुना अधिक है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विकसित भारत के उस स्वरूप का परिचायक है जिसमें महिलाएं नेतृत्व की भूमिका निभा रही हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय महर्षि पतंजलि की तप, साधना और ज्ञान परंपरा को आधुनिक समाज के लिए सुलभ बना रहा है। विश्वविद्यालय योग, आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में शिक्षा और अनुसंधान के माध्यम से स्वस्थ भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने विश्वविद्यालय की भारत-केन्द्रित शिक्षा-दृष्टि की सराहना करते हुए कहा कि इसमें विश्व बंधुत्व की भावना, वैदिक ज्ञान एवं आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण का समन्वय और वैश्विक चुनौतियों के समाधान जैसी विशेषताएँ निहित हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से वसुधैव कुटुंबकम की भावना पर आधारित जीवन-मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया।

राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान-प्राप्ति नहीं है, बल्कि सदाचार, तपस्या, सरलता और कर्तव्यनिष्ठा जैसे जीवन-मूल्यों को आत्मसात करना भी है। उन्होंने विद्यार्थियों को न केवल आत्म-विकास बल्कि राष्ट्र-निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। गंगा तट पर स्थित हरिद्वार की सांस्कृतिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि ये पवित्र स्थल ज्ञान और अध्यात्म का संगम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पतंजलि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी स्वाध्याय और तपस्या जैसे आदर्शों का पालन करते हुए स्वस्थ, संस्कारित और समरस समाज के निर्माण में योगदान देंगे। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि.) ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए उनके देवभूमि आगमन को गर्व का क्षण बताया। राज्यपाल ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड केवल एक राज्य नहीं, बल्कि योग, आयुर्वेद और अध्यात्म का प्राण-केंद्र है। इस पवित्र धरती से प्रचलित योग और आयुर्वेद की परंपरा ने न केवल भारत को, बल्कि समूचे विश्व को स्वास्थ्य, संतुलन और सद्भाव का संदेश दिया है। उत्तराखंड की यह ऋषि-परंपरा आज भी हमें यह प्रेरणा देती है कि ज्ञान का सर्वोच्च उद्देश्य केवल आत्म-विकास नहीं, बल्कि विश्व-कल्याण है। राज्यपाल ने उपाधि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और आशा व्यक्त की कि वे दीक्षांत समारोह के पश्चात आने वाली चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करेंगे। उन्होंने कहा कि आज उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अपने राष्ट्र, प्रदेश और समाज की उम्मीदों पर खरे उतरेंगे तथा अपनी शिक्षा, प्रतिभा एवं प्रशिक्षण का उपयोग मानव-कल्याण के लिए करेंगे। राज्यपाल ने कहा कि हमारे ऋषि-मुनियों ने जो ज्ञान अर्जित किया, वह केवल हमारे लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण ब्रह्मांड के कल्याण के लिए था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र संघ में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को स्वीकृति दिलाकर योग के विज्ञान पर किए गए हजारों वर्षों के कार्य को वैश्विक मंच प्रदान किया।

## सीएम ममता बनर्जी ने अभिनेता शाहरुख खान को दी 60वें जन्मदिन की बधाई

कोलकाता (एजेंसी)। किंग ऑफ रोमांस कहे जाने वाले फिल्म अभिनेता शाहरुख खान को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अपना भाई मानती हैं। उन्होंने उनके 60वें जन्मदिन पर बधाई देते हुए एक्स पर लिखा शाहरुख मेरे भाई जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं! आप अपनी अद्भुत प्रतिभा और करिश्मा से भारतीय सिनेमा को यूं ही समृद्ध करते रहें'। बॉलीवुड के बादशाह, किंग ऑफ रोमांस शाहरुख खान आज 2 नवंबर को अपना जन्मदिन मना रहे हैं। ग्लोबल स्टार शाहरुख के बर्थडे के मौके पर देश और दुनिया से उनके फैंस उन पर दिल खोलकर प्यार लुटा रहे हैं। आज सुबह से सोशल मीडिया पर शाहरुख खान को जन्मदिन की बधाई देने वालों का तांता लगा है। इस खास मौके पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी किंग ऑफ रोमांस को जन्मदिन की बधाई दी है। किंग खान आईपीएल में कोलकाता की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स के मालिक हैं जिसकी वजह से उनका पश्चिम बंगाल और कोलकाता आना-जाना लगा रहता है। कोलकाता टीम के मालिक के तौर पर शाहरुख राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ काफी अच्छी बॉन्डिंग शेयर करते हैं। वो एक्टर को अपना मुंह बोला भाई मानती हैं। ये पहला मौका नहीं है जब ममता ने शाहरुख के लिए कोई खास मेसेज शेयर किया है। कुछ समय पहले जब खबर आई थी कि शाहरुख खान अपनी फिल्म किंग की शूटिंग के दौरान घायल हो गए हैं और उन्हें डॉक्टर्स ने आराम करने की सलाह दी है। तो भी ममता बनर्जी ने एक्स पर पोस्ट किंग खान की सलामती की दुआ मांगी थी। अब अगर शाहरुख खान की बात करें तो आज अपना 60वां बर्थडे मना रहे एक्टर जल्द ही किंग में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में वो पहली बार अपनी बेटी सुहाना के साथ नजर आएंगे। किंग सुहाना की पहली फिल्म है जिससे वो सिल्वर स्क्रीन पर डेब्यू करने जा रही हैं।



## देश के अंदर तूफान मोन्था का असर खत्म... अब शुरु होगा कड़कड़ाती ठंड का दौर



नई दिल्ली (एजेंसी)। देश के अंदर तूफान मोन्था का प्रभाव करीब समाप्त हो गया है, और अब इसके मार्ग में आने वाले राज्यों में बारिश नहीं होगी। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, पहाड़ी और मैदानी इलाकों में अगले 3-4 दिन में तापमान गिरेगा, जिससे ठंड बढ़ेगी। इतना ही नहीं राजस्थान, मध्य प्रदेश, पंजाब और हिमाचल में अभी भी बारिश का दौर जारी रह सकता है। जहां 4 और 5 नवंबर को हिमाचल में बर्फबारी के आसार हैं। 3 नवंबर की रात से वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय होगा। वहीं अरब सागर में बना डिप्रेशन सिस्टम कमजोर हो गया है। 3 नवंबर से फिर बारिश का दौर शुरू होगा क्योंकि एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय होगा।

मौसम विभाग के मुताबिक 3-4 नवंबर को जयपुर, अजमेर, भरतपुर, कोटा, उदयपुर और जोधपुर संभाग के जिलों में मौसम बदलेगा। 3 नवंबर को 17 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

वहीं दिल्ली में प्रदूषण गंभीर राजधानी दिल्ली और एनसीआर में प्रदूषण गंभीर है। रविवार को एम्स और आसपास के इलाकों में एक्यूआई लेवल 420 तक पहुंच गया (जो 400 पार है)। दिल्ली सरकार ने बढ़ते प्रदूषण के कारण बीएस-3 और उससे पुराने मानक वाले सभी ट्रांसपोर्ट व कमर्शियल डीजल चालित वाहनों को दिल्ली में एंट्री पर बैन लगा दिया गया है। अब केवल बीएस-4 व बीएस-6 मानक के कमर्शियल मालवाहक, सीएनजी, एलएनजी और ईवी वाहनें ही प्रवेश कर सकते है। वहीं गुजरात के सौराष्ट्र में बेमौसम बारिश के कारण जूनागढ़ में 2 से 6 नवंबर तक प्रस्तावित गिरनार की लीली परिक्रमा रद्द कर दी गई है।

## लोकतंत्र बचाने सुप्रीम कोर्ट जाएगी डीएमके! स्टालिन ने 49 दलों संग एसआईआर को बताया मताधिकार पर हमला



चेन्नई (एजेंसी)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और डीएमके नेता एमके स्टालिन द्वारा रविवार को बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में तमिलनाडु सहित 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दूसरे चरण के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने का फैसला किया गया। एक पोस्ट साझा करते हुए, एमके स्टालिन ने इस प्रस्ताव की घोषणा की और आरोप लगाया कि एसआईआर प्रक्रिया के पीछे का उद्देश्य लोगों के मताधिकार को छीनना है। उन्होंने लिखा कि तमिलनाडु के लोगों के मताधिकार को छीनने और लोकतंत्र की हत्या करने के इरादे से जल्दबाजी में लागू किए जा रहे एसआईआर के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाना सभी दलों का कर्तव्य है।

एमके स्टालिन ने आगे कहा, 'मतदाता सूची संशोधन में भ्रम और शंकाओं के संबंध में - चूँकि हमारी माँग थी कि ये संशोधन 2026 के आम चुनावों के बाद पर्याप्त समय पर और बिना किसी समस्या के किए जाएँ, चुनाव आयोग द्वारा स्वीकार नहीं की गई है, इसलिए हमने आज की सर्वदलीय बैठक में सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने का प्रस्ताव पारित किया है।' स्टालिन ने बैठक में भाग लेने वाले 49 दलों को 'लोकतंत्र की रक्षा' के लिए धन्यवाद भी दिया। X पोस्ट में लिखा था कि मैं सर्वदलीय बैठक में भाग लेने वाले और अपनी भावनाएँ व्यक्त करने वाले 49 दलों के नेताओं का आभार व्यक्त करता हूँ। मैं उन लोगों से अनुरोध करता हूँ जिन्होंने इस बैठक में भाग नहीं लिया है कि वे अपनी पार्टियों में SIR पर चर्चा करें और लोकतंत्र की रक्षा के लिए पहल करें।

डीएमके नेता आरएस भारती ने एसआईआर को 'अप्रत्यक्ष रूप से' राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) लागू करने की कवायद बताया। उन्होंने कहा, 'हम इसका विरोध इसलिए कर रहे हैं क्योंकि इसे किसी छिपे हुए इरादे से लागू किया जा रहा है। यह एसआईआर नहीं है। यह अप्रत्यक्ष रूप से एनआरसी में शामिल होने जैसा है। हम सुप्रीम कोर्ट जा रहे हैं।' बैठक में शामिल न होने वाले दलों पर निशाना साधते हुए भारती ने उन्हें 'भाजपा का गठबंधन' बताया। उन्होंने कहा, 'हमें उनकी परवाह नहीं है। वे सभी भाजपा गठबंधन में हैं। इसलिए वे नहीं आए।'

डीएमके प्रवक्ता टीकेएस एलंगोवन ने कहा, 'अदालत को अपना अंतिम आदेश जारी करने दीजिए। उसके बाद, वे एसआईआर पर आगे बढ़ सकते हैं। हम यही चाहते थे, और यही प्रस्ताव है। प्रस्ताव का उद्देश्य यह है कि चुनाव आयुक्त एसआईआर में अपनी मनमानी न करें...'

## ट्यूनीशिया में फंसे झारखंड के 48 मजदूर, न वेतन दे रहे न भोजन, बस काम करा रहे

रांची (एजेंसी)। कई मजदूरों ने वीडियो संदेशों में कहा है कि उन्हें पिछले तीन से छह महीने से कोई वेतन नहीं मिला, जिसके कारण वे भूखे हैं और परिवार से संपर्क करने के लिए भी पैसे नहीं बचे हैं। एक मजदूर ने वीडियो में कहा, 'हम लोग भूखे हैं, बहुत परेशान हैं, किसी तरह भारत लौटना चाहते हैं।' ये झारखंड के 48 प्रवासी मजदूर ट्यूनीशिया में फंसे हुए हैं और गंभीर मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। मजदूरों का आरोप है कि उन्हें दिल्ली की एक निजी भर्ती कंपनी ने धोखे से विदेश भेजा और वहां बिना वेतन और भोजन के 12–12 घंटे काम करने को मजबूर किया जा रहा है।

फंसे हुए मजदूरों में ज्यादातर हजारीबाग, गिरिडीह और बोकारो जिलों के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें जाने से पहले सही कॉन्ट्रैक्ट और तय मजदूरी का वादा किया गया था, लेकिन ट्यूनीशिया पहुंचने के बाद न तो कॉन्ट्रैक्ट मिला और न वेतन। रिपोर्ट्स के मुताबिक मजदूरों ने जिस कंपनी पर आरोप लगाया है, उसका नाम प्रेम पावर कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड बताया गया है। मजदूरों के अनुसार, कंपनी ने उन्हें हाई वोल्टेज पावर लाइन प्रोजेक्ट के लिए भर्ती किया था और बाद में शर्तें बदल दीं। उन्हें धमकी दी जा रही है कि अगर वे विरोध करेंगे या वापस लौटना चाहेंगे तो जेल भेज दिया जाएगा।

## लाइसेंस नहीं होने के बावजूद एयर इंडिया के 2 पायलट्स ने उड़ाया विमान

नई दिल्ली (एजेंसी)। एयर इंडिया में पायलटों की शेड्यूलिंग और रोस्टरिंग प्रणाली में गंभीर अनियमितताएं अब भी जारी हैं, जिस पर नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने पांच महीने पहले कड़ी फटकार लगाई थी। ताजा घटनाओं में, एक को-पायलट और एक सीनियर कैप्टन को फ्लाइंग ड्यूटी से तत्काल हटा दिया गया है। कारण यह पता चला कि दोनों ने पिछले महीने बिना वैध योग्यता के एक-एक उड़ान संचालित की थी। डीजीसीए इन मामलों की गहन जांच कर रहा है और एयरलाइन से विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है।

पहले मामले में, एयरबस ए320 के को-पायलट ने अपना नवीनतम इंस्ट्रूमेंट रेटिंग आधारित बाय-एनुअल पायलट प्रोफिशिएंसी चेक (आई-पीपीसी) क्लियर नहीं किया था। नियमों के अनुसार, असफलता के बाद पायलट को अनिवार्य सुधारात्मक प्रशिक्षण (करेक्टिव ट्रेनिंग) पूरा करना पड़ता है, तभी रोस्टर पर वापसी संभव है। लेकिन इस को-पायलट ने बिना प्रशिक्षण के उड़ान भर ली, जो सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने बयान दिया, फर्स्ट ऑफिसर का ट्रेनिंग चेक में असंतोषजनक प्रदर्शन पकड़ा गया। जैसे ही यह त्रुटि सामने आई, क्रू शेड्यूलर और पायलट को ऑफ-रोस्टर कर दिया गया। कानूनी कार्रवाई शुरू हो गई है और डीजीसीए को सूचित कर दिया गया है। यह घटना एयरलाइन की निगरानी प्रणाली पर सवाल उठाती है।

दूसरे मामले में, सीनियर कमांडर ने इंग्लिश लैंग्वेज प्रोफिशिएंसी (ईएलपी) लाइसेंस की वैधता समाप्त होने के बावजूद ए320 उड़ान का पायलट-इन-कमांड रहते हुए संचालन किया। ईएलपी पायलटों के लिए बुनियादी आवश्यकता है, जो अंतरराष्ट्रीय संचार सुनिश्चित करता है। एयरलाइन ने स्वीकार किया, सीनियर पायलट का एक्सपायर्ड ईएलपी के साथ उड़ान भरने का मामला सामने आया। तुरंत ऑफ-रोस्टर किया गया और जांच जारी है। डीजीसीए को रिपोर्ट सौंपी गई है।

### सीनियर पायलटों की चिंता

सीनियर पायलटों का मानना है कि ये खामियां एयर इंडिया की ओवरसाइट में गंभीर कमी दर्शाती हैं, जहां केवल योग्य क्रू ही रोस्टर पर आने चाहिए। ऐसी त्रुटियां न केवल यात्री सुरक्षा को जोखिम में डालती हैं, बल्कि एयरलाइन की विश्वसनीयता पर भी असर डालती हैं। डीजीसीए की जांच से शेड्यूलिंग सिस्टम में सुधार की उम्मीद है, लेकिन पांच महीने बाद भी समस्या बने रहना चिंताजनक है। एयर इंडिया को अपनी प्रक्रियाओं को मजबूत करना होगा ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

## भारत की ओर से अफगानिस्तान को मानवीय सहायता



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत ने अफगानिस्तान को 16 टन से ज़्यादा दवाइयाँ और डायग्नोस्टिक किट भेजी हैं। ये दवाइयाँ और किट मुख्य रूप से वेक्टर जनित बीमारियों जैसे मलेरिया, डेंगू और लीशमैनियासिस से निपटने में मदद करेंगी। इन आपूर्तियों का उद्देश्य अफगानिस्तान के राष्ट्रीय मलेरिया और अन्य वेक्टर जनित रोग निवारण कार्यक्रम को सहायता देना और देश की रोग से लड़ने की क्षमता को बढ़ाना है। तालिबान प्रवक्ता शराफत जमान ने इस सहायता की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह मदद अफगानिस्तान में स्वास्थ्य क्षेत्र को समर्थन देने और द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने की भारत की निरंतर प्रतिबद्धता का हिस्सा है। उन्होंने भारत सरकार की समय पर और बहुमूल्य सहायता के लिए आभार व्यक्त किया, और इसे जन स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा, ये दवाइयां और डायग्नोस्टिक किट सीधे तौर पर अफगानिस्तान के राष्ट्रीय मलेरिया और अन्य वेक्टर जनित रोग निवारण कार्यक्रम को सहायता प्रदान करेंगी। इन आपूर्तियों का उद्देश्य मलेरिया, डेंगू और लीशमैनियासिस जैसी बीमारियों से निपटने के लिए देश की क्षमता को बढ़ाना है, जो अफगानिस्तान के कई क्षेत्रों में गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियां बनी हुई हैं।

### द्विपक्षीय संबंध और हालिया मुलाकात

यह मेडिकल सहायता अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मावलवी अमीर खान मुत्ताकी के अक्टूबर में भारत दौरे के बाद प्रदान की गई है। 10 अक्टूबर को, मुत्ताकी ने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की। दोनों ने अफगानिस्तान के विकास, द्विपक्षीय व्यापार, क्षेत्रीय अखंडता, लोगों के बीच संबंधों और क्षमता निर्माण के लिए भारत के समर्थन सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरे के दौरान, विदेश मंत्री जयशंकर ने अफगानिस्तान को पाँच एम्बुलेंस सौंपने की भी घोषणा की थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यह भी बताया था कि भारत ने भूकंप प्रभावित लोगों के लिए अफगानिस्तान को अतिरिक्त खाद्य सामग्री भी पहुंचाई है।

# दिल्ली की जहरीली हवा ने ले ली 100 में से 15 लोगों की जान

**–रिपोर्ट से हुआ खुलासा, जल्द सुधार नहीं हुआ तो बढ़ सकता है मौतों का आंकड़ा**



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में मौत को लेकर हुए चौंकाने खुलासे ने सभी को हिलाकर रख दिया है। 2023 में शहर में हुई हर सातवीं मौत करीब 15फीसदी वायु प्रदूषण से जुड़ी थी। इसमें पीएम2.5 जैसे कणों ने 17,188 लोगों की जान ली। 2023 की एक रिपोर्ट खुलासा हुआ है कि सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर ने इसे जारी किया है। वहीं एक एनालिस्ट ने कहा कि दिल्ली में पीएम प्रदूषण से 9.4फीसदी डिसेबिलिटी एडजस्टेड लाइफ इयर्स प्रभावित हुए, जो देश में सबसे ज्यादा हैं। इससे 4.9 लाख स्वस्थ लोगों का जीवन प्रभावित हुआ है। यह आंकड़ा 2018 के 15,786 मौतों से बढ़कर 17,188 हो गया है। दिल्ली में सबसे ज्यादा मौतों का कारण प्रदूषित हवा है। अन्य प्रमुख जोखिम कारकों में हाई सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर है, जिससे 14,874 मौतें यानी 12.5फीसदी होती है। हाई फास्टिंग प्लाज्मा ग्लूकोज यानी डायबिटीज से 10,653 यानी 9फीसदी मौतें हो रही हैं। वहीं, हाई कोलेस्ट्रॉल से 7267 यानी 6फीसदी मौतें और हाई बॉडी मास इंडेक्स से 6,698 यानी 5.6फीसदी मौतें हो रही हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक प्रदूषण से हार्ट की बीमारी, स्ट्रोक, फेफड़ों के कैंसर, क्रॉनिक ऑब्स्ट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज और सांस लेने के अंगो के नीचले भाग में संक्रमण लगातार बढ़ रही हैं। मनोज कुमार ने चेतावनी दी कि, 'यह सिर्फ पर्यावरण मुद्दा नहीं, सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट है। प्रदूषण कम न होने पर श्वसन रोग, हृदय रोग और कैंसर से मौतें और बढ़ेंगी।' रिपोर्ट में कहा गया कि प्रभावी प्रदूषण नियंत्रण से लाखों लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है।

एम्स के एडिशनल प्रोफेसर डॉ. हर्षल रमेश सल्वे ने कहा कि प्रदूषण से अतिरिक्त मौतें हो रही हैं, लेकिन संख्या पर बहस हो सकती है। ये अनुमान गणितीय मॉडल पर आधारित हैं। भारतीय आबादी के लिए एक्सपोजर रिस्पॉन्स फंक्शन परफेक्ट नहीं है। फिर भी बढ़ती मौतें मल्टी-सेक्टरल एक्शन की मांग करती हैं। इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. निखिल मोदी ने 15 फीसदी आंकड़े को विश्वसनीय बताया है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण लंबे समय तक बीमारियों को बिगाड़ता है, जो मौत का कारण बनती हैं। हाल के वर्षों में यह बढ़ा है और जल्द सुधार न हुआ तो और मौतें हो सकती हैं।

पुल्मोनोलॉजिस्ट ने स्पष्ट किया कि 15 फीसदी का मतलब तत्काल मौत नहीं, बल्कि क्रॉनिक स्ट्रेसर है जो पीएम2.5 से सूजन, ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और फेफड़े-हृदय की क्षति पहुंचाता है। ये अनुमान एपिडेमियोलॉजिकल मॉडल से आते हैं, जो दिल्ली के हाई पॉल्यूशन को देखते हुए सही लगते हैं। हालांकि यह सच है कि मौत की सटीक संख्याएं तय करना जटिल है क्योंकि मृत्यु प्रमाण-पत्रों पर मौतों को 'प्रदूषण के कारण' दर्ज नहीं किया जाता है। ये अनुमान जनसंख्या जोखिम डेटा, रोग की वजह और मृत्यु दर के रुझानों का उपयोग करके मज़बूत विज्ञान मॉडल से हासिल किए गए हैं।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 7903538992, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902